CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 10°C

मेरठ, मंगलवार 10 फरवरी 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 251 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 21 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तर प्रदेश अब 'बीमारू' नहीं, आर्थिक रूप से सशक्त राज्यः योगी पेज 2



पाकिस्तान-भारत वर्ल्ड कप मैच पर आखिरी फैसला शहबाज शरीफ लेंगे खेल टाइम्स



और अधिक गर्म होती धरती, लंबे होते पक्षियों के पैर सम्पादकीय




एपस्टीन फाइल्सः10 देशों में इस्तीफे, 80 ताकतवर लोगों की जांच पेज 12

# विपक्ष की नारेबाजी से काफी आहत दिखीं उप्र की राज्यपाल

**कहा: आप लोगों का यही हाल रहा तो शून्य तक पहुंच जाएंगे, आनंदीबेन ने अभिभाषण में गिनाईं सरकार की उपलब्धियां**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र राज्य विधानमंडल में बजट सत्र के मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपने अभिभाषण में प्रदेश की विकास यात्रा, सुशासन और उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान वह विपक्ष की नारेबाजी से काफी आहत दिखीं।

उन्होंने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि आप लोगों का यही हाल रहा, तो शून्य तक पहुंच जाएंगे। अपने भाषण के दौरान कहा कि 'विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश /2047' विजन डॉक्यूमेंट को साकार करने के लिए सदन में अत्यंत उपयोगी चर्चा हुई है। मार्च 2017 के बाद प्रदेश ने कानून-व्यवस्था, आधारभूत ढांचा, निवेश, रोजगार सृजन और जनकल्याण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। राज्यपाल ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 18 राज्य विश्वविद्यालयों ने नैक में उत्कृष्ट श्रेणी प्राप्त की है। वर्ष 2017 में जहां नैक ए प्लस प्लस श्रेणी का कोई भी विश्वविद्यालय नहीं था, वहीं 2025 तक यह संख्या बढ़कर 9 हो गई है। इनमें 4 विश्वविद्यालय नैक 'ए प्लस' और 5 विश्वविद्यालय 'ए' श्रेणी में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि केवल एक वर्ष में नैक प्रत्यायित संस्थानों की संख्या 95 से बढ़कर 161 हो गई है। इसके साथ ही क्यूएस एशिया -शेष पृष्ठ दो पर



## सदन में पेश हुई पहली आर्थिक समीक्षा, प्रदेश में बढ़ी है प्रति व्यक्ति आय

**लखनऊ।** उप्र विधानमंडल का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो गया। सत्र के पहले दिन की शुरुआत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण से हुई। इसके उपरांत विधानसभा में आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश की गई। इसके बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बजट सत्र में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। इसमें उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में स्थान अब करीब नौ प्रतिशत से ज्यादा हो गया, जो कि 2016-17 में लगभग आठ प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष में उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 1.20 लाख रुपये प्रति व्यक्ति होने की संभावना है। इससे पहले बजट सत्र के आरंभ से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकार का एजेंडा सामने रखा। सरकार प्रदेश के विकास, सुशासन और जनकल्याण के मुद्दों को प्राथमिकता के साथ सदन में रखेगी। मुख्यमंत्री ने विपक्ष से रचनात्मक सहयोग की अपील भी की। वहीं सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही पूरी तैयारी के साथ सत्र में पहुंचे। यह बजट सत्र 9 फरवरी से 20 फरवरी तक चलेगा।

## नरवणे की अप्रकाशित किताब सोशल मीडिया पर प्रसारित होने पर FIR

■ **दिल्ली पुलिस ने जांच शुरू की**

**नई दिल्ली।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की आगामी किताब फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी के कथित रूप से सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, इस पुस्तक को अभी संबंधित प्राधिकरणों से प्रकाशन की आवश्यक अनुमति नहीं मिली है।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि विभिन्न ऑनलाइन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और न्यूज फोरम पर ऐसी जानकारी सामने आई थी कि किताब की प्री-प्रिंट कॉपी इंटरनेट पर साझा की जा रही हैं। इन दावों के संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। शुरुआती जांच में पाया गया कि फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी शीर्षक से टाइपसेट की गई एक पीडीएफ कॉपी कुछ वेबसाइट्स पर उपलब्ध है। यह कॉपी कथित रूप से पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तैयार की गई प्रतीत होती है। इसके अलावा कुछ ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म पर पुस्तक का फाइनल कवर भी इस तरह प्रदर्शित किया गया है, मानो वह बिक्री के लिए उपलब्ध हो।

# एसआईआर में कोई रुकावट नहीं आने देंगे: सुप्रीम कोर्ट

## बंगाल में फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने की डेडलाइन एक हफ्ता बढ़ाई

**डीजीपी से मांगा हलफनामा**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करा रहा है। मतदाता सूची से जुड़ा यह विवाद सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। कोर्ट ने सोमवार को इस मामले में अहम दिशा-निर्देश दिए।

चीफ जस्टिस ने एसआईआर की समयसीमा बढ़ाने का भी निर्देश दिया। सीजेआई सूर्यकांत की पीठ ने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की डेडलाइन एक सप्ताह और बढ़ाई जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को पश्चिम बंगाल एसआईआर प्रक्रिया के बाद फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने के लिए और समय दिया जा रहा है। किसी को भी पश्चिम बंगाल में जारी एसआईआर में रुकावट डालने की इजाजत नहीं दी जाएगी। एसआईआर की डेडलाइन 14 फरवरी से एक हफ्ते आगे बढ़ाई जा रही है। माइक्रो ऑब्जर्वर या राज्य सरकार के -शेष पृष्ठ दो पर

### सेंगर की याचिका पर 'प्राथमिकता के आधार पर' सुनवाई करे दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा कि उन्नाव में हिरासत में मौत के मामले में उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की याचिका पर सुनवाई प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र की जाए और इस अपील का निस्तारण अधिमानत तीन माह के भीतर किया जाए। शीर्ष अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि सेंगर की अपील के साथ ही पीड़ित पक्ष द्वारा सजा बढ़ाने के लिए दायर अपील तथा सह-आरोपियों की अपीलों की संयुक्त रूप से सुनवाई की जाए। पीठ सेंगर की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय के 19 जनवरी के आदेश को चुनौती दी गई थी।



### हिमाचल हाईकोर्ट के फैसले पर लगाई रोक, सरकारी कार्यालय बदलने को सरकार आजाद

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें राज्य सरकार के हिमाचल प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग का मुख्यालय शिमला से कांगड़ा जिले के धर्मशाला स्थानांतरित करने के प्रस्ताव पर रोक लगाई गई थी। न्यायालय ने कहा कि किसी संस्था के मुख्यालय का स्थानांतरण नीति से जुड़ा विषय है और इसमें न्यायिक हस्तक्षेप की गुंजाइश अत्यंत सीमित होती है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या यह स्पष्ट है कि किसी संस्था के मुख्यालय को स्थानांतरित करना एक नीतिगत निर्णय है।

# असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर कानूनी वार

■ **सुप्रीम कोर्ट पहुंचा शूटिंग वीडियो मामला**
■ **पूर्व एलजी समेत 12 लोगों ने दाखिल की याचिका**

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** एक समूह ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और अन्य संवैधानिक पदाधिकारियों द्वारा दिए जा रहे भाषणों को संविधान के अनुरूप नहीं और अपमानजनक बताया गया है। याचिकाकर्ताओं ने इस मामले में अनुच्छेद 32 के तहत कोर्ट से दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है।

याचिका में उल्लेख किया गया है कि सीएम सरमा ने हाल ही में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ टिप्पणियां कीं। इसके अलावा, उन्होंने कुछ समुदाय के नागरिकों को सब्जियों की कीमत बढ़ाने, लव जिहाद और फ्लड जिहाद जैसी घटनाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया और यहां तक कहा कि चुनावी मतदाता सूची से 4-5 लाख लोगों को हटाना चाहते हैं। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि केवल असम ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों के उच्च पदाधिकारियों द्वारा दिए गए भाषण भी संवैधानिक नैतिकता के खिलाफ हैं। उदाहरण के तौर पर, उत्तराखंड सीएम लैंड जिहाद और लव जिहाद की बातें करते हैं, जबकि उत्तर प्रदेश सीएम उर्दू भाषा समर्थकों के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मुसलमानों को घुसपैठियों और विदेशी समर्थकों के रूप में प्रस्तुत करते हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि भले ही ये भाषण सीधे तौर पर हेट स्पीच कानून के दायरे में न आते हों, लेकिन इनका मकसद संवैधानिक नैतिकता को कमजोर करने वाला है। उन्होंने कोर्ट से अनुरोध किया है कि उच्च संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के सार्वजनिक भाषणों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश बनाए जाएं। याचिकाकर्ताओं ने जोर देकर कहा कि सार्वजनिक पदधारक साधारण वक्ता नहीं होते। उनके शब्द राज्य का प्रभाव रखते हैं, प्रशासनिक कार्रवाई को प्रभावित करते हैं और संवेदनशील समुदायों पर हानिकारक असर डाल सकते हैं। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के नवतेज सिंह जोहर बनाम भारत संघ (2018), जोसेफ शाइन बनाम भारत संघ (2019) और गवर्नमेंट ऑफ एनसीटी ऑफ दिल्ली बनाम भारत संघ (2018) के फैसलों का हवाला दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि संवैधानिक नैतिकता लोकप्रिय भावना पर हावी होनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर के लितान में हिंसा भड़की, 25 घर फूंके

**इंफाल।** मणिपुर के उखरुल जिले के व्यावसायिक कस्बे लितान में तनाव बना हुआ है। हालांकि भारी सुरक्षा तैनाती के बीच फिलहाल माहौल शांत है। पुलिस के अनुसार, तांगखुल नागा और कुकी समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़पों के बाद लितान और उससे सटे मंगकोट गांव में बड़े पैमाने पर लोगों का पलायन जारी है। रविवार देर रात करीब 11:30 बजे लितान बाजार में हिंसा भड़क गई थी। इस दौरान उपद्रवियों ने स्वचालित हथियारों और राइफलों से गोलीबारी भी की, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। हिंसा में 25 घर और चार सरकारी क्वार्टर जलकर खाक हो गए हैं। हिंसा की शुरुआत 7 फरवरी की शाम लितान सरेइखोंग में हुए एक शराब के नशे में झगड़े से हुई, जिसमें तांगखुल नगा समुदाय के स्टर्लिंग नामक व्यक्ति के साथ कथित रूप से मारपीट हुई थी। बाद में उसे इलाज के लिए इंफाल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। उखरुल के जिला मजिस्ट्रेट ने लितान में कर्फ्यू लगा दिया है।

### उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में पारा माइनस 24 डिग्री

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में सोमवार को 5 जिलों में बारिश-बर्फबारी का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में हल्की बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। वहीं, पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी में न्यूनतम तापमान माइनस 24 डिग्री सेल्सियस रहा। राजस्थान के 10 से ज्यादा शहरों में टेंपरेचर 10 डिग्री सेल्सियस डिग्री से कम रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा सर्दी फतेहपुर और पाली में रही।

### इसरो ने चंद्रयान-4 के लिए लैंडिंग साइट तलाशी

**बेंगलुरु।** इसरो ने चंद्रयान-4 मिशन के लिए चंद्रमा के साउथ पोल के पास एक लैंडिंग साइट तलाश ली है। चंद्रयान-2 ऑर्बिटर से मिली तस्वीरों के आधार पर वैज्ञानिकों ने मान्स माउटन (एमएम-4) क्षेत्र को लैंडिंग के लिए सबसे सही बताया है। मान्स माउटन, चंद्रमा के साउथ पोल के पास स्थित करीब 6,000 मीटर ऊंचा पहाड़ है। इसकी चोटी काफी हद तक सपाट है, जो लैंडिंग के लिए अनुकूल है।

## न्यायालय परिसर के भीतर हिंसा की घटनाएं गुंडा राज: शीर्ष कोर्ट

■ **कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा: यह स्पष्ट रूप से विधि के शासन की विफलता है**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अदालत परिसर के भीतर हिंसा की घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए इसे 'गुंडा राज' करार देते हुए कहा कि यह स्पष्ट रूप से विधि के शासन की विफलता है।

न्यायालय दिल्ली के तीस हजारी अदालत परिसर के भीतर एक अधिवक्ता पर हुए कथित हमले के संबंध में एक 'उल्लेख' पर सुनवाई कर रहा था। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ को एक ऐसी घटना से अवगत कराया गया, जो कथित तौर पर सात फरवरी को तीस हजारी कोर्ट में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश हरजीत सिंह पाल की अदालत के सामने हुई थी।

### खालिस्तानी धमकियों भरे ईमेल से संसद और दिल्ली के स्कूलों में सुरक्षा अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी समर्थकों ने दिल्ली में संसद भवन को उड़ाने की धमकी दी है, जिसके बाद संसद परिसर के आसपास सुरक्षा बहुत बढ़ा दी गई है। सोमवार को दिल्ली के कई स्कूलों को धमकी भरे ईमेल भी भेजे गए, जिनमें बम विस्फोटों की चेतावनी दी गई थी और हिंदुस्तान बनेगा खालिस्तान के नारे लिखे हुए थे। ये ईमेल ज़ैकरी जेनकिस नाम के व्यक्ति ने भेजे थे।

## लोकसभा की कार्यवाही केवल 13 मिनट ही चल पाई

■ **राहुल बोले: स्पीकर ने कमिट किया, क्या आप बोलने देंगे, रिजिजू बोले: कोई कमिटमेंट नहीं**
■ **लोस की कार्यवाही स्थगित, विपक्ष स्पीकर बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है**

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के 9 वें दिन लोकसभा की कार्यवाही केवल 13 मिनट ही चल पाई। विपक्ष सदन में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने देने की मांग कर रहा है।

राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा कि एक घंटा पहले स्पीकर के पास हम गए, स्पीकर ने हमें कमिट किया कि मुझे बजट डिस्कशन से पहले बोलने दिए जाएगा, आप मुझे बोलने नहीं दे रही हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आप मुझे बोलने देंगी या नहीं। 3 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तो आसंदी (स्पीकर की चेयर) पर संध्या राय (भाजपा सांसद) बैठी थीं। राहुल की बात के जवाब में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मैं भी स्पीकर के केबिन में मौजूद था। ऐसा कोई कमिटनमेंट नहीं किया गया। संध्या ने राहुल से कहा कि आपकी तरफ से किसी और मुद्दे के लिए कोई नोटिस नहीं आया है, बजट पर चर्चा करनी हो तो बताएं। इसके बाद विपक्ष ने हंगामा किया। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई। वहीं, विपक्ष लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है।

### भारत ने नेपाल की सेना को 50 सैन्य वाहन सौंपे

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने नेपाल के साथ रक्षा सहयोग और क्षमता निर्माण को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत सोमवार को भारत-नेपाल सीमा पर नेपाली सेना को 50 सैन्य उपयोगी वाहन सौंपे। इन वाहनों को औपचारिक रूप से काठमांडू में आयोजित होने वाले एक समारोह में नेपाल में भारत के राजदूत द्वारा दिया भेंट किया जाएगा।

## लोकसभा अध्यक्ष पर संसदीय अधिकारों की रक्षा नहीं कर पाने का आरोप

■ **कांग्रेस की महिला सांसदों ने पत्र लिखकर लोकतंत्र के अभूतपूर्व हनन पर 'गहरी पीड़ा' व्यक्त की**

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की महिला सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर उन पर सत्ताधारी भाजपा के दबाव में विपक्षी महिला सांसदों के खिलाफ 'झूठे, निराधार और अपमानजनक' आरोप लगाने और विपक्ष के संसदीय अधिकारों की रक्षा करने में विफल रहने का आरोप लगाया है।

कांग्रेस सांसद एस. जोतिमणि के लेटरहेड पर सोमवार को भेजी गई एक कड़ी आपत्ति में, महिला सांसदों ने लोकसभा में लोकतंत्र के अभूतपूर्व हनन पर 'गहरी पीड़ा' व्यक्त की। पत्र में विशेष रूप से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने की अनुमति देने से बार-बार इन्कार किए जाने पर सवाल उठाया गया है। पत्र में कहा गया है कि अध्यक्ष का पद एक संवैधानिक कार्यालय है जिसका उद्देश्य संसद की गरिमा की रक्षा करना, निष्पक्षता सुनिश्चित करना और पार्टी संबद्धता से परे सभी सदस्यों के अधिकारों की रक्षा करना है। इसमें कहा गया है कि पिछले चार दिनों से लगातार स्थापित संसदीय परंपरा का 'जानबूझकर उल्लंघन' किया गया है। कांग्रेस सांसदों ने आरोप लगाया कि जहां राहुल गांधी को बोलने का अवसर नहीं दिया गया, वहीं इंडिया गठबंधन के आठ सांसदों को 'सत्तारूढ़ दल के इशारे पर' निलंबित कर दिया गया, जबकि एक भाजपा सांसद को सदन में पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ 'अभद्र और अश्लील' टिप्पणी करने की अनुमति दी गई।

## सदन में आते ही वापस लौटने पर होता है बहुत दुखः प्रियंका

■ **बोलीं: सदन में विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दिया जाता**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि यह बहुत दुखद स्थिति है कि लोकसभा नहीं चल रही है और सदन में आते ही उन्हें वापस लौटना पड़ता है।

श्रीमती वाड्रा ने लोकसभा की कार्यवाही दोपहर दो बजे दिनभर के लिए स्थगित होने के बाद संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि सदन में विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दिया जाता है और सदन नहीं चल रहा है यह बहुत ही दुख की बात है। उन्होंने कहा कि सच कहूं तो, यह बहुत दुख की बात है कि हम सदन (लोकसभा) जाते हैं और बस बाहर आ जाते हैं। विपक्ष के नेता को एक मिनट भी बोलने की अनुमति नहीं दी जाती। यह हास्यास्पद है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी के 10 जिले घने कोहरे की चपेट में

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम ने फिर करवट बदली है, जिससे तापमान में 1.2 डिग्री की गिरावट दर्ज हुई है। भारतीय मौसम विभाग ने तराई वाले 10 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है, जबकि 13 अन्य जिलों में खराब मौसम की आशंका जताई है। राजधानी लखनऊ समेत उत्तरी यूपी में रातें ठंडी होंगी, हालांकि अगले कुछ दिनों में तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी की उम्मीद है। इसी प्रकार बाकी के 52 जिलों में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के लखनऊ केंद्र से जारी ताजा बुलेटिन के मुताबिक तराई वाले जिलों गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, बरेली और पीलीभीत समेत आसपास के इलाकों में आज घना कोहरा छाया रहा। इन जिलों में सुबह के वक्त दृष्यता 10 मीटर से भी कम रही। इसी प्रकार बलिया, मऊ, आजमगढ़, देवरिया, संत कबीरनगर, बस्ती, गोंडा, सीतापुर, अंबेडकर नगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, शाहजहांपुर और आसपास के इलाकों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि इस दौरान तापमान में ज्यादा परिवर्तन होने की कोई संभावना नहीं है।

### केजीएमयू के छह मजारों को दूसरी बार नोटिस जारी

**लखनऊ।** केजीएमयू परिसर में मौजूद मजारों को हटाने के लिए जारी पहली नोटिस का समय बीत चुका है, फिर भी मजारें हटाई नहीं गई हैं। अब केजीएमयू प्रशासन ने सोमवार को दूसरा नोटिस जारी कर दिया है। केजीएमयू परिसर में बनाई गई 6 मजारों को दूसरा नोटिस दिया गया है। केजीएमयू प्रशासन ने 22 जनवरी को मजारों को हटाने के लिए पहला नोटिस दिया था। इन मजारों को हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया था।

## विधानमंडल में बजट सत्र के दौरान बोले सीएम योगी

# यूपी अब बीमारू नहीं, आर्थिक रूप से सशक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधानमंडल के बजट सत्र के मौके पर कहा कि जनसंख्या घनत्व के मामले में अव्वल यह राज्य अब 'बीमारू' नहीं बल्कि आर्थिक रूप से सशक्त राज्यों की श्रेणी में आता है, जो गर्व की बात है।

योगी ने सत्र की शुरुआत से पहले पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनकी सरकार ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नया आयाम दिया है और लंबे समय तक बीमारू राज्य अब देश में सशक्त राज्य के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। सदन के नेता ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि संसदीय परंपराओं के अनुरूप



■ बजट सत्र के दो प्रमुख एजेंडे होते हैं पहला राज्यपाल का अभिभाषण, दूसरा सामान्य बजट

बजट सत्र की शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से होगी और इसके बाद सदन में सामान्य बजट पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि बजट सत्र के दो प्रमुख एजेंडा होते हैं। पहला राज्यपाल का अभिभाषण और दूसरा सामान्य बजट। राज्यपाल का अभिभाषण सरकार की उपलब्धियों और भावी कार्य योजनाओं का दस्तावेज होता है, जिसके माध्यम से प्रदेश की जनता को संबोधित किया जाता है। इस पर सदन में माननीय सदस्य विस्तृत चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा कि 11 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2026-27 का सामान्य बजट प्रस्तुत किया जाएगा, जिस पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बजट सत्र की कार्यवाही 20 फरवरी तक चलेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि राज्यपाल के अभिभाषण के बाद आज पहली बार सदन में आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नया आयाम दिया है और लंबे समय तक 'बीमारू राज्य' कही जाने वाली छवि को बदला है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश ने आर्थिक क्षेत्र में ब्रेक थ्रू किया है, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है और रोजगार के अवसर लगातार बढ़े हैं।

### बजट सत्र के दौरान चलने वाले स्वास्थ्य शिविर का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र की शुरुआत से पूर्व विधान भवन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। यह स्वास्थ्य शिविर उत्तर प्रदेश विधान सभा और विधान परिषद सदस्यों के लिए लगाया गया है, जिसमें केजीएमयू के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। उद्घाटन के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री, मंत्रियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। उत्तर प्रदेश विधानमंडल के सभी सदस्यों के स्वास्थ्य परीक्षण के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा यह शिविर आयोजित किया गया है। यह शिविर माननीय सदस्यों के साथ-साथ विधान भवन में उपस्थित अन्य लोगों की सुविधा के लिए भी उपलब्ध रहेगा। योगी ने कहा कि स्वस्थ दिनचर्या हर नागरिक का अधिकार होना चाहिए और प्रदेश सरकार इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

# पंजाब के लॉ कॉलेज में छात्रा का मर्डर कर की आत्महत्या

**चंडीगढ़, वार्ता**

■ परिजनों का आरोप पुलिस ने सही जानकारी नहीं दी

पंजाब के तरनतारन जिले के गांव उस्मा में स्थित एक मशहूर लॉ कॉलेज में सोमवार सुबह एक नौजवान छात्र ने कॉलेज कैंपस के अंदर ही अपनी साथी छात्रा के सिर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। इतना ही नहीं युवक ने मौके पर ही खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली, उसकी भी मौत हो गई है।

गोली लगने से लड़की की मौके पर ही मौत हो गई। इस हमले के बाद कॉलेज में मौजूद छात्र और स्टाफ में भगदड़ मच गई। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मरने वाली छात्रा की पहचान संदीप कौर के तौर पर हुई, वहीं गोली मारने वाले शख्स का नाम प्रिंस राज है। जैसे ही घटना का पता चला, मौके पर पहुंचे परिवार वालों ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ अपना विरोध जताया। परिवार और पंचायत सदस्यों ने आरोप लगाया कि इतना मशहूर कॉलेज होने के बावजूद सुरक्षा के नाम पर कोई इंतजाम नहीं है। उन्होंने कहा कि एक नौजवान छात्र कॉलेज के अंदर पिस्तौल लेकर आया है, यह भी जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि कॉलेज मैनेजमेंट समेत वहां के प्रिंसिपल के खिलाफ सही एक्शन लिया जाना चाहिए, क्योंकि घटना के बाद कॉलेज प्रशासन ने परिवार को सच नहीं बताया। परिवार वालों ने कहा कि कॉलेज प्रशासन ने सिर्फ उनसे इतना ही कहा कि वे लोग जल्द कॉलेज पहुंचे। उनकी बेटी घायल है।

परिवार के सदस्यों ने कहा कि जब वे कॉलेज पहुंचे, तो उनकी बच्ची मरी हुई पड़ी थी। उन्होंने कहा कि कॉलेज ने अपनी तरफ से वकील और पुलिस बुला ली है और उन्हें उनकी बेटी का चेहरा भी नहीं देखने दिया जा रहा है और न ही इस मामले में कोई जानकारी दी जा रही है। इस बीच इस मामले को लेकर मौके पर पहुंचे जांच अधिकारी ने मामले की अच्छी तरह से जांच की है। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज कब्जे में ली है।

# आंनदीबेन का संबोधन विकास से दूर: मायावती

## बसपा ने गंभीर सवाल खड़े किए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत पर राज्यपाल के अभिभाषण को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि संसदीय परंपरा के अनुसार दिया गया यह संबोधन प्रदेश के वास्तविक विकास, सर्वसमाज के उत्थान और व्यापक जनहित के मुद्दों से भटका हुआ नजर आया।

यह वास्तविक व थोड़ा उत्साही होता, तो यह बेहतर होता। सोमवार को सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए मायावती ने कहा कि वास्तव में पूरे उत्तर प्रदेश में सर्वसमाज के करोड़ों लोग सरकार की गलत नीतियों व



कार्यकलापों आदि से दुखी व त्रस्त हैं। जिसके प्रति राज्यपाल को सरकार का ध्यान आकर्षित कराना चाहिए था। प्रदेश की जनता के साथ-साथ विपक्ष को भी थोड़ा आश्वासन मिलता, विपक्ष की नारेबाजी होती रही तथा हंगामा भी होता रहा। राज्यपाल के सम्बोधन में भाजपा की सरकार द्वारा जनहित व जनकल्याण सम्बंधी बड़े-बड़े दावों, आश्वासनों, घोषणाओं व वादों आदि को पूरा करने सम्बंधी विवरणों का अभाव भी लोगों की चिन्ता का कारण रहा।

### एनएचएम संविदा कर्मियों का वेतन संकट गहराया, संघ ने की हस्तक्षेप की मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मियों को दिसंबर 2025 से वेतन न मिलने के कारण हालात लगातार गंभीर होते जा रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग के समक्ष कड़ा विरोध जताते हुए तत्काल समाधान की मांग की है। संघ के अध्यक्ष डा. अनिल गुप्ता और महामंत्री योगेश उपाध्याय की ओर से उपमुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि एनएचएम के तहत कार्यरत अल्प वेतनभोगी संविदा कर्मी पूरी तरह अपने मासिक वेतन पर निर्भर रहते हैं। लगातार दो माह से वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों के सामने घर का किराया, बच्चों की पढ़ाई, भोजन, दवा और अन्य आवश्यक खर्चों को पूरा करना मुश्किल हो गया है।

# डा. मिर्जा शफीक ने देश का नाम रोशन किया: राज्यपाल

**पटना, वार्ता**

बिहार के राजपाल आरिफ मुहम्मद खान ने कहा है कि उर्दू स्कॉलर डा.मिर्जा शफीक हुसैन शफक ने देश का नाम रोशन किया है।

इस मौके पर डा.मिर्जा शफीक हुसैन शफक ने गवर्नर आरिफ मुहम्मद खान से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर बात करते हुए उन्हे अपनी किताबें 'इरफान सिद्दीकी,शख्स और शायर' और सेरफि ए अदब भेंट कीं। गवर्नर आरिफ मुहम्मद खान ने कहा कि डा. मिर्ज़ा शफीक हुसैन शफक ने बहुत कम समय में उर्दू अदब में अपनी एक अलग और खास जगह बनाई है। उर्दू आलोचना को लेकर अदब की दुनिया में उनका नाम बड़े आदर और तहजीब से लिया जाता है। जिस तरह उन्होंने अदब की दुनिया में नाम कमाया



है, उसी तरह वे इस्लामी दुनिया में भी एक बेमिसाल वक्ता के तौर पर मशहूर हैं। उनकी लिखी दर्जनों किताबें आज हमारे अदब का बहुत कीमती खजाना हैं। आरिफ मुहम्मद खान ने आगे कहा कि हमें उम्मीद है कि डा. मिर्जा शफीक हुसैन शफक इसी लगन से अदब और दीन की सेवा करते रहेंगे और देश का नाम रोशन करने में अपना योगदान देते रहेंगे। डा.मिर्जा शफीक हुसैन शफक ने गवर्नर हाउस में हुए स्वागत के लिए बिहार के गवर्नर आरिफ मुहम्मद खान का शुक्रिया अदा किया।

# जैव विविधता प्रबंधन समितियों को 46 लाख रुपये दिए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जैव-विविधता प्राधिकरण ने जैव विविधता संरक्षण और जैविक संसाधनों के इस्तेमाल से प्राप्त लाभ का पारदर्शी तथा समान वितरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्यों के बोर्डों को 45.05 लाख रुपये वितरित किए है। आधिकारिक सूचना में सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि जैव-विविधता बोर्डों और केंद्र शासित प्रदेश जैव-विविधता परिषदों के जरिए लाभार्थियों को यह राशि दी जाएगी। इस भुगतान से 10 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में स्थापित 90 से अधिक जैव विविधता प्रबंधन समितियों और आंध्र प्रदेश के 15 लाल चंदन किसानों को लाभ मिलेगा। जिन राज्यों को यह सहायता दी गई है, उनमें तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र, असम, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और लद्दाख शामिल हैं। यह लाभ-साझाकरण की राशि विभिन्न जैविक संसाधनों के उपयोग से उत्पन्न हुई है, पहुंच और लाभ-साझाकरण व्यवस्था के तहत, कंपनियों द्वारा अर्जित व्यावसायिक लाभ का एक हिस्सा संबंधित समुदायों को लौटाया जाता है। इससे न केवल उनकी आजीविका में सुधार होता है, बल्कि उन्हें जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए प्रेरणा भी मिलती है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 84065.75
निफ्टी 25867.30

सोना रु. 157400
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 261000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तेजी जारी सेंसेक्स 485 अंक चढ़ा

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते और विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 485.35 अंक (0.58 प्रतिशत) की बढ़त में 84,065.75 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 173.60 अंक यानी 0.68 प्रतिशत ऊपर 25,867.30 अंक पर बंद हुआ। अमेरिका और भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर दोनों देशों की ओर से 7 फरवरी को जारी साझा वक्तव्य में इसकी मुख्य बातों का खुलासा किया गया था। इससे



आज निवेश धारणा को मजबूती मिली और बाजार में तेजी रही। बाजार में आज चौतरफा लिवाली रही। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.33 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.64 प्रतिशत की बढ़त में रहा। सभी सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। सार्वजनिक बैंक, वित्त, मीडिया, धातु, फार्मा, रियलटी, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों के सूचकांकों में ज्यादा तेज रही। सेंसेक्स की कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक का शेयर सात प्रतिशत से अधिक उछला। टाइटन, टाटा स्टील और अल्ट्राटेक सीमेंट में ढाई से तीन प्रतिशत के बीच बढ़त रही। इटरनल, बीईएल, कोटक महिंद्रा बैंक, ट्रेंट, इंडिगो और महिंद्रा एंड महिद्रा के शेयर एक से दो प्रतिशत की बीच चढ़े। एलएंडटी, अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, सनफार्मा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए। पावर ग्रिड और आईटीसी में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी नीचे बंद हुए।

### सोना और चांदी की कीमतों में भारी इजाफा

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी के दाम में आज यानी 9 फरवरी को बढ़त देखने को मिली है। सोमवार दोपहर 3 बजे के करीब एमसीएक्स पर सोने का भाव 1,57,400 रुपये/10 ग्राम के करीब है। आज सोने में 1.25 प्रतिशत का उछाल देखा जा रहा है। वहीं चांदी की कीमतें आज सुबह से 4.45 प्रतिशत या 11,108 रुपये तक बढ़ चुकी है। चांदी फिलहाल एमसीएक्स पर 2.61 लाख/ किलो के पार पहुंच गई है। सर्राफा बाजार में सोने ने 29 जनवरी को 1,76,121 और चांदी ने 3,85,933 रुपए का हाई बनाया था। पिछले तीन कारोबारी सत्रों में सोने-चांदी की कीमतों में तेज गिरावट आई थी। इस दौरान सोना करीब 15 प्रतिशत तक सस्ता हो गया था।अब कीमतें स्थिर होते ही निवेशकों ने निचले स्तर पर खरीदारी शुरू कर दी है। हालांकि जानकारों का कहना है कि अभी सोने-चांदी में एकमुश्त पैसा लगाने से बचना चाहिए। इसकी जगह धीरे-धीरे निवेश करना ज्यादा फायदेमंद होगा। एक्सपर्ट ने चांदी की कीमतों पर बताया है कि मार्केट में डिमांड बरकरार है। प्रॉफिट बुकिंग अगर कम हो जाती है, तो एक बार फिर से चांदी के रेट में बड़ा इजाफा देखने को मिल सकता है। सोने-चांदी में आज निवेशकों ने खरीदारी का माहौल बनाया है।

# चावल ,चीनी, दालें महंगी, गेहूं सस्ता, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी और दालों की कीमतों में भी तेजी रही जबकि गेहूं में भी नरमी देखी गई। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 94 रुपये बढ़कर 3,850 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं भी 31 रुपये टूट गया और 2,851 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 42 रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 198 रुपये बढ़ गई। चना दाल 157 रुपये और मसूर दाल 130 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मूंग दाल 102 रुपये और उड़द दाल 32 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा आठ रिंगिट बढ़कर 4,162 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमे.



रिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 1.55 प्रतिशत की मजबूती के साथ 56.19 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल की औसत कीमत 131 रुपये और पाम ऑयल की 102 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। सूरजमुखी तेल में 45 रुपये और मूंगफली तेल में 30 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वनस्पति की कीमत 88 रुपये और सरसों तेल की 39 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 118 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी 17 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**विपक्ष की...**

रैंकिंग में सम्मिलित विश्वविद्यालयों की संख्या शून्य से बढ़कर 7 हो गई है। लखनऊ विश्वविद्यालय और छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर को क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग में एसडीजी श्रेणी में स्थान प्राप्त हुआ है। आनंदीबेन ने कहा कि कृषि शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रदेश ने नई उपलब्धियां हासिल की हैं। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज (अयोध्या) को नैक की सर्वोच्च ए प्लस प्लस ग्रेडिंग मिली है, जबकि सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ और बांदा कृषि विश्वविद्यालय, बांदा को नैक की 'ए' ग्रेडिंग प्राप्त हुई है। कानून-व्यवस्था पर बोलते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराध और माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। नवम्बर 2019 से अब तक 35 माफिया और 94 सह-अपराधियों सहित कुल 129 को आजीवन कारावास अथवा अन्य अवधि के कारावास और अर्थदंड से दंडित कराया गया है। इस दौरान 2 मामलों में मृत्युदंड की सजा हुई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से अब तक 267 अपराधी मुठभेड़ों में मारे गए हैं और 977 अभियुक्तों को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत निरुद्ध किया गया है। माफिया अपराधियों से 4,137 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध रूप से अर्जित संपत्ति जब्त की जा चुकी है। शिक्षा के बुनियादी ढांचे पर प्रकाश डालते हुए राज्यपाल ने बताया कि प्रदेश के सभी 75 जनपदों में दो-दो विद्यालयों को मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय और एक-एक विद्यालय को मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के दौरान परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में शिक्षकों के उपयोग के लिए 2 लाख 61 हजार से अधिक टैबलेट वितरित किए गए हैं। वर्ष 2025-26 में दुर्बल वर्ग के बच्चों के लिए निजी विद्यालयों में नि:शुल्क शिक्षा के अंतर्गत 1 लाख 40 हजार से अधिक बच्चों का प्रवेश कराया गया। राज्यपाल ने बताया कि प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत जर्जर विद्यालय भवनों का नवनिर्माण और सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक 275 करोड़ रुपये की धनराशि से 590 सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों को इस योजना से आच्छादित किया गया है। अंत में राज्यपाल ने कहा कि इन उपलब्धियों ने उत्तर प्रदेश की भावी विकास यात्रा को सुदृढ़ आधार दिया है और प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है।

**एसआईआर में रुकावट...**

अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी केवल ईआरओ की सहायता करना होगी, क्योंकि अंतिम निर्णय ईआरओ का ही होगा। चूंकि सरकारी अधिकारियों का एक नया समूह शामिल किया गया है, इसलिए प्रभावित व्यक्तियों द्वारा जमा किए गए दस्तावेजों की जांच प्रक्रिया में अधिक समय लगने की संभावना है। इसलिए ईआरओ को जांच पूरी करने और निर्णय लेने के लिए 14 फरवरी के बाद एक सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया जाए। पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को आसान बनाने और चिंताओं के समाधान के लिए कोर्ट अंतरिम निर्देश जारी कर रही है। राज्य सरकार सुनिश्चित करे कि सभी 8,555 ग्रुप बी अधिकारी, जिनकी सूची सोमवार को सौंपी गई है, शाम 5 बजे तक जिला चुनाव अधिकारियों (डीआरओ) को रिपोर्ट करें।

चुनाव आयोग (ईसीआई) के पास मौजूदा ईआरओ और एईआरओ को बदलने और योग्य पाए जाने पर अधिकारियों की सेवाओं का उपयोग करने का अधिकार होगा। तारीख बढ़ाने का आदेश पारित करने से पहले चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया में लगे सभी अधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) को रिपोर्ट करेंगे। कोर्ट ने मुकदमे की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील को अनुशासन का पाठ भी पढ़ाया। उन्होंने कहा कि सब एक साथ बोल रहे हैं और एक-दूसरे की बात काट रहे हैं, जिससे सुनवाई करना मुश्किल हो रहा है। चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली इस पीठ में जस्टिस जॉयमाल्या बागची और एनवी अंजरिया भी शामिल हैं।

# ओवैसी ने असम के सीएम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

**हैदराबाद, वार्ता**

आॅल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ हैदराबाद पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई है। हाल ही में भाजपा के असम राज्य के सोशल मीडिया अकाउंट पर मुस्लिम विरोधी वीडियो अपलोड किया गया था, जिसमें असम के मुख्यमंत्री सरमा मुस्लिम व्यक्तियों पर गोलियां चला रहे हैं। हालांकि विवाद बढ़ने के बाद उस वीडियो को पोस्ट से डिलीट कर दिया गया। ओवैसी ने इस मामले को लेकर हैदराबाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए असम सीएम के खिलाफ तुरंत आपराधिक कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस कमिश्नर वीसी सज्जनार के पास सरमा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए हैदराबाद के सांसद ओवैसी ने कहा कि उन्होंने (हिमंत बिस्वा सरमा) जानबूझकर और गलत इरादे से मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री पर दो धार्मिक समुदायों के बीच दुश्मनी



■ मुसलमानों के खिलाफ हिंसक वीडियो को लेकर आपराधिक कार्रवाई की मांग की

बढ़ाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह देश की एकता के लिए नुकसानदायक है। सांसद ओवैसी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि उन्होंने पुलिस कमिश्नर के पास शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें सरमा के खिलाफ उनके (अब डिलीट किए गए) हिंसक वीडियो के लिए क्रिमिनल एक्शन की मांग की गई है, जिसमें वे मुसलमानों को गोली मारते हुए दिख रहे हैं। ओवैसी ने पोस्ट किया कि दुर्भाग्य से नरसंहार वाली हेट स्पीच एक आम बात हो गई है। उन्होंने कमिश्नर को लिखा कि पिछले कई सालों से सरमा सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, पब्लिक स्पीच और दूसरे प्लेटफॉर्म के जरिए लगातार मुस्लिम समुदाय के खिलाफ बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कई भाषण अभी भी पब्लिक डोमेन में मौजूद हैं। पत्र में लिखा है कि हाल के महीनों में मुख्यमंत्री सरमा ने जानबूझकर अपने हेट स्पीच तेज कर दिए हैं, जिनका साफ और सोचा-समझा इरादा मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना और हिंदुओं और मुसलमानों के बीच दुश्मनी और नफरत को बढ़ावा देना है, यह अच्छी तरह जानते हुए भी कि ऐसे इल्जाम देश की एकता के लिए नुकसानदायक हैं और सांप्रदायिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाते हैं। असम भाजपा के आॅफिशियल एक्स अकाउंट से 7 फरवरी को पोस्ट किया गया एक हालिया वीडियो जिसे एक दिन बाद हटा दिया गया था, लेकिन अभी भी सोशल मीडिया पर मौजूद है।वीडियो में इस्तेमाल की गई तस्वीरें और पाइंट ब्लैंक शूट और नो मर्सी जैसे बयान जानबूझकर और गलत इरादे से किया गया काम है, जिसका मकसद मुसलमानों की भावनाओं को ठेस पहुंचाना, धार्मिक समुदायों के बीच नफरत और दुश्मनी को बढ़ावा देना और सांप्रदायिक हिंसा भड़काना है।

# कमिश्नर ने किया कलक्ट्रेट का निरीक्षण

## आयुक्त ने कार्यों व व्यवस्थाओं को देखकर की सराहना, अचानक हुए निरीक्षण से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ भानु चन्द्र गोस्वामी द्वारा कलेक्ट्रेट का वार्षिक निरीक्षण किया गया। कलेक्ट्रेट आगमन पर जिलाधिकारी ने आयुक्त को पौधाा भेंट कर स्वागत किया। आयुक्त द्वारा कलेक्ट्रेट में की गई समस्त तैयारी व्यवस्थाओ एवं जिलाधिकारी के नेतृत्व में किये गये कार्यो की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि कलेक्ट्रेट में अच्छा कार्य हुआ है तथा अनुभागो में किये जा रहे कार्य संतोषजनक पाये गये। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन पटलो पर जो भी छोटी-छोटी कमियां पाई गई है उनको दुरूस्त कर लिया जाये तथा कलेक्ट्रेट की कार्यप्रणाली को वर्तमान की जरूरत के अनुसार और बेहतर बनाया जाये।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटल का भ्रमण कर कार्यालयी व्यवस्थाओं, अभिलेख संधारण, जनसुविधा व्यवस्था तथा संचालित कार्यो का अवलोकन किया। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि कार्यालयों में कार्य सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो, अभिलेख अद्यतन रखे जाएं तथा आमजन को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार त्वरित एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि जिन अनुभाग में साफ-सफाई एवं मरम्मत कार्य में कमी पाई है उसको ठीक कराया जाये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न पटल पर कार्यरत कर्मचारियों से कार्य प्रणाली की जानकारी प्राप्त की तथा सभी रजिस्टरो का अवलोकन किया। कहा कि जो भी शिकायते प्राप्त होती है उनकी जांच एवं निस्तारण का अवलोकन करते हुये आवश्यक कार्यवाही की जाये। आयुक्त ने पटलो का गहनता से निरीक्षण करते हुये कहा कि सामान्यत: सभी पटलो पर एसओपी का पालन किया जा रहा है। उन्होंने प्रभारी अधिकारी और सह प्रभारी अधिकारी को एक महीने में एक बार पटलो का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होंने नकल जारी करने के समय को कम करने के निर्देश दिये। वरासत के मामलो का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाये। शिकायतो के निस्तारण हेतु प्रभावी व्यवस्था बनाते हुये कार्यवाही की जाये। वसूली के संबंध में आरसी जारी करने की व्यवस्था को और दुरूस्त बनाये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि निरीक्षण में जिन बिन्दुओ पटलो के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये है, अनुपालन आख्या एवं संबंधित कार्यवाही की रिपोर्ट समय से



उपलब्ध करा दी जाये। उन्होंने कहा कि मंडल के अन्य जनपदो के वार्षिक निरीक्षण हेतु रोस्टर जारी किया जा चुका है उसी के अनुसार निरीक्षण किया जायेगा। डीएम डॉ. वी.के. सिंह ने कहा कि आयुक्त महोदय दिये गये निर्देशो का समस्त अधिकारियो द्वारा शत्-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह, अपर आयुक्त अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त सूर्य कान्त त्रिपाठी, समस्त एसडीएम, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कलेकट्रेट कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नकली बेडशीट माफिया बेनकाब

## जीएसटी जांच की आहट से सरधना में हड़कंप, गोदामों पर पड़े ताले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर व देहात क्षेत्र में लंबे समय से फल-फूल रहा नकली ब्रांडेड बेडशीट का काला कारोबार अब खुद अपने ही बोझ तले दबता नजर आ रहा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर जीएसटी विभाग की जांच शुरू होने की आहट भर से सोमवार को पूरे नगर में हड़कंप मच गया। जिन गलियों, गोदामों और रिहायशी इलाकों से रोज देशभर में नकली बेडशीट की सप्लाई हो रही थी, वहां अचानक सन्नाटा पसर गया। दर्जनों संदिग्ध गोदामों पर ताले लटक गए, कई कारोबारी भूमिगत हो गए और पूरे दिन बाजारों में भगदड़ जैसे हालात बने रहे।

### एसओजी की छापेमारी के बाद हरकत में आया प्रशासन

गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व एसओजी टीम ने डी-डिकोर एवं अन्य नामी कंपनियों के अधिकारियों के साथ मिलकर सरधना में कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान करीब 70 लाख रुपये मूल्य की नकली ब्रांडेड बेडशीट जब्त की गई थी। कंपनियों की तहरीर पर धोखाधड़ी व कॉपीराइट उल्लंघन के तहत मुकदमा दर्ज हुआ, लेकिन इसके बाद पुलिस की नरमी और त्वरित जमानत ने पूरे मामले को संदिग्ध बना दिया। अब प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जीएसटी जांच का रास्ता अपनाया है।

### गली-मोहल्लों तक फैला है अवैध कारोबार का नेटवर्क

सूत्रों के अनुसार, यह अवैध कारोबार अब किसी एक फैक्ट्री या गोदाम तक सीमित नहीं रहा। गली मोहल्लों में सिलाई, अलग-अलग स्थानों पर पैकिंग और अन्य जगहों पर ब्रांडेड टैग लगाने का काम किया जा रहा है। कार्रवाई से बचने के लिए नेटवर्क को इस तरह बांट दिया गया है कि एक स्थान पकड़ा जाए तो बाकी ठिकाने सुरक्षित रहें। यही वजह है कि साल भर में कई बार छापेमारी होने के बावजूद यह धंधा बंद होने के बजाय और मजबूत होता गया। नगर के कई इलाकों में यह काम घर-घर पर महिलाएं कर रही है, लेकिन उन्हें नाम मात्र की मजदूरी दी जाती है।

### सफेदपोशों की भूमिका पर सवाल, कई जांच के दायरें में फंसे

स्थानीय लोगों और व्यापारियों का कहना है कि इतना बड़ा नेटवर्क बिना सफेदपोश संरक्षण के संभव




नहीं है। चर्चा है कि कुछ प्रभावशाली लोग पर्दे के पीछे रहकर इस काले धंधो को संचालित कर रहे हैं, जबकि मजदूर और छोटे कामगार हर बार कार्रवाई का शिकार बनते हैं। अब जीएसटी जांच की आहट से यह साफ हो गया है कि मामला सिर्फ नकली माल का नहीं, बल्कि बड़े आर्थिक अपराध से जुड़ा है। इस काले धंधो में शामिल सफेदपोशों का नाम जांच के दायरें में आ चुका है, सूत्रों के हवालों से पता चला है कि उनके खिलाफ जल्द ही बड़ी कार्यवाही की जा सकती है।

### जीएसटी चोरी से सरकार को करोड़ो की चपत

जांच का सबसे गंभीर पहलू जीएसटी चोरी से जुड़ा है। नकली बेडशीट बिना बिल, बिना रजिस्ट्रेशन और फर्जी दस्तावेजों के जरिए बेची जा रही थीं। अनुमान है कि इस कारोबार के जरिए सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का चूना लगाया गया। अब जीएसटी विभाग दस्तावेजों, स्टॉक और वित्तीय लेनदेन की गहन जांच की तैयारी में है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के दौरान कई बड़े नाम सामने आ सकते हैं।

### नकली कारोबार करने वालों पर होगी कड़ी कार्यवाही: विनोद जैन

भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विनोद जैन ने कहा कि नगर व देहात क्षेत्र में नकली बैडशीट का कारोबार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कराने के लिए अधिकारियों से कहा गया है, जल्द ही इस कारोबार से जुड़े व्यापारियों को चिंहित कर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इससे पूर्व शनिवार को तहसील दिवस में संयुक्त व्यापार मंडल सरधना के अध्यक्ष पंकज जैन के नेतृत्व में व्यापारियों ने डीएम के समक्ष इस प्रकरण को गंभीरता से उठाया था। ज्ञापन सौंपते हुए कहा गया कि नकली बैडशीट कारोबार के कारण सरधना की छवि देशभर में खराब हो रही है, जिससे ईमानदार व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। डीएम ने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### अग्रिम कार्यवाही से सहमें सफेदपोश व कारोबारी

अब सवाल यह है कि क्या यह जांच सच में नकली बेडशीट माफिया की जड़ों तक पहुंचेगी, या फिर यह मामला भी पहले की तरह कुछ समय बाद ठंडे बस्ते में चला जाएगा। फिलहाल तो जीएसटी जांच की आहट ने इतना जरूर साफ कर दिया है कि सरधना का नकली बेडशीट नेटवर्क किसी बड़े भूचाल से पहले कांप रहा है। अग्रिम कार्यवाही से पहले ही खुद के उपर कार्यवाही के डर से कई सफेदपोश व कारोबारी डरें हुए है, लेकिन उन्होंने अब तक इस काम का बंद नही किया, बल्कि काम को और जोरों से चला दिया है।

# नायब शहर काजी ने नवनियुक्त कप्तान का आवास पर किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य काजी शादाब तथा नायब शहर काजी जैनुल राशिदीन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को मेरठ के नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की और बुके देकर उनका स्वागत करते हुए सम्मान किया। इस मौके पर नईम अहमद, एड. फैसल मालिक, अजहर भारती, दिलदार सैफी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### पारस सोम हुआ बालअपाचारी घोषित

लंबी लड़ाई के बाद पारस के परिवार वाले पारस को बाल अपाचारी घोषित कराने में सफल रहे। एससीएसटी न्यायधीश मौहम्मद असलम सिद्दीकी ने मुकदमा किशोर न्याय बोर्ड भेजा।

# पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय बेहरोडा में करियर मेला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर/माछरा।** पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय मैं कैरियर मेला आयोजित किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं को शिक्षा के महत्व को बताया गया, इस मौके पर मौजूद गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार प्रस्तुत किया और छात्र-छात्राओं को कैरियर मेले के बारे में प्रकाश डाला गया। करियर मेले अर्थात रोजगार मेले का आयोजन का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को उनके ही जिले में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

सोमवार को पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय बहरोरा के कैंपस में कैरिअर मेले का आयोजन किया गया प्रोग्राम की अध्यक्षता पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय बेहरोडा के प्रधानाध्यापक उमेश कुमार द्वारा किया गया तथा संचालन विरासत अली के द्वारा किया। करियर मेला खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार सिंह के दिशा निर्देशों के तहत किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में स्टार अल फलाह इंटर कॉलेज के डायरेक्टर डाक्टर नुसरत अली ब्लॉक अध्यक्ष दीपक तोमर, प्रेमचंद और पंजाब नेशनल बैंक माछरा के मैनेजर दीपक कुमार थे। सभी अतिथि गणों ने करियर मेले के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया, डाक्टर नुसरत अली ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया की अपना करियर बनाने के लिए सबसे पहले हमें शिक्षा हासिल करनी होगी और यह तय करना होगा कि हम शिक्षा के द्वारा अपने जीवन को कैसे संवार सकते हैं यदि हम शिक्षा पर ध्यान दें और अपने गुरु जनों की डायरेक्शन में शिक्षा हासिल कर अपना



कैरियर बनाएं। ब्लॉक अध्यक्ष दीपक तोमर ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए और छात्र-छात्राओं को शिक्षा हासिल कर आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना कुछ नहीं किया जा सकता अगर आप मेहनत और लगन से शिक्षा हासिल करेंगे तो आप अपने करियर के साथ-साथ अपने मुल्क की तरक्की में भी योगदान देंगे। ब्लॉक मंत्री प्रेमचंद ने भी करियर मेले पर प्रकाश डाला और छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया उन्होंने कहा कि आप मेहनत और लगन के साथ शिक्षा हासिल कीजिए तो देश और विदेश की कंपनियां आपको आपके विद्यालयों में ही आकर चुनकर आपके करियर को परवान चढ़ा सकते है, जूनियर की ब्लॉक अध्यक्ष अपर्णा कौशिक ने भी छात्र-छात्राओं को उनके कैरियर से संबंधित बातें बताई। प्रोग्राम का समापन पवन कुमार के द्वारा किया गया। इस मौके पर अध्यापक गण अमित कुमार, संजय कुमार, पूनम त्यागी, नसीम खातून, सुदीप कुमार, मनीषा कपूर, अमित कुमार और प्रधान पुत्र अब्दुल सलाम मौजूद रहे।

# श्रीमनफूल सिंह कन्या इंटर कॉलेज के विदाई समारोह में छात्राओं के निकले आंसू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** कस्बे में स्थित श्रीमनफूल सिंह कन्या इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की छात्राओं की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में संस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक गीतों पर नृत्य कर सभी का मन मोह लिया।

फेयरवेल पार्टी में सोफिया मिस फेयरवेल तथा राधिका सेकंड रन ऑफ बनाई गई। कार्यक्रम में कॉलेज प्रधानाचार्या भावना चौधरी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। उसके बाद छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर कॉलेज प्रधानाचार्या भावना चौधरी ने कहा कि जब बच्चे पढ़कर स्कूल से विदा होते हैं तो उन्हें बहुत दुख होता है। उन्होंने छात्राओं से आगे बढ़कर देश की सेवा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बच्चे दूसरे स्कूल में जब जाते हैं तो उन्हें पुराने स्कूलों की याद आ जाती है। उन्होंने सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर कॉलेज प्रबंधक ब्रह्मचारी सिंह, प्रधानाचार्या भावना चौधरी, रिता मित्तल, पूजा, पूजा मित्तल, कुमारी स्नेहा, कुमारी वैशाली, कुमारी मानसी, सीमा, अमित कुमार, परविन्द्र लांबा, अर्जुन देशवाल आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षा: शहजाद नसीर ने छात्रों को बताए सफलता के सात सूत्र

## सोशल मीडिया से दूरी बनाएं छात्र-छात्राएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** यू.पी. बोर्ड परीक्षाएं शुरु होने में अब गिनती का समय ही बाकी है। यू.पी. बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी जबकि सीबीएसई परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू होनी हैं। परीक्षाएं सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कसली है। चाक चौबन्द व्यवस्था के बीच परीक्षाओं का आयोजन किया जायेगा। वहीं परीक्षाओं को लेकर परीक्षार्थियों में तनाव व विभिन्न प्रत्कार के भ्रम मस्तिष्क में आते हैं। इसी सम्बंध में महलका एजुकेशन सेन्टर के संचालक शहजाद नसीर से बातचीत की गई। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में सफलता के सूत्रों पर बातचीत की, जिससे परीक्षार्थियों में एक आत्मविश्वास पैदा कर उनके एग्जामफोबिया को खत्म किया जा सके। जिनमें मुख्य रूप से सकारात्मक सोच बनाए रखना और अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखना बहुत जरूरी है। आपने पूरे साल मेहनत की है, कॉन्फिडेंस और कन्सन्ट्रेशन रखें। नकारात्मकता को अपने ऊपर हावी न होने दें। परीक्षा को लेकर थोड़ा चिन्तित महसूस करना एक सामान्य प्रतिक्रिया है क्योंकि चिन्ता उसे ही होगी, जिसने पूरे साल पढ़ाई की होगी। अपने आत्मविश्वास को बनाये रखें। **स्वस्थ आहार खाएं**- पौष्टिक आहार लेने से एकाग्रता ओर अच्छे प्रदर्शन के लिए आवश्यक ऊर्जा प्राप्त होती है। मीठे पेय पदार्थों और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों से दूर रहें और इनके स्थान पर फल, सब्जियां, और साबुत अनाज जैसे सम्पूर्ण खाद्य पदार्थ चुनें। **व्यायाम करें**- तनाव और चिन्ता को कम करने के लिए व्यायाम करना एक शानदार तरीका है इस पर विशेष ध्यान दें। तैयारी से थोड़ा समय निकालकर व्यायाम करने से आपकी



एकाग्रता में वृद्धि होगी। **पर्याप्त नींद और ब्रेक लें**- बोर्ड परीक्षा के दौरान बहुत सारे बच्चे ये गलती करते है कि परीक्षा की टेंशन के कारण पूरी नींद नहीं लेते। नींद पूरी न होने के कारण वे बीमार पड़ जाते हैं और साथ ही साथ उनका मस्तिष्क अब अच्छी तरह से काम नहीं करता, वे याद किया हुआ पाठ्यक्रम भी अच्छे से नहीं दोहरा पाते। इसलिए पर्याप्त नींद बहुत जरूरी है। नींद पूरी होने से आपका दिमाग तरोताजा रहता है और पढ़ा हुआ अच्छे से याद रहता है। परीक्षा की तैयारी के समय थोडा ब्रेक लेकर भी पढ़ें जिससे आप हर बार फ्रेश महसूस करेंगे। **रिवीजन करें और रटने से बचें**- हर विषय के कॉन्सेप्ट को अच्छे से समझे और उसे बार-बार दोहराते रहें जिससे वो आपको हमेशा याद रहेगा और आसान भी लगने लगेगा। रिवीजन के, साथ ही साथ लिखकर अभ्यास करें। ये ह्यूमेन टेंडेन्सी है कि लोग किसी भी चीज को ज्यादा दिनों तक याद नहीं रख सकते, परन्तु यदि आप उसे रिवाइज करते रहेंगे तो वो आपको हमेशा याद रहेगी। सबसे सहत्वपूर्ण चीज ये है कि आपको किसी भी चीज को रटना नहीं है बल्कि समझकर याद करना है। कक्षा में अपने द्वारा बनाये गये नोट्स को बार-बार रिवाइज करना है। आश्वस्त रहे सभी प्रश्न वहीं से होंगे। **सक्रिय शिक्षण तकनीक का उपयोग करें**- सक्रिय शिक्षण तकनीक जैसे माइन्ड मैप बनाना अभ्यास परीक्षण करना, सीखने और याददाशत को बेहतर बनाने के लिए उपयोगी है। **परफॉर्मेंस एनालिसिस करें**- बोर्ड परीक्षा की तैयारी करते समय परफॉर्मेंस एनालिसिस करना बहुत ही जरूरी है ऐसा करने से आपको पता चलता है कि कौन से टॉपिक में कितना समय लग रहा है और साथ ही कौन सा टॉपिक कठिन लग रहा है। जो टॉपिक आपको कठिन महसूस हो रहे हैं. उसमें थोडी मेहनत और करें। पिछले सालों के पेपर सोल्व करें जिससे आपकी कठिनाई काफी हद तक दूर हो जायेगी साथ ही आपको प्रश्न-पत्र का पैटर्न भी समझने में मदद मिलेगी। **बोर्ड परीक्षा का बेहतर तरीके से सामना करने के लिए अन्य उपयोगी टिप्स**- टाइम टेबल का अनुसरण अनुशासन के साथ करें, ध्यान भटकाने वाली चीजो, खासतौर पर सोशल मीडिया से दूरी बनाए। पढ़ाई के दौरान नीरसता से बचने के लिए छोटे-छोटे ब्रेक लें। किसी तरह का तनाव न लें, अनावश्यक चीजों से बचें। अच्छी पढ़ाई के बावजूद, परीक्षाएं कुछ विद्यार्थियों के लिए तनावपूर्ण हो सकती है जो की स्वभाविक है इसलिए बेवजह परेशान न हों और खुद को आर्गेनाइज रखें।

# समाजसेवा की दुनिया में समझदारी और ईमानदारी का दूसरा नाम खुर्रम खान

**जाकिर तुर्क/शाह टाइम्स**

**मेरठ।** सियासत और समाजसेवा में कुछ नाम ऐसे होते हैं जो चुनावी शोर-शराबे से दूर रहकर भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराते हैं। ऐसा ही एक नाम है खुर्रम ताहिर खान जो दशकों से सियासत और समाजसेवा में सक्रिय रहते हुए भी कभी विवाद का चेहरा नहीं बने, बल्कि हर विवाद के समाधान की पहचान बने।

खुर्रम ताहिर खान को कस्बे में एक मध्यस्थ, सुलझे हुए और अमनपसंद व्यक्तित्व के रूप में जाना जाता है। कस्बे की अनेको मिसाल है जब भी दो पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बनी, खुर्रम खान ने आगे बढ़कर संवाद का रास्ता चुना और मामले को शांति से सुलझाने की कोशिश की। यही वजह है कि कस्बे के हर तबके में उनकी स्वीकार्यता साफ दिखाई देती है। शाहजहांपुर जैसे मिश्रित आबादी वाले कस्बे में जहां छोटी-सी बात भी बड़ा रूप ले सकती है, वहां खुर्रम खान ने हमेशा अमन, आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की बात की। उन्होंने कभी धर्म, जाति या वर्ग के आधार पर राजनीति नहीं की, बल्कि इंसानियत और संवाद को अपनी राजनीति का आधार बनाया।



समाजसेवी खुर्रम खान।

### बेदाग छवि, मिलनसार स्वभाव

खुर्रम खान की सबसे बड़ी ताकत उनकी बेदाग छवि है। राजनीति में लंबे समय तक सक्रिय रहने के बावजूद उन पर कभी किसी तरह का आरोप नहीं लगा। मिलनसार स्वभाव, सरल बातचीत और हर व्यक्ति की बात सुनने की आदत ने उन्हें खास बनाया। बुजुर्ग हों या युवा हर कोई उनसे खुलकर बात करता है। इसी कारण खुर्रम खान कस्बे के अधिकांश दो पक्षो के बीच मध्यस्थता कराने में सफल रहे है।

### राजनीतिक विरासत भी मजबूत फिर भी चुनाव से दूरी

खुर्रम खान का परिवार भी राजनीति से जुड़ा रहा है। उनके बड़े भाई अतहर ताहिर खान माछरा ब्लॉक से उप प्रमुख रह चुके हैं और प्रशासनिक व विकास कार्यों का अनुभव रखते हैं। यही वजह है कि खुर्रम खान के पास न सिर्फ सामाजिक समझ है, बल्कि राजनीतिक अनुभव की पारिवारिक विरासत भी है।

दिलचस्प बात यह है कि इतना सब होने के बावजूद खुर्रम ताहिर खान ने हमेशा चुनाव लड़ने से इंकार किया है। उनका मानना रहा है कि समाज सेवा और अमन कायम करना किसी पद का मोहताज नहीं। वे पर्दे के पीछे रहकर लोगों की मदद करना ज्यादा बेहतर समझते हैं। भले ही खुर्रम खान ने स्वयं कस्बे में कभी कोई चुनाव नहीं लड़ा, लेकिन यह हकीकत भी कस्बे की सियासत जानती है कि उनके परिवार की जिस ओर भी नजरे-इनायत हुई, उस ओर की चुनावी नैया पार लगती रही है।

### मील का पत्थर साबित हो सकता है यह चेहरा

स्थानीय लोगों की मानें तो अगर खुर्रम ताहिर खान सक्रिय राजनीति में आगे आते हैं, तो यह चेहरा शाहजहांपुर के लिए मील का पत्थर साबित हो सकता है। आज जब राजनीति में कटुता और टकराव बढ़ रहा है, ऐसे समय में एक शांत, सुलझा और भरोसेमंद चेहरा कस्बे की दिशा बदल सकता है। शाहजहांपुर की सियासत में खुर्रम ताहिर खान भले ही चुनावी मैदान से दूर हों, लेकिन उनका नाम, उनका काम और उनकी सोच आज भी लोगों के दिलों में मजबूती से मौजूद है। सवाल सिर्फ इतना है कि क्या आने वाले वक्त में यह अमन का चेहरा औपचारिक राजनीति में कदम रखेगा? कस्बा आज भी उसी उम्मीद में उनकी ओर देख रहा है।

### गरीबों की करते हैं मदद

क्षेत्र में चर्चा है कि समाजसेवी खुर्रम खान हमेशा गरीब वर्ग का ध्यान रखते हैं व उनकी हर संभव मदद करने में पीछे नहीं हटते। क्षेत्र में ऐसी कई मिसालें लोगों के बीच चर्चा में बनी हुई हैं।

# आज भी लगेंगे जसवंत राय अस्पताल में निशुल्क पेसमेकर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चिकित्सा जगत के क्षेत्र में निरंतर बढ़ते हुए कदम के साथ पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी जसवंत राय स्पेशलिटी अस्पताल में कार्डियो चैरिटी, बोस्टन कार्डियक फाउंडेशन के साथ मिल कर अस्पताल कैंपस में 28 वां निशुल्क स्थाई पेस मेकर Permanent Pacemaker कैंप 9 व 10 फरवरी को किया गया पेसमेकर लगाने की लगभग लागत एक लाख पचास हजार से दो लाख आती है।

जसवंत राय स्पेशलिटी अस्पताल में अब तक लगभग अधिकतम फ्री 735 पेसमेकर लगाए जा चुके हैं। जो पश्चिम उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ी उपलब्धि है। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव अग्रवाल कार्डियो चैरिटी ने बताया कि इस शिविर में 14 मरीजों को फ्री में लगाए गए हैं। डॉ. राजीव अग्रवाल ने बताया कि बदलते आधुनिक युग में दिल के रोगियों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है।




पेसमेकर लगाने में लगभग 30 मिनट का समय लगता है। जिसके बाद मरीजों को पहली जैसी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता। एक पेसमेकर लगभग 10-15 सालों तक काम करता है जरूरत पड़ने पर इसे बदल भी दिया जाता है। अथवा बैटरी भी बदल दी जाती है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि सभी मरीजों को दवाइयां, अस्पताल तथा स्वस्थ रहने के उपरान्त भी मेडिकल फॉलोअप फ्री किया जाएगा। ऐसे दिल के रोगी जिनके दिल की धड़कनों की रफ्तार कम हो रही है वह अपना रजिस्ट्रेशन करालें जिससे उनकी जांच आदि प्रक्रिया करने के उपरांत 2027 में होने वाले फ्री पेसमेकर लगाया जा सके। इस कैंप में पश्चिम उत्तर प्रदेश के मेरठ जनपद से 7, मुजफ्फरनगर से एक, बिजनौर से एक दिल्ली से तीन बुलंदशहर से एक फतेहपुर से एक मरीजों को पेसमेकर लगाए गए, जिनमें चार महिला व 10 पुरुष थे।

# महिला सिपाही न्यायालय में पेश, गैंगस्टर अंकित अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव अकबरपुर सादात निवासी महिला सिपाही को रविवार रात पुलिस ने बरामद किया सोमवार को उसे न्यायालय में पेश कर ब्यान दर्ज कराये गए। न्यायालय की कार्यवाही पूर्ण होने के बाद महिला सिपाही को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया। इसके बाद पुलिस व परिजनों ने राहत की सांस ली हालांकि इस अजीब कहानि में भी पुलिस पर बड़े आरोप लगने के साथ साथ क्षेत्र की पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

बताते चलें कि क्षेत्र के गांव अकबरपुर सादात निवासी महिला सिपाही का शनिवार रात आरोपित गैंगस्टर व हिस्ट्रीशीटर अंकित कुमार ने अपहरण कर लिया था। पुलिस ने रविवार को महिला सिपाही को सकुशल बरामद कर लिया पर अपहरण करने वाला पुलिस के हाथ नहीं लगा। उसके बाद पुलिस प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। बताया गया कि सोमवार को पुलिस ने महिला सिपाही को कोर्ट में पेश कर बयान दर्ज कराये। इसके बाद मेडिकल परीक्षण एवं आवश्यक औपचारिकताये पूरी कर माता पिता के सुपुर्द कर दिया है। क्षेत्राधिकारी मवाना पंकज लवानिया ने बताया कि महिला सिपाही के ब्यान न्यायालय में दर्ज कराये गये हैं। कोर्ट के आदेश के बाद महिला सिपाही को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में दर्ज मुकदमे को लेकर आगे की कार्रवाई न्यायालय के निर्देशों के अनुसार की जाएगी। पुलिस ने आरोपित के घर बीजी लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। उन्होंने कहा कि आरोपित को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### क्या अंकित पर था पुलिस अधिकारियों का आशीर्वाद?

जानकारी के अनुसार गैंगस्टर अंकित क्षेत्र के लिए बड़ा अपराधी था उसका दबदबा किसी से छुपा नहीं है वह हिस्ट्रीशीटर और गैंगस्टर होने के बावजूद क्षेत्र में खुलेआम घूम रहा था लेकिन पुलिस उसे गिरफ्तार करने से भी चूक रही थी, अब ऐसे में यही सवाल खड़ा होता है कि क्या अंकित पर पुलिस अधिकारियों का आशीर्वाद था?

### पिछले साल हुआ था एनकाउंटर

आपको बता दें कि बीते कुछ महीनों पहले ही पुलिस ने अंकित का एनकाउंटर किया था लेकिन सेटिंग का एनकाउंटर इतना मजबूत था कि अंकित पुलिस का कोई भी खौफ को तैयार नही था अब सवाल उठता है कि जो अपराधी एनकाउंटर का भी खौफ नहीं रखता उस पर पुलिस अभी तक क्यों महरबान थी।

### जिला मुजफ्फरनगर के गांव खेड़ी सराय से आनी थी बारात

प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला सिपाही की बारात मुजफ्फरनगर के थाना मीरापुर क्षेत्र के गांव खेड़ी सराय से रविवार को आरक्षी सिपाही की बारात आनी थी। महिला पुलिस अलीगढ़ साइबर क्राइम में तथा दूल्हा सिपाही बन्नादेवी थाना में तैनात है। महिला सिपाही 2020 बैच की कांस्टेबल है। फिलहाल इस मामले में पुलिस महकमे में हड़कंप है।



हिरासत में महिला सिपाही व इनसेट में गैंगस्टर अंकित कुमार का फोटो।

## महिला के साथ तमंचे के बल पर दुष्कर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जानी थाना क्षेत्र के गांव में एक महिला ने एक युवक पर घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की और तमंचे के बल पर बलात्कार का आरोप लगाया है जहां पुलिस ने पीड़िता की तहरीर लेते हुए मुकदमा पंजीकृत कर लिया। जानी ब्लॉक के गांव रसूलपुर धौलड़ी एक महिला ने जानी थाने में तहरीर देते हुए बताया वह घर में अकेली थी और परिजन कहीं गए हुए थे तभी मौका पाकर गांव के लिए एक युवक ने मारपीट की और उसके साथ तमंचे के बल पर बलात्कार की घटना को अंजाम दिया। महिला ने बताया कि लड़के ने कहा कि अगर तूने यह बात किसी को बताई तो जान से मार देगा वहीं पीड़ित महिला जब सारी घटना अपने पति को बताई। परिजन जानी थाने पहुंचे और पुलिस को सारी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने जांच पड़ताल की और आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया। वहीं एसएसआई कपिल देव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया है आरोपी जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा

## शास्त्री बस्ती-1 में हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जागृति विहार स्थित शास्त्री बस्ती-1 में आयोजित हिंदू सम्मेलन अत्यंत भव्यता एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें लगभग 1640 लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सम्मेलन के मुख्य वक्ता पूज्य स्वामी दीपांकर महाराज ने अपनी ओजस्वी एवं प्रेरणादायी वाणी से समस्त हिंदू समाज को एकजुट, संगठित एवं संस्कारवान रहने का सशक्त आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों एवं युवाओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। तन्मय त्यागी द्वारा दुर्गा स्तोत्रम्म, आराध्या त्यागी द्वारा सुंदर नृत्य तथा भूमि द्वारा प्रस्तुत मनमोहक गीत ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। इसके अतिरिक्त नटराज डांस क्लास के बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने सभी की भरपूर सराहना प्राप्त की।

कार्यक्रम में कृष्ण कुमार (प्रांत बौद्धिक प्रमुख, आर.एस.एस.) एवं मंजू (संस्कार प्रमुख, मेरठ प्रांत कुटुंब प्रबोधन) ने अपने विचार रखे।

आयोजन समिति द्वारा सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस सफल आयोजन में हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के संरक्षक अजय गुप्ता, सुरेंद्र सिंह, अजय त्यागी, दीपक आनंद, डॉ. सुधांशु अग्रवाल, डॉ. तरुण गोयल, डॉ. संदीप गर्ग, डॉ. राजकुमार बजाज, डॉ. नितिन गुप्ता, डॉ. मूलचंद सैनी, डॉ. धीरज सिंह एवं राघव का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के उपाध्यक्ष अनिल कुमार श्रीवास्तव एवं रेखा शर्मा, कोषाध्यक्ष अजय माथुर रहे। साथ ही आसाराम त्यागी एवं बालकृष्ण ने भी आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। मंच का कुशल संचालन पवन द्वारा किया गया। सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से यह सम्मेलन अत्यंत सफल, प्रेरणादायी एवं ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ।

## राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियानः ग्राम प्रधानों के दो दिवसीय अनावासिया प्रशिक्षण का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत विकासखंड स्तर पर डिजिटल लिटरेसी विषय पर डिजिटल सशक्तिकरण की ओर ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों का दो दिवसीय अनावासिया प्रशिक्षण विकासखंड किला परीक्षितगढ़ के पूठी ग्राम पंचायत के मिशन न्यू इंडिया भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एडीओ पंचायत डॉक्टर राम नरेश वरिष्ठ फैकेल्टी चरणजीत प्रशिक्षक रेणु गौतम डॉक्टर मदन लाल जुल्फिकार आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षकों ने गांव में कंप्यूटर का उपयोग कंप्यूटर के सॉफ्टवेयर जिनके माध्यम से हम काम करते हैं। इंटरनेट स्मार्टफोन और स्मार्टफोन के फायदे बैंकिंग में ऑनलाइन मोबाइल बैंकिंग ऑनलाइन बैंकिंग करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना है डिजिटल वायलेट के प्रकार जीमेल पे फोनपे भीम पेटीएम अमेजॉनपे यूपीआई आदि के लाभ बताएं सोशल मीडिया पंचायती राज विभाग में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ऑनलाइन सुरक्षा ऑनलाइन धोखा होने पर क्या करें आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी साथ ही बताया कि ग्राम पंचायत विकास योजना सतत विकास लक्ष्यों की 9 थीम में से किसी दो को संकलिप्त कर उस पर काम करना होता है जीपीडीपी से पहले खुली सभा महिला सभा और बालसभा का आयोजन किया जाना चाहिए जिसमें सभी जरूरी मुद्दों को शामिल किया जा सके। इस अवसर पर प्रदीप शर्मा सहित दर्जनों ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# आरके क्लब बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब मुरादाबाद के नाम, किठौर में दिखा खेल का जुनून

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** आरके क्लब द्वारा आयोजित बैडमिंटन टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला मुरादाबाद की टीम ने जीतकर खिताब अपने नाम किया, जबकि आरके क्लब की टीम उपविजेता रही। यह टूर्नामेंट बीते शनिवार शाम 5 बजे प्रारंभ हुआ, ओर रविवार रात्रि में फाइनल हुआ। जिसमें विभिन्न टीमों ने भाग लेकर शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

टूर्नामेंट का आयोजन माननीय संसद बाबू मुनकाद अली के बैडमिंटन प्रेम से प्रेरित होकर किया गया। बताया गया कि बैडमिंटन उनका पसंदीदा खेल है और वे स्वयं भी समय-समय पर आरके क्लब में इस खेल का अभ्यास करते हैं। उनके इसी खेल प्रेम और खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन को ध्यान में रखते हुए आरके क्लब बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना रहा। टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन नगर पंचायत किठौर के चेयरमैन सलमान मुनकाद एवं कुँवर आसिम खान राष्ट्रीय अध्यक्ष, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, लोक जनशक्ति पार्टी द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया और खेल भावना के साथ खेलने का संदेश दिया। फाइनल मुकाबला मुरादाबाद की टीम की ओर से अंश व देवांशु तथा किठौर की ओर से शाहिद (पत्रकार) व वसीम के बीच खेला गया। मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, लेकिन बेहतर समन्वय और दमदार खेल के दम पर मुरादाबाद की टीम ने जीत दर्ज की।

समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता दोनों टीमों को चेयरमैन सलमान मुनकाद, किठौर थाना प्रभारी प्रताप सिंह, जावेद पोप, नासिर त्यागी, हाजी गुफरान गफूरी, हाजी शकील, साईम रजा, फुरकान मुनाजर, आमिल टाली, जलीस त्यागी, उस्ताद मतलूब, पहलवान फ़ुरान, सदाकत भाई, इरफान मुनाजर, परवेज बारी (सभासद), शमसाद अंसारी, डॉ. जुबैर त्यागी (लोटस हॉस्पिटल) एवं डॉ. कासिम (एसीएमओ) द्वारा ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

टूर्नामेंट के सफल आयोजन में कमेटी सदस्यों का विशेष योगदान रहा। आयोजन कमेटी में मोहम्मद गुफरान गफूरी एडवोकेट, अब्दुल्लाह राफा, मुजाहिद वकील, राशिद शकील सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई, जिनके प्रयासों से प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सका। टूर्नामेंट के सफल आयोजन से क्षेत्र में खेलों के प्रति सकारात्मक माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में मौजूद खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे खेल आयोजनों को निरंतर जारी रखने की बात कही।



# सीसीएसयू के मनोविज्ञान विभाग के छात्रों ने राजकीय बाल गृह सूरजकुंड का किया भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा राजकीय बालगृह, सूरजकुंड में सामाजिक उद्देश्य से प्रेरित एक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य बालगृह में निवासरत बच्चों की मनोवैज्ञानिक, भावात्मक एवं व्यावहारिक समस्याओं को समझने तथा उनके साथ सकारात्मक संवाद स्थापित करना था। इस भ्रमण में समिति सदस्य प्रोफेसर आराधना, इतिहास विभाग, प्रोफेसर अल्पना अग्रवाल, विभागाध्यक्ष, मनोविज्ञान विभाग एवं मनोविज्ञान विभाग के अन्य शिक्षक प्रोफेसर संजय कुमार, डॉ. लवलीन तिवारी, दरवेश एवं विभाग के शोध विद्यार्थी अभिषैना, अंजलि तथा अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे!

भ्रमण के दौरान बच्चों के साथ मैत्रीपूर्ण वातावरण में संवाद स्थापित किया गया जिससे वे स्वयं को सहज एवं सुरक्षित महसूस कर सके! बच्चों से बातचीत के माध्यम से उनकी व्यक्तिगत समस्याओं, भावात्मक अनुभव, शिक्षा संबंधी कठिनाइयों, पारिवारिक पृष्ठभूमि तथा भविष्य से जुड़ी आशाओं को समझने का प्रयास किया गया। बातचीत के दौरान कुछ बच्चों में आत्मविश्वास की कमी एवं भावात्मक असुरक्षा भी देखने को मिली जिन पर प्रारंभिक स्तर पर समझ विकसित की गई। भ्रमण के अंत में यह सुझाव भी दिया गया कि भविष्य में बालगृह के बच्चों के लिए काउंसलिंग सत्र, समूह गतिविधियां, जीवन कौशल प्रशिक्षण तथा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं जिससे बच्चों के समग्र व्यक्तित्व विकास में सहायता मिल सके। यह भ्रमण न केवल विद्यार्थियों के लिए एक व्यावहारिक शैक्षणिक अनुभव सिद्ध हुआ, बल्कि समाज के प्रति मनोवैज्ञानिक संवेदनशीलता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को भी सुदृढ़ करने वाला रहा।




## किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ब्लॉक जलीलपुर कार्यकर्ताओं ने किसानों की अनेक जटिल समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड परिसर में मासिक पंचायत का आयोजन किया। पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विचार किया गया तथा सिंचाई, विद्युत, गन्ना भुगतान, खाद व बीज की समस्याओं सहित अनेक समस्याओं का समाधान की मांग उठाई गई। पंचायत का संचालन अर्श मलिक ने किया, जबकि मासिक पंचायत की अध्यक्षता चौधरी कल्याण सिंह ने की। पंचायत में 21 फरवरी 2026 को सैदपुर भट्टे पर चार जिलों की महा पंचायत होगी, जिसमे सभी किसान भाइयों एवं ग्रामीणों से बड़ी संख्या में पंचायत में पहुंचने का आह्वान किया। यह जानकारी देते हुए यूनियन के सक्रिय नेता एवं मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ ने दी। पंचायत में नितिन राणा तहसील अध्यक्ष चांदपुर, राजीव कुमार जिला उपाध्यक्ष आदि रहे।

# मेडिकल कॉलेज में एक दिवसीय सीएमई का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज मेरठ प्राचार्य डॉ आरसी गुप्ता के नेतृत्व में नित नई-नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। इसी क्रम में सोमवार को मेडिकल कॉलेज मेरठ के बायोकेमेस्ट्री विभाग द्वारा एक दिवसीय सीएमई का आयोजन किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य संरक्षक डॉ. आरसी गुप्ता, आयोजन अध्यक्ष डॉ. कृष्ण गोपाल, सचिव डॉ. हिमानी आदि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपरोक्त सीएमई की मुख्य थीम संकाय सदस्यों की अनुसंधान क्षमता निर्माण के लिए प्रमुख रणनीतियां रही। इस एक दिवसीय सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर कार्यशाला, ज्ञानवर्धक विषयों पर चर्चा आदि विभिन्न कार्य किए गए।

सम्मेलन में विभिन्न वक्ताओं द्वारा विभिन्न विषयों जैसे संकाय सदस्यों की अनुसंधान क्षमता निर्माण के लिए प्रमुख रणनीतियां, रोग निदान में नए रास्ते खोलने तथा जैव चिकित्सा अनुसंधान आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। सीएमई में प्रोफेसर अल्पना शर्मा, एडवाइजर, सीएमई, आईसीएमआर, प्रोफेसर सविता यादव डिपार्टमेंट ऑफ बायो फिजिक्स एम्स नई दिल्ली ने उपरोक्त विषयों पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। सीएमई के आयोजन में बायोकेमेस्ट्री विभाग की डॉ देवांशी सिंह का विशेष सहयोग रहा। उपरोक्त सीएमई में मेडिकल कॉलेज मेरठ के समस्त संकाय सदस्य, जूनियर रेजिडेंट, सीनियर रेजिडेंट आदि उपस्थित रहे। सीएमई के आयोजन पर प्राचार्य डॉ. आरसी गुप्ता ने आयोजन समिति को शुभकामनाएं दी तथा भविष्य में इस तरह के ज्ञानवर्धक सम्मेलनों को आयोजित किए जाने हेतु प्रेरित किया।

## तीन दिन से लापता बालक का नहीं लगा सुराग, परिजनों में मचा हड़कंप



**सरधना।** सरधना थाना क्षेत्र के गांव कपसाड़ से लापता 11 वर्षीय बालक का तीसरे दिन भी सुराग हाथ नही लग सका, परिजनों ने बालक की तलाश में हर संभव जगह पर तलाश की, लेकिन सफलता हासिल नहीं हो सकी। थाना क्षेत्र के गांव कपसाड़ निवासी विनोद पुत्र धनसिंह ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि शनिवार सुबह से घर के बाहर खेल रहा उसका 11वर्षीय पुत्र अनिकेत लापता हो गया था, जिसका शाम तक कोई सुराग हाथ नही लग सका था। विनोद ने बताया कि अनिकेत की तलाश में परिजनों ने रिश्तेदारी व परिचितों के यहां भी तलाश किया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी। पुलिस ने विनोद सिंह की तहरीर पर मुकदमा कायम कर लिया है। थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह का कहना था कि लापता बालक की तलाश में पुलिस की टीम लगा दी गई, जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जायेगा।

# धामपुर में घायल मिला राजकीय पक्षी सारस

## टीचर्स कॉलोनी में 30 घंटे के रेस्क्यू के बाद वन विभाग ने बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश का राज्य पक्षी सारस घायल अवस्था में धामपुर के टीचर्स कॉलोनी क्षेत्र में मिलने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि उड़ान के दौरान सारस किसी मांझे अथवा बिजली के तार की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और संतुलन बिगड़ने पर कॉलोनी क्षेत्र में आकर गिर पड़ा। जिस स्थान पर सारस गिरा, वहां नियमित रूप से संघ की शाखा भी लगती है।

घटना की जानकारी मिलते ही मौहल्ले वासियों ने रविवार को वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तुरंत रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। हालांकि घायल होने के बावजूद सारस बार-बार भागने की कोशिश करता रहा, जिससे उसे पकड़ने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रविवार शाम तक टीम ने प्रयास जारी रखे, लेकिन अंधेरा होने के कारण अभियान को रोकना पड़ा। इसके बाद सोमवार सुबह दोबारा रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया।



करीब 30 घंटे तक चले इस अभियान के दौरान वन कर्मियों ने जाल और अन्य उपकरणों की मदद से सारस को पकड़ने का प्रयास किया। आखिरकार दोपहर के समय कड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम को सफलता मिली और घायल सारस को सुरक्षित कब्जे में ले लिया गया। रेस्क्यू के दौरान सारस का जोड़ा भी आसपास मंडराता रहा और घायल साथी को पकड़ते देख बेचैनी में इधर-उधर उड़ता नजर आया।

डिप्टी रेंजर हरगोविंद सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच में सारस के घायल होने का कारण मांझा अथवा बिजली का तार प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि घायल सारस को उपचार के लिए वन विभाग की नर्सरी ले जाया गया है, जहां पशु चिकित्सकों की देखरेख में उसका इलाज कराया जाएगा। स्थिति में सुधार होने के बाद उसे उसके प्राकृतिक वातावरण में छोड़ दिया जाएगा।

घटना के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए और रेस्क्यू ऑपरेशन को देखते रहे। लोगों के बीच इस बात को लेकर चर्चा रही कि हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चीनी मांझे पर सख्त प्रतिबंध के निर्देश दिए गए हैं, इसके बावजूद इस तरह की घटनाएं सामने आना चिंता का विषय है। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि प्रतिबंधित मांझे का प्रयोग न करें और किसी भी घायल वन्यजीव की सूचना तुरंत विभाग को दें, ताकि समय रहते उसकी जान बचाई जा सके।

## कांवड़ियों का ट्रैक्टर पुल पर लटका



**नजीबाबाद।** हरिद्वार जा रहे कांवड़ियों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली मंडावली थाना क्षेत्र में पुल से नीचे लटक गई। यह घटना लकड़हान नदी के समीप दाना-पानी रेस्टोरेंट के पास हुई। यह ट्रैक्टर-ट्रॉली रामपुर से हरिद्वार की ओर जा रही थी। आगे चल रही एक अन्य ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने के कारण पीछे आ रही यह ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित हो गई और लकड़हान नदी के पुल पर लटक गई। सूचना मिलते ही मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल नजीबाबाद से एक हैड्रा क्रेन मंगवाई। क्रेन की मदद से ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीधा किया गया और शिवभक्तों को हरिद्वार के लिए रवाना किया गया। यह शिवभक्त जनपद रामपुर के निवासी थे। इनमें होराम पुत्र शमेघराज सिंह, निवासी चंदूपुरा, थाना टांडा, जनपद रामपुर भी शामिल थे। थाना मंडावली प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि उन्हें लगभग 2:30 बजे इस घटना की सूचना मिली थी। उन्होंने पुष्टि की कि मौके पर पहुंचकर शिवभक्तों को आगे रवाना कर दिया गया और इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

## फादरसन में ब्लेसिंग सेरेमनी

**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में आयोजित ब्लेसिंग सेरेमनी कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के सफल भविष्य एवं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगणों ने विद्यार्थियों को अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर परिश्रम का महत्व समझाया। विद्यार्थियों को तनाव से दूर रहकर सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षकों द्वारा दिए गए आशीर्वाद और शुभकामनाओं से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ा। समारोह में भावनात्मक एवं प्रेरणादायक क्षण देखने को मिले, जिसने विद्यार्थियों को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास प्रदान किया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## दो बाइकों की भिड़ंत

**नहटौर।** धामपुर क्षेत्र के गांव ढक्का करमचंद निवासी साजिद अहमद नहटौर से धामपुर की ओर जा रहा था। मौहल्ला नौधा में स्थित एक बैंकट हॉल के सामने अचानक आई दूसरी बाईक ने उसकी बाईक में टक्कर मार दी, जिसमें साजिद नीचे गिर गया और उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। साजिद का आरा. प है कि दूसरी बाइक पर सवार दो युवकों ने उसके साथ गाली गलौच और मारपीट भी की और भीड़ को आता देख बैंकट हॉल में घुसकर वहां से फरार हो गए। मौके पर भीड़ जमा हो गई। साजिद टैंकर चलाने का काम करता है और ड्यूटी खत्म होने पर बाइक से अपने घर जा रहा था।

## दुकान को कब्जा मुक्त कराया

**नहटौर।** धामपुर मार्ग पर एचएमआई इंटर कॉलेज के सामने गली में फहाद अली उर्फ प्रिंस की दुकाने हैं। उनकी दुकान में शकील अहमद किराएदार था। बताया जाता है की दुकान को खाली कराने के लिए वर्ष 2008 से बिजनौर कोर्ट में वाद चल रहा था। दुकान स्वामी के हक में फैसला आने पर कोर्ट के आदेश पर संग्रह अमीन पुरुषोत्तम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए दुकान को खाली कराया और फहाद अली उर्फ प्रिंस की सुपुर्दगी में दी।

# फांसी के फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

## परिजनों ने हंगामा कर ससुराल पक्ष पर लगाया हत्या का आरोप, पुलिस कर रही पूरे मामले की छानबीन



मृतका का फाइल फोटो





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** कस्बें मे एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। परिजनों ने मौकें पर पहुंचकर जमकर हगामा किया और ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने शव का पंचनामा पर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रटौल निवासी अब्दुल रहमान ने चार माह पहले लोनी के पाबी सादपुर की 20 वर्षीय जुलैखा से प्रेम विवाह किया था जिसके बाद दोनों रटौल आकर एक किराये के मकान मे रहने लगा।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर दोनो में कहासुनी हो गयी जिसके बाद विवाहिता ने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। थोड़ी देर बाद अब्दुल रहमान वहा पहुंचा तो देख हक्का बक्का रह गया। उसने अपनी पत्नी का शव नीचे उतारा और उसके परिजनों को सूचना दी। मौकें पर सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस भी वहा पहुंच गये और जमकर हगामा किया और हत्या का आरोप लगाया। मौकें पर सीओ रोहन चोरसिया और कोतवाल प्रभाकर कैन्तूरा ने पहुंच परिजनों से बात की। पुलिस ने विवाहिता के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना कोतवाल प्रभाकर कैन्तूरा विवाहिता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है अभी कोई तहरीर नही मिली तहरीर के बाद जांच कर कारवाही की जायेगी।

## डीएम ने पुरा महादेव मंदिर क्षेत्र का व्यापक भ्रमण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जनपद बागपत के ऐतिहासिक पुरा महादेव मंदिर में लगने वाला प्रसिद्ध मेला इस बार एक नई पहचान के साथ आयोजित होने जा रहा है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल की पहल पर 14 फरवरी से 16 फरवरी 2026 तक चलने वाला यह मेला पहली बार भक्ति भी, प्रकृति भी के संदेश के साथ जीरो वेस्ट महोत्सव के रूप में संपन्न कराया जाएगा। प्रशासन का लक्ष्य है कि श्रद्धालुओं की आस्था के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश भी जन-जन तक पहुंचे और मेला क्षेत्र में कूड़ा-कचरे की समस्या को जड़ से समाप्त किया जा सके।

जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने पुरा महादेव मंदिर क्षेत्र का व्यापक भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुरा महादेव का फाल्गुनी मेला इस बार जीरो वेस्ट महोत्सव का मॉडल बनेगा जिसे भविष्य में अन्य आयोजनों में भी अपनाया जा सकेगा। इसके तहत मेला क्षेत्र से निकलने वाले कूड़े-कचरे का निस्तारण कर उसे उपयोगी वस्तुओं में बदलकर मंदिर परिसर में ही प्रयोग किया जाएगा।

## खम्बें से टकराने पर कार में लगी आग, युवकों ने कूदकर बचाई जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली मार्ग पर पावन धाम मंदिर के पास एक कार अनियंत्रित होकर खम्बें से जा टकराई, जिसमे बैठे दो युवकों ने कूदकर अपनी जान बचाई। मौकें पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने किसी तरहाआग पर काबू पाया।

मेरठ के रामपुर पावटी गांव थाना जानी निवासी आदेश और व खडौली कंकरखेड़ा निवासी अन्नू भागौट में एक शादी में शरीक होने आये थे जब वह वापस लौट रहे थे तो रात्रि दो बजे रटौल ढिकोली मार्ग पर उनकी कार अनियंत्रित होकर खम्बें से जा टकरायी कार के टकराते ही उसमे आग लग गयी जिससे दोनो युवकों ने कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौकें पर पहुंच गयी और फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी। मौकें पर फायर ब्रिगेड की टीम ने पहुंच आग पर काबू पाया। वही पुलिस ने रोड पर वाहनों को कुछ समय के लिए रोका जिससे गाड़ी मे रखा सिलेंडर न फट जाये आग बुझने के बाद सभी को रवाना किया।

## कुत्तों ने 28 लोगों को काटकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** क्षेत्र में कुत्तों का आतंक बना हुआ है। क्षेत्र में अलग अलग गावों में 28 लोगो को कुत्तों ने काटकर घायल किया जिन्हें रटौल पीएचसी पर रैबीज के टीके लगाये गये है।

रटौल क्षेत्र में लगातार कुत्तों का आतंक बना हुआ है। रोजाना अलग अलग गावों मे कुत्ते लोगो को काटकर घायल कर रहे है। कुत्तों ने लहचौड़ा निवासी महेन्द्र शर्मा, और हरपाल व मुबारिकपुर निवासी बुसरा को काटकर घायल किया गया जिन्हें दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके अलावा नगला निवासी विशू,फुलैरा निवासी महिपाल, विनयपुर निवासी अनुराग सरफाबाद निवासी अरशद, मुबा. रिकपुर निवासी रमजानो, अहमदनगर निवासी इन्द्र, मुबा. रिकपुर निवासी अमित, गौना निवासी अक्शा, रटौल निवासी रिहान, सिगोली तगा निवासी सतेन्द्र, गौना निवासी किशन, रटौल निवासी फरहा, रटौल निवासी समद, लहचौड़ा निवासी सूरज, सरफाबाद शिमला, टुकाली निवासी अंश, सिगोली तगा निवासी किशन, फुलैरा निवासी ओमप्रकाश, लहचौड़ा निवासी तपस्या, फुलैरा निवासी मोहित, फुलैरा निवासी वंश, खैला निवासी देवयानी आदि लोगो को काटकर घायल कर दिया जिन्हें रटौल पीएचसी पर रैबीज के टीके लगाये गये है।

ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है। फार्मेसिस्ट परविन्द्र कुमार ने बताया कि सभी को रैबीज के टीके लगाये गए है।

## एक नजर

### जिलाधिकारी स्वयं मेले में लगने वाले स्टॉल्स और दुकानों तक पहुंची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल का विजन है कि बागपत स्मार्ट सिटी की तर्ज पर आगे बढ़े और मेले का आयोजन भी इतने बेहतर ढंग से हो कि वह भक्ति के साथ साथ प्रकृति को भी बढ़ावा देने का माध्यम बने। इसके लिए प्रशासन मिशन मोड में जुटा है। निरीक्षण के दौरान जिला. धिकारी स्वयं मेले में लगने वाले स्टॉल्स और दुकानों तक पहुंचीं और विक्रेताओं से संवाद किया। उन्होंने निर्देश दिया कि मेले में सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग पूरी तरह बंद रखा जाए। दुकानदारों को कपड़े, कागज या अन्य पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने की सलाह दी गई, ताकि ग्राहकों को सामान देते समय प्लास्टिक थैलियों का उपयोग न हो। प्रशासन ने प्रत्येक स्टॉल पर डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश दिए हैं, जिससे कूड़ा इधर-उधर न फैले। दुकानदार और श्रद्धालु दोनों के सहयोग से यह मेला प्रदेश में स्वच्छ और हरित आयोजन की मिसाल बन सकता है। जीरो वेस्ट महोत्सव की सफलता के लिए मेला क्षेत्र को नगर विकास विभाग द्वारा 9 सेक्टर में विभाजित किया गया है। प्रत्येक सेक्टर में साफ-सफाई और कचरा प्रबंधन की अलग टीम तैनात की गई है। कुल 9 सुपरवाइजर और 84 सफाई कर्मचारी नियमित रूप से सफाई व्यवस्था संभालेंगे। कूड़े के संग्रहण और निस्तारण के लिए 78 कूड़ेदान विभिन्न स्थानों पर लगाए गए हैं, साथ ही कूड़ा उठाने के लिए विशेष गाड़ियां भी तैनात रहेंगी। पेयजल आपूर्ति के लिए 9 पानी के टैंकर लगाए जाएंगे, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ पेयजल आसानी से उपलब्ध हो सके।

### कस्बे में इनामी दंगल का किया जाएगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** टिकरी कस्बे में आज एक इनामी दंगल का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न हिस्सों से पहलवान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और इनामी राशि जीतने का प्रयास करेंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजन कुलदीप राठी द्वारा किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को एक मंच प्रदान करना है ताकि वे अपने भविष्य को संवार सकें। कुश्ती प्रतियोगिता को लेकर पहलवानों और स्थानीय लोगों में काफी उत्साह है। ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए इस तरह के दंगल आयोजित किए जाते हैं। इस दंगल में इनामी राशि 51 हजार रुपये होगी, जिसे बढ़ाया भी जा सकता है। सभी पहलवानों के लिए इसमें निशुल्क एंट्री होगी। दंगल की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और यह शाम 4 बजे आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। कुलदीप राठी ने बताया कि ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं को आगे बढ़ने में मदद करती हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से बड़ी संख्या में पहुंचकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने और इनामी राशि जीतने की अपील की है।

## अधिवक्ताओं ने डीएम व एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन कर की निष्पक्ष जांच की मांग





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर पालिका एक बार फिर विवादों में घिर गई है। नगर पालिका अध्यक्ष एडवोकेट राजुद्दीन और तीन अन्य कर्मचारियों के खिलाफ अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भड़ाना ने मुकदमा दर्ज कराया है। ईओ ने जांच से संबंधित फाइलें गुम होने का आरोप लगाया है।

मुकदमा दर्ज होने के बाद अधिवक्ता और नगर पालिका अध्यक्ष राजुद्दीन के समर्थक एकजुट हो गए। उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय और जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भड़ाना हमेशा विवादों में रहते हैं और पहले भी उनके खिलाफ कई मामले सामने आ चुके हैं। उनका कहना है कि ईओ राजनीतिक द्वेष के चलते अध्यक्ष राजुद्दीन की छवि खराब करना चाहते हैं।

नगर पालिका अध्यक्ष रोजुद्दीन ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि फाइल गुम होने का कोई मामला नहीं है और ये आरोप पूरी तरह गलत हैं। राजुद्दीन के अनुसार, वर्तमान अधिशासी अधिकारी विवादित हैं और पहले भी ऐसी कार्रवाइयों का सामना कर चुके हैं। इससे पहले भी राजुद्दीन को एक भाजपा नेता की शिकायत के बाद बर्खास्त किया गया था, लेकिन न्यायालय के आदेश पर उन्हें फिर से पद पर बहाल किया गया था। फिलहाल, अधिकारी इस पूरे मामले की छानबीन में जुटे हैं और निष्पक्ष जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रहे हैं।

## युवक ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या



मृतक का फाइल फोटो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** रविवार देर रात एक 24 वर्षीय युवक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान खेकड़ा निवासी श्याम वर्मा पुत्र बृजनंदन वर्मा के रूप में हुई है। यह घटना फखरपुर और मुबारकपुर रेलवे हाल्ट के बीच हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मामला घरेलू विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है, हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

परिजनों ने बताया कि रविवार शाम करीब 7 से 8 बजे के बीच श्याम घर से निकला था। रात लगभग 8:30 बजे तक उसकी फोन पर घर वालों से बात हुई, जिसमें उसे घर लौटने के लिए कहा गया। श्याम ने जल्द वापस आने का आश्वासन दिया था। जब काफी समय बीत जाने के बाद भी वह घर नहीं पहुंचा, तो परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। इसी दौरान, रात करीब 10 से 10:30 बजे के बीच उन्हें सूचना मिली कि फखरपुर और मुबारकपुर रेलवे हाल्ट के बीच एक युवक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां श्याम की मौत की पुष्टि हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रात में ही पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। सोमवार सुबह शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है और उसके बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## इस्तीफा देने वाले अलंकार अग्निहोत्री बागपत में किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** यूजीसी के विरोध में इस्तीफा देने वाले अलंकार अग्निहोत्री मंगलवार को बागपत पहुंचे। यहां उन्होंने केंद्र सरकार और सामान्य वर्ग के नेताओं पर यूजीसी को लेकर निशाना साधा। उन्होंने एससी/एसटी एक्ट पर भी सवाल उठाए।

अग्निहोत्री ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार और गृह मंत्री अमित शाह ने एससी/एसटी एक्ट को और अधिक सख्त बनाया है। उन्होंने कहा कि यूजीसी के नाम पर पिछड़े और सामान्य वर्ग को आमने-सामने खड़ा किया जा रहा है। उन्होंने बिहार में पूरे के पूरे गांव पर एससी/एसटी एक्ट लगाए जाने का आरोप लगाते हुए सवाल किया कि क्या कानून का इस्तेमाल न्याय के लिए हो रहा है या डर पैदा करने के लिए। उन्होंने यह भी कहा कि हजारों लोगों के इस्तीफों की खबरें सामने आईं, लेकिन जनप्रतिनिधि चुप हैं।

अग्निहोत्री ने सरकार पर बजट के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया, उदाहरण देते हुए कहा कि पानी की टंकियां बनती हैं और जल्द ही खराब हो जाती हैं, जिसकी कोई जवाबदेही नहीं लेता। उन्होंने दावा किया कि एससी/एसटी एक्ट के जरिए सामान्य और ओबीसी वर्ग का शोषण हो रहा है और कुछ लोग इसे असंवैधानिक तथा मूल अधिकारों का हनन बता रहे हैं। उन्होंने आम जनता से अपने जनप्रतिनिधियों से सवाल पूछने का आग्रह किया। पूर्व मजिस्ट्रेट अलंक. ार अग्निहोत्री का बागपत पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

## गांव में चलाया गया साफ-सफाई अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 से जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार आर्य एवं वरिष्ठ समा. जसेवी मास्टर प्रहलाद सिंह आर्य खेड़ा हटाना के नेतृत्व में सोमवार को निनाना खेड़ा हटाना बिहारीपुर आदि गांव में साफ सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें इस समस्या का समाधान करने का बीड़ा उठाते हुए जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार आर्य वन्य समाजसेवी मास्टर प्रहलाद सिंह आर्य ने कहा कि क्षेत्र में यह विकट समस्या बनती जा रही है जिसे हम लोगों ने यह बीड़ा उठाया है हम गांव की गंदगी को दूर करने का प्रयास हमेशा करते रहेंगे।

उन्होंने गांव-गांव में पहुंचकर सफाई अभियान की समस्या को दूर करने का निर्णय लिया। गांव में फैली गंदगियों को हटवाने के लिए अपनी तरफ से उन्होंने ऑटो रिक्शा छोड़कर इस अभियान की शुरुआत की है। वर्तमान जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार आर्य ने कहा कि हमने जनता से वादे जो किए थे हम उनका वादा पूरा करने में कोई कसर बाकी नहीं रखेंगे। जनता की समस्याओं को दूर करना ही हमारा मकसद रहा है और आगे भी रहेगा। उन्होंने क्षेत्र में नाले निर्माण व खड़ंजे निर्माण सीसी रोड आंखों के कैंप नि:शुल्क एंबुलेंस सेवा रिबोर नल ऑटो रिक्शा छोड़कर सफाई करने आदि कार्य जिला पंचायत के कोटे से कराने के कार्य किए हैं। इनके द्वारा कराए गए कार्यों से वार्ड नंबर 12 की जनता आज बेहद खुश नजर आ रही है। सुनील कुमार आर्य ने बताया कि भविष्य में जो भी कार्य होंगे हमारे क्षेत्र में उनको हम करने का कार्य करते रहेंगे। जनता ने अगर दोबारा मौका दिया तो हम क्षेत्र में ऐसे कार्य कराएंगे जो जनता के हितों के लिए होते हैं। उन्होंने कहा कि काम किया है काम करेंगे जन जन का सम्मान करें वादा नहीं विकास करेंगे क्षेत्र की जनता का सम्मान करेंगे।

## संस्कृति विवि के सैंकड़ों विद्यार्थी बैठे बौद्धआईकेएस परीक्षा में



**मथुरा।** विश्वविद्यालय परिसर में भारत की पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के बारे में जागरूकता पैदा करने और छात्रों की भारतीय ज्ञान, मूल्यों और दर्शन की समझ का आकलन करने के उद्देश्य से भारत बौद्धआईकेएस दृ भारतीय ज्ञान प्रणाली परीक्षा का आयोजन विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान द्वारा किया गया। परीक्षा में संस्कृति विवि के 273 विद्यार्थियों ने भाग लिया। भारत बौद्धआईकेएस दृ भारतीय ज्ञान प्रणाली परीक्षा का उद्देश्य छात्रों के बीच भारत की समृद्ध बौद्धिक, सांस्कृतिक और दार्शनिक विरासत के बारे में जागरूकता, समझ और प्रशंसा को बढ़ावा देना है। इस परीक्षा का लक्ष्य प्रतिभागियों के पारंपरिक भारतीय ज्ञान, मूल्यों, नैतिकता और सीखने की स्वदेशी प्रणालियों के ज्ञान का मूल्यांकन करना है, साथ ही आलोचनात्मक सोच और सांस्कृतिक गौरव को प्रोत्साहित करना है। यह भारतीय ज्ञान प्रणाली को समकालीन शिक्षा के साथ एकीकृत करने, समग्र विकास और भारत की सभ्यतागत विरासत के साथ गहरा संबंध बनाने का भी प्रयास करता है। बौद्धआईकेएस परीक्षा कुलाधिपति, डॉ. सचिन गुप्ता और सीईओ, डॉ. मीनाक्षी शर्मा के मार्गदर्शन और प्रेरणा से सफलतापूर्वक आयोजित की गई। परीक्षा में छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी और संकाय और कर्मचारियों के सदस्यों का सहयोग देखने को मिला। पूरी परीक्षा प्रक्रिया शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई, जो संस्कृति यूनिवर्सिटी की शैक्षणिक उत्कृष्टता और भारत की कालातीत ज्ञान परंपराओं को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। परीक्षा के सुचारू और प्रभावी संचालन के लिए डीन छात्र कल्याण, डॉ. डी. एस. तोमर को समन्वयक नियुक्त किया गया, जबकि स्कूल ऑफ टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी के प्रमुख रतीश कुमार शर्मा नोडल अधिकारी के रूप में कार्यरत रहे।

उनकी कुशल योजना, समन्वय और प्रशासनिक पर्यवेक्षण ने परीक्षा से संबंधित सभी गतिविधियों का निर्बाध निष्पादन सुनिश्चित किया।

**सूचना**

मैं, मीनू धनकर (Meenu Dhanker) पत्नी नंबर 15218971K, Rank HAV नाम प्रवीण कुमार निवासी गांव व डाकघर फेजपुर निनाना तहसील व जिला बागपत पिन-250619 (उ.प्र.) भारत ने मेरे पति के सेना सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम गलत दर्ज होने के कारण अपना नाम Meenu Dhaanker से बदलकर Meenu Dhanker कर लिया है। द्वारा शपथपत्र सं. IN-UP84442946186808Y DT. के माध्यम से 02.02.2026 नोटरी पब्लिक बड़ौत, बागपत (उ.प्र.)

## सफाईकर्मियों द्वारा प्रतिदिन कूड़े का किया जाएगा संग्रहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**बागपत।** सामान्य वर्षों में मेले से बड़ी मात्रा में प्लास्टिक, फूल-माला और खाद्य अपशिष्ट उत्पन्न होता है, जिससे आसपास के क्षेत्र में प्रदूषण की स्थिति बन जाती है। इस बार जीरो वेस्ट महोत्सव के माध्यम से कचरे का पृथक्करण, पुनर्चक्रण और पुनरू उपयोग सुनिश्चित कर पर्यावरणीय प्रभाव को न्यूनतम करने का प्रयास किया जा रहा है।

नगर विकास विभाग के सफाईकर्मियों द्वारा प्रतिदिन कूड़े का संग्रहण किया जाएगा, जिसके बाद स्वयंसेवकों की टीम कचरे को गीला-सूखा सहित विभिन्न श्रेणियों में अलग करेगी। अलग किए गए कचरे को नगर विकास विभाग तथा क्रिएटिव आर्ट इनोवेटर्स के सहयोग से कई उपयोगी रूप दिए जाएंगे। इनमें मंदिर परिसर में बैठने के लिए डेस्क और बैठने की व्यवस्था, परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए सेल्फी प्वाइंट, तथा स्वच्छता बनाए रखने के लिए री-साइकिल्ड डस्टबिन जैसी वस्तुएं तैयार की जाएंगी। वहीं फूल मालाओं जैसी सामग्री से अगरबत्ती बनाए जाने की योजना हैं। प्रशासन का मानना है कि इससे न केवल कचरे का बोझ घटेगा, बल्कि श्रद्धालुओं को वेस्ट टू वेल्थ की प्रेरणा मिलेगी। बागपत में यह मॉडल पर्यावरण के अनुकूल है को भारत सरकार के मिशन लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को बढ़ावा देता है।


## खड़े ट्रक में घुसी तेज रफ्तार कार, हादसे में कार सवार दो युवकों की मौत



मृतक का फाइल फोटो



मृतक का फाइल फोटो



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिले में निर्माणाधीन दिल्ली-देहरादून ग्रीनफील्ड हाईवे पर रविवार देर रात एक सड़क हादसा हो गया। ग्राम कंडेरा के पास खड़े एक ट्रक में तेज रफ्तार कार घुस गई। हादसे में कार सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों युवक शामली से शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया।

निर्माणाधीन दिल्ली-देहरादून ग्रीनफील्ड हाईवे पर ग्राम कंडेरा के पास रविवार की देर रात एक खड़े ट्रक में अनियंत्रित कार घुस गई। इस हादसे में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक शामली से एक शादी समारोह से वापस घर लौट रहे थे। रमाला थाना प्रभारी बच्चू सिंह ने बताया कि निर्माणाधीन हाईवे पर कंडेरा गांव के सामने एक ट्रक खड़ा था। रविवार रात करीब आठ बजे शामली की ओर से आ रही एक सेंट्रो कार पीछे से इस ट्रक में जा घुसी। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने तुरंत पुलिस को हादसे की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और कार में फंसे दो गंभीर रूप से घायल युवकों को बाहर निकाला।

उन्हें तत्काल बड़ौत सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान ग्राम ककौर निवासी सिद्धार्थ पुत्र सतेंद्रपाल और ग्राम बदरखा निवासी सागर पुत्र सुनील के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों युवकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और पीड़ित परिवारों को हादसे की जानकारी दी। पुलिस ने बताया है कि सागर के पिता सुनील होमगार्ड हैं और पीसीआर पर तैनात हैं, जबकि सिद्धार्थ के पिता सतेंद्र भी होमगार्ड हैं और वर्तमान में छपरौली थाने में कार्यरत हैं।

# व्यापारियों की गलतियों का बोझ अधिवक्ताओं पर डालने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कर क्षेत्र में कार्यरत अधिवक्ताओं के कथित उत्पीड़न को लेकर टैक्स बार एसोसिएशन हापुड़ (पंजीकृत) ने पुलिस विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। एसोसिएशन की ओर से पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कहा गया है कि जीएसटी और आयकर से जुड़े मामलों में व्यापारियों पर दर्ज एफआईआर के बहाने पुलिस अधिवक्ताओं को बिना किसी दोष, नोटिस या विधिक प्रक्रिया के जबरन उनके चैंबर से उठाकर थाने ले जा रही है, जो कानून और अधिवक्ता की गरिमा दोनों के खिलाफ है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि पुलिस व्यापारी के कथित धोखाधड़ी या करापंचन के मामलों में असली दोषियों पर कार्रवाई करने के बजाय उनके अधिवक्ताओं को निशाना बना रही है। भारी पुलिस बल के साथ अधिवक्ताओं के चैंबर पर पहुंचकर उन्हें बलपूर्वक थाने ले जाना न केवल गैरकानूनी है, बल्कि अधिवक्ता अधिनियम 1961 और न्यायिक सिद्धांतों का खुला उल्लंघन भी है।

टैक्स बार एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि कर अधिवक्ताओं की भूमिका केवल व्यापारी की फर्म का पंजीकरण कराने, जीएसटी व आयकर रिटर्न दाखिल करने और कानून के अनुसार परामर्श देने तक सीमित होती है। एसोसिएशन ने यह भी कहा कि जीएसटी पंजीकरण के दौरान व्यापारी की पहचान, आधार-पैन सत्यापन और व्यापार स्थल का भौतिक सत्यापन अधिवक्ता नहीं, बल्कि विभागीय अधिकारी स्वयं करते हैं। इसके बावजूद अधिवक्ताओं को दोषी ठहराकर पूछताछ के नाम पर थाने ले जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंता का विषय है। ज्ञापन में पुलिस पर अधिवक्ता और मुवक्किल के बीच संवाद की गोपनीयता भंग करने और स्वतंत्र रूप से पैरवी करने के अधिकार में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया गया है। एसोसिएशन ने पुलिस से मांग की है कि अधिवक्ताओं को भयभीत करने की कार्रवाई तुरंत रोकी जाए। यदि किसी अधिवक्ता से जानकारी आवश्यक हो तो बार एसोसिएशन को विश्वास में लेकर विधि अनुसार नोटिस या समन जारी किया जाए। साथ ही चेता. वनी दी गई कि यदि अधिवक्ताओं के संवैधानिक और वैधानिक



अधिकारों का उल्लंघन जारी रहा तो टैक्स बार एसोसिएशन को विधिक कार्रवाई करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। टैक्स बार एसोसिएशन ने पुलिस अधीक्षक से अपील की है कि अधिवक्ता पेशे की गरिमा का सम्मान करते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को स्पष्ट और सख्त निर्देश जारी किए जाएं, ताकि अधिवक्ताओं के सम्मान और न्याय की रक्षा सुनिश्चित हो सके।

# कानून-व्यवस्था मजबूत करने को पुलिस का सख्त पहरा, हर गतिविधि पर नजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अपराध नियंत्रण, शांति और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, बाजारों और प्रमुख मार्गों पर सघन चेकिंग की जा रही है।

पुलिस टीमों ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन जांच करते हुए आने-जाने वालों से पूछताछ की। चेकिंग के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर कागजातों की जांच की गई, वहीं संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई। पुलिस का उद्देश्य असामाजिक तत्वों में भय का माहौल बनाना और आम नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा पैदा करना है। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान अपराधियों की धरपकड़, अवैध गतिविधियों पर अंकुश और किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम के लिए चलाया जा रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चेकिंग के दौरान बाजारों, व्यावसायिक क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से आम लोगों ने राहत महसूस की। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर जनपद में शांति और सुरक्षा बनाए रखी जा सके।

# पुलिस का जागरूकता अभियान, चाइनीज मांझे के खिलाफ मोर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** चाइनीज मांझे से होने वाली जानलेवा दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में थाना हापुड़ देहात पुलिस ने व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजनमानस को चाइनीज मांझे के खतरों से अवगत कराया गया और दुकानदारों को इसकी बिक्री न करने की सख्त हिदायत दी गई।

पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर बताया कि किस प्रकार चाइनीज मांझा राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों और पक्षियों के लिए घातक साबित हो रहा है। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि यह मांझा न



केवल कानूनन प्रतिबंधित है, बल्कि कई लोगों की जान भी ले चुका है। पुलिसकर्मियों ने आम नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं भी इस तरह के खतरनाक मांझे का प्रयोग न करें और दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। अभियान के दौरान पुलिस ने क्षेत्र के दुकानदारों से संपर्क कर स्पष्ट निर्देश दिए कि चाइनीज मांझे की बिक्री किसी भी स्थिति में न की जाए। पुलिस ने चेतावनी दी कि यदि कोई दुकानदार प्रतिबंध के बावजूद चाइनीज मांझा बेचते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि चाइनीज मांझा कई बार सड़क पर चल रहे लोगों के गले और हाथों में फंसकर गंभीर चोट मौत का कारण बनता है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस लगातार जागरूकता के साथ-साथ सख्त निगरानी भी कर रही है। पुलिस ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं भी चाइनीज मांझे की बिक्री या इस्तेमाल की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग में विद्यार्थियों की सफलता का उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग में एएनएम, जीएनएम एवं बीएससी नर्सिंग अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह अवसर विद्यार्थियों की वर्षों की कड़ी मेहनत, समर्पण और शैक्षणिक यात्रा की सफल पूर्णता का साक्षी बना।

समारोह हर्ष, गर्व और भावनाओं से ओतप्रोत रहा, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रबंधन ने एकजुट होकर भावी नर्सिंग पेशेवरों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ गणमान्य अतिथियों, प्रबंधन प्रतिनिधियों, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के स्वागत के साथ हुआ। पूरे सभागार में उपलब्धि और कृतज्ञता का



वातावरण स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। इस दौरान विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं नैदानिक प्रशिक्षण के दौरान किए गए परिश्रम और अनुशासन की सराहना की गई। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. डा. आर. मनोहरी ने प्रेरणादायी संबोधन में विद्यार्थियों को बधाई देते हुए नर्सिंग पेशे में नैतिकता, अनुशासन, करुणा और आजीवन सीखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से पेशे की गरिमा बनाए रखने और भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास व ईमानदारी से सामना करने का आहवान किया।

एचआर मैनेजर एल. रुबावती ने भी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में व्यावसायिकता, कार्यस्थल नैतिकता, टीमवर्क और करियर विकास से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह में रंग भर दिया। नृत्य, गायन और रैम्प वॉक के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक एवं चेयरमैन डा. जे. रामचंद्रन तथा वाइस चेयरपर्सन राम्या रामचंद्रन ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए समाज सेवा, सहानुभूति और व्यावसायिक प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी।

# घर लौटते भाइयों पर टूटा काल, छोटे की मौत, बड़ा जिंदगी-मौत से जूझ रहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बछलौता रोड पर सोमवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार को गहरे शोक में डुबो दिया। मिट्टी से भरी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने पैदल घर लौट रहे दो भाइयों को कुचल दिया। हादसे में छोटे भाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे हालत नाजुक होने पर मेरठ के अस्पताल रेफर किया गया है। मामला थाना बाबूगढ़ क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार बाबूगढ़ छावनी गांव निवासी राज. कुमार (35) और उनके बड़े भाई राजू (45) पिलखुवा स्थित एक निजी कूरियर कंपनी में कार्यरत थे। सोमवार को ड्यूटी समाप्त होने के बाद दोनों भाई बाईपास के रास्ते बछलौता रोड होते हुए पैदल अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान बाबूगढ़ कट के पास पीछे से आ रही मिठट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि राजकुमार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि राजू गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया और घटना की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने राज. कुमार को मृत घोषित कर दिया। राजू की हालत गंभीर देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद मेरठ रेफर कर



दिया गया। छोटे भाई की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि फरार ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक की तलाश की जा रही है। परिजनों की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# खेल के मैदान से थाने तक, क्रिकेट विवाद में पुलिस की त्वरित कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम उबारपुर में क्रिकेट खेलने के दौरान दो पक्षों के बीच हुए विवाद की घटना में संलिप्त चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल हो सकी और किसी बड़ी अप्रिय घटना को समय रहते टाल दिया गया।

पुलिस के अनुसार ग्राम उबा. रपुर में शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान संजय पुत्र रामनरेश, गोपाल पुत्र मनीराम, मुजाहिद पुत्र रहीसुद्दीन और सोनू उर्फ आमिर पुत्र तौफीक, सभी




निवासी ग्राम उबारपुर थाना हाफिजपुर जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि क्रिकेट खेल के दौरान हुए विवाद ने उग्र रूप ले लिया था, जिससे गांव में तनाव की स्थिति बन गई थी। घटना की सूचना मिलते ही हाफिजपुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए आरोपियों को हिरासत में लिया।

## एक नजर

### दहेज प्रतिषेध अधिनियम के आरोपी पति को पुलिस ने दबोचा

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम के एक गंभीर मामले में नामित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को सिखैड़ा बंबा की पटरी के पास से दबोचकर बड़ी सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सोमवीर उर्फ सोनू तोमर पुत्र ध्रुव सिंह, निवासी ग्राम सिखैड़ा थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। आरोपी पति के खिलाफ बीएनएस की सुसंगत धाराओं के साथ 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज था और वह काफी समय से फरार चल रहा था। पिलखुवा पुलिस ने सूचना के आधार पर सिखैड़ा बंबा की पटरी पर घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उसे थाने लाकर पूछताछ की गई, जहां उसने अपना अपराध स्वीकार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### दहेज विरोधी जन जागरण अभियान समाज सुधार की ओर एक मजबूत कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** शहर में एक महत्वपूर्ण दहेज विरोधी जन जागरण अभियान चलाया गया , जिसमें समाज के जागरूक नागरिकों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। इस अभियान का उद्देश्य समाज में फैली एक गैर–संवैधानिक और अमानवीय प्रथा दहेज के खिलाफ जनमत तैयार करना' तथा विवाह से जुड़ी फिजूलखर्ची और दिखावे वाली गैर शरई रस्मो पर रोक लगाना रहा। जन जागरण में शामिल सभी लोगों ने सर्वसम्मति से यह राय दी कि इस सामाजिक मुहिम को उलमा–ए–हजरात के नेतृत्व में आगे बढ़ाया जाए, ताकि समाज में धार्मिक, नैतिक और सामाजिक रूप से जागरूकता लाई जा सके। अभियान के अंतर्गत विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि शादी के नाम पर होने वाली गैर शरई व अनावश्यक रस्मों को पूरी तरह बंद किया जाए। लड़की पक्ष पर समाज की दावत का जो अतिरिक्त आर्थिक भार डाला जाता है, उसे समाप्त किया जाएसमाज के बुद्धिजीवियों ने कहा कि अगर समाज यह संकल्प ले ले कि बेटी की शादी में भोजन नहीं करेगा, तो एक परिवार के 5 से 10 लाख रुपये तक की बचत संभव है। इससे समाज के कमजोर वर्ग को बहुत बड़ी राहत मिलेगी और गलत परंपराओं पर स्वतः अंकुश लगेगा। जन जागरण में यह भी कहा गया कि 'शादी–विवाह में डीजे और भारी बारात (ध्वनि प्रदूषण फैलाती ह बीमारों और बुजुर्गों को भारी परेशानी होती है रास्ते अवरुद्ध हो जाते हैं यहां तक कि एंबुलेंस तक को निकलने में कठिनाई होती है। इसलिए समाज को जागरूक कर इन गैर–शरई और हानिकारक रस्मों को समाप्त करने का संकल्प लेने की आवश्यकता बताई गई।

# चेतावनी: होली खेलें पर हुडदंग बर्तास्त नहीं : सीओ

**मथुरा।** ब्रज की विश्व प्रसिद्ध होली और आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। त्योहार के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के उद्देश्य से थाना जैंत परिसर में क्षेत्राधिकारी सदर पीतमपाल सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की एक विशेष बैठक संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, संभ्रांत नागरिकों और गणमान्य लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ सदर पीतमपाल सिंह ने कहा कि होली आपसी प्रेम और रंगों का त्योहार है, इसमें खलल डालने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ पुलिस सख्ती से निपटेगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे जबरन रंग डालने, शराब पीकर हुड़दंग करने या तेज आवाज में डीजे बजाने जैसी गतिविधियों से बचें। उन्होंने विशेष रूप से सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं और अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की चेता. वनी दी। अधिकारियों ने बताया कि होली के पर्व पर संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। सीओ सदर ने थाना जैंत पुलिस को निर्देश दिए कि बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर गश्त बढ़ाई जाए।

# मोबाइल चोरी के शक में युवक से बर्बरता कर कानून हाथ में लेने वाले तीन युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने इंसानियत को शर्मसार कर दिया है। वीडियो में कुछ दबंग युवक एक युवक को खेत में लिटाकर बेरहमी से लाठी-डंडों से पीटते नजर आ रहे हैं। मारपीट का तरीका इतना क्रूर है कि देखने वालों के रोंगटे खड़े हो जाएं। यह मामला हापुड़ के आदर्श नगर कॉलोनी का बताया जा रहा है, जहां मोबाइल चोरी के शक में युवक को इस अमानवीय सजा का शिकार बनाया गया।

जानकारी के अनुसार पीड़ित युवक आदर्श नगर कॉलोनी का ही रहने वाला है। आरोप है कि कुछ दबंगों ने उसे घर से बुलाया और फिर उसे खेत में ले जाकर बंधक की तरह पीटना शुरू कर दिया। युवक को जमीन पर लिटाकर लाठी-डंडों से लगातार प्रहार किए गए और पूरी घटना का वीडियो भी बनाया गया।

वीडियो में आरोपी युवक के साथ की जा रही क्रूरता पर खुलकर बातें करते सुने जा सकते हैं। इतना ही नहीं, जब दबंगों का मन मारपीट से नहीं भरा तो वीडियो में यह कहते हुए भी सुना गया कि ये ऐसे नहीं मानेगा, इसे करंट देना पड़ेगा, इसी हालत में उसे डंडों से पीटा जाता रहा। बताया जा रहा है कि युवक पर मोबाइल चोरी का आरोप लगाकर उसे यह सजा दी गई। पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत एसपी कार्यालय में करने की बातकी है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की



है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में भी हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच कर तीन अभियुक्त गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अमित उर्फ जोजो पुत्र कालू, बोबी पुत्र मोनू निवासी गली नंबर 7 आदर्श नगर और विशला उर्फ शूटर पुत्र धर्मसिंह निवासी गली नंबर 5 आदर्श नगर शामिल हैं। थाना प्रभारी विनोद पांडेय ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर तत्काल कार्रवाई की गई है और मामले में आगे की विधिक प्रक्रिया जारी है। पुलिस का कहना है कि कानून हाथ में लेने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### सड़क हादसे में ग्राम प्रधान की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** जनपद के फरह क्षेत्र में रविवार रात हुई सड़क दुर्घटना में ग्राम प्रधान की मौत हो गई, जबकि उनका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को एसएन मेडीकल कालेज आगरा में भर्ती कराया है। आगरा के थाना निबोहरा के गांव मूसेपुर के प्रधान बृजपाल (40) अपनी बाइक से देर रात फरीदाबाद से आगरा वापिस लौट रहे थे। उनके साथ बाइक पर गांव काकरपुर निवासी जगबीर भी थे। रात में करीब 11 बजे उनकी बाइक फतिहा पुल पर साइड में बने फुटपाथ पर चढ़ गई। अंधेरा होने के कारण उनको पुल पर बने फुटपाथ का अंदाजा नहीं लग पाया। बाइक अनियंत्रित होकर फुटपाथ पर काफी दूर तक घिसटती चली गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंचे टोल प्रभारी अभिलाख ने दोनों को तुरंत फरह सीएचसी भर्ती कराया।

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब, (ऑर्डर 5 कायदा 1 व 5),
**न्यायालय उपजिलाधिकारी बडौत, ( बागपत )।**

वाद सं.- सन्
सन्दीप कुमार, बनाम अजेन्द्र कुमार आदि, अं.धारा-116/117 उ.प्र.रा.सं.- 2006, मौजा-सिलाना।

प्रतिवादी/विपक्षी सं.-15 व 16
1-श्रीमती सुमन पत्नी अनुज राठी निवासी ग्राम गांगनौली, तहसील बडौत, जनपद बागपत। 2-श्रीमती बबली पत्नी जसवीर निवासी ग्राम सिलाना, तहसील बडौत, जनपद बागपत।, हरगाह प्रार्थी/वादी ने आपके नाम एक वाद सं.-........सन 2022 मौजा सिलाना योजित किया हैं। लिहाजा आपको हुक्म होता हैं कि आप बतारीख 10/2/26 वक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुक. दमें के हालात से कराकर वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूरात अहम मुतलिल्हका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके, हाजिर हो। दस्तावेज पेश करे जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही दे इस्तदमाल करना चाहते हो। आपको इत्तिला दी जाती हैं कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आप मसमुअ और फैसला होगा।

**न्यायालय उपजिलाधिकारी बडौत, ( बागपत )।**

# उपजा की संगोष्ठी में वक्ताओं के उद्गगार सच्चे देशभक्त



**अलीगढ़।** महामना पंडित मदन मोहन मालवीय ने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के रूप में जिस पौधे को सींचा था आज वह वट वृक्ष के रूप में पल्लवित होकर समूचे देश और विदेश में शिक्षा के रूप में अपनी खुशबू बिखेर रहा है उक्त विचार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अलीगढ़ नीरज जादौन ने नुमाइश के कृष्णांजलि नाट्यशाला में उपजा के तत्वावधान में महामना मालवीय जी का देश के विकास में योगदान विषय पर आयोजित सेमिनार में व्यक्त किए ।उन्होंने कहा कि महामना के आदर्श वाक्य सत्यमेव जयते को जीवन में उतरने की आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन उपजा के तत्वाधान में 'भारत रत्न महामना पं मदनमोहन मालवीय जी' का देश के विकास में योगदान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी के कृष्णांजलि मंच पर किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ बारिश पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन, महामंत्री गंगा सभा तन्मय वशिष्ठ जी अनूप शर्मा, शिक्षाविद डा0 गिर्राज किशोर, डा0 वी.पी. पाण्डेय, उपजा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व मालार्पण कर किया। सेमिनार में गंगा सभा रजि० हरिद्वार के महामंत्री तन्मय वशिष्ठ ने कहा की जात–पात छुआ–छूत के खिलाफ सबसे पहले देश भर में आवाज उठाने वाले श्री मालवीय जी थे उन्होंने सभी को समान मानकर सनातन को आगे बढ़ने का काम किया ऐसे महापुरुष के विचार हमेशा सार्थक रहेंगे। वहीं दूरदर्शन समाचार के सलाहकार संपादक मनीष वाजपेई ने कहा कि मालवीय जी महान स्वतंत्रता सेनानी,पत्रकार व वकील के साथ ही महान शिक्षाविद थे शिक्षा के क्षेत्र में उनके संकल्प और लक्ष्य के आगे उनकी गरीबी भी आगे नहीं आ सकी उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में बीएचयू की स्थापना कर जो कार्य किया वह कभी बुलाया नहीं जा सकता ।कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने करते हुए कहा कि महामना मालवीय देश की ऐसी प्रतिभा थे जिनके आदर्शों पर देश की नही विश्व के अनेक देश हिन्दी को अपना रहे है। ऐसी विलक्षण प्रतिभा के धनी को बार–बार नमन करते हुए उन्होंने कहा कि देश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। सेमिनार में एएमयू के जनसंपर्क विभाग की इंचार्ज श्रीमती विभा शर्मा ने कहा कि मालवीय जी शिक्षा के महत्व को समझते थे इसी को ध्यान में रखकर उन्होंने बी.एच.यू. के रूप में शिक्षा का मंदिर स्थापित किया जहां से अध्ययन कर लाखों की संख्या में छात्र देश–विदेश में अपनी सेवाएं दे रहे हैं ।टीकाराम कॉलेज की पुर्व प्राचार्या प्रो. शर्मिला शर्मा ने युवाओं से आह्वान किया कि अगर वे पंडित जी के जीवन की किसी एक बात को भी अपने जीवन में अपना ले तो उनका जीवन धन्य हो जाएगा। वे हिन्दी के पक्षधर थे इसलिए युवा पीढी गुडमोर्निंग, गुडनाईट छोडकर अभिवादन स्वरूप् प्रणाम जैसे शब्दों को अपनाए। अब समय आ गया है कि गुलामी की दासता को छोडों और राष्ट्रभक्ति को अपनाओं। मालवीय जी में विश्व बंधुत्व की भावना थी और वे सहज तथा सरल व्यक्तित्व के धनी थे।

# किसान के साले की हत्या में तीन को उम्रकैद

## कूड़ा डालने के विवाद में हुई थी हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कूड़ी हटाने के विवाद में जागरण के दौरान किसान के धोखे में साले की फावड़े से हत्या किये जाने के मामले में कोर्ट तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। जबकि 40 हजार पांच सौ रूपये का अर्थदण्ड भी लगाया।

चार साल पूर्व हुआ हत्याकांड सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव सुतारी खुर्द से जुड़ा था। यहां पेशे से किसान विजयपाल सिंह का परिवार रहता है। उनकी ससुराल गजरौला थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानठेर की है। विजयपाल सिंह का कूड़ी हटाने को लेकर गांव के ही रहने वाले भूखन सिंह, उसके बेटे हरिओम और सुनील से विवाद हो गया था। तनाव बढ़ता देख गांव के लोगों ने उस समय मामला निपटा दिया था। 26 सितंबर 2022 की रात विजयपाल सिंह के घर पर मां भगवती का जागरण था। विजयपाल सिंह का 30 वर्षीय साला तोताराम उर्फ सुनील भी जागरण में आया हुआ था। जागरण के बाद विजयपाल सिंह और उनका साला तोताराम उर्फ सुनील घर के ही आंगन में अलग-अलग चारपाई पर चादर ओढ़कर सो रहे थे। तभी भूकंप सिंह, हरिओम और सुनील घर में घुस आए थे, उनके द्वारा फावड़े से किए गए वार में तोताराम उर्फ सुनील की मृत्यु हो गई थी हालांकि, तीनों विजयपाल सिंह की हत्या करने के इरादे से आए थे लेकिन पहचान नहीं होने पर तोताराम पर

**■ किसान के धोखे में उसके साले की कर दी थी हत्या, 40 हजार पांच सौ का जुर्माना भी लगाया**

हमला बोल दिया था। पुलिस की जांच में भी ये ही सामने आया था, विजयपाल सिंह जहां रोजाना सोते थे वहां उनका साला तोताराम उर्फ सुनील सो गया था। पुलिस ने मामले में भूकन सिंह, हरिओम और सुनील के खिलाफ हत्या के आरोप में मुक. दमा दर्ज किया था। बाद में पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार का जेल भेज दिया था। फिलहाल, तीनों जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई जिला जज की कोर्ट में चल रही थी। सोमवार को कोर्ट ने मुकदमे में अंतिम सुनवाई की, पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर भूकंन सिंह, हरिओम और सुनील को दोषी माना। तीनों को उम्रकैद की सजा सुनाई तथा 40500 रुपये का जुर्माना लगाया।

# बाथरूम में फांसी लगाकर महिला ने दी जान

## घर में खेलते रहे मासूम, पति गया था काम पर, घटना से मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** फ्रेंड्स कॉलोनी में पशुओं की देखरेख करने वाले मजदूर की पत्नी का शव बाथरूम में फंदे से लटका मिला, जबकि उसके दो मासूम बच्चे घर में बेखबर खेलते रहे। पति के लौटते ही सामने आए इस दर्दनाक मंजर से कॉलोनी में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

घटना शहर कोतवाली क्षेत्र की फ्रेंड्स कॉलोनी (चूना भट्ठी) की है। यहां पर अरविंद कुमार का परिवार रहता है। उनके यहां भैंसों का पालन होता है। जिनकी देखरेख के लिए चार महीना पहले ही उन्होंने मध्य प्रदेश के जिला शहडोल के थाना वैभारी के गांव आमदी निवासी मोनू को नौकरी पर रखा था। मोनू के परिवार में पत्नी इंद्रकली, पांच साल की बेटी माही व एक दो साल का बेटा जाती कौल है। परिवार पशुओं के घेर के पास बने छोटे सी मकान में रहता है। मोनू व इंद्रकली की शादी लगभग छह साल पहले हुई थी। रविवार दोपहर मोनू किसी काम से घर से बाहर गया हुआ था। घर पर पत्नी इंद्रकली व दोनों बच्चे थे। लगभग दो बजे जब वह घर वापस लौटा तो पत्नी दिखाई नहीं दी जबकि बच्चे घर में ही खेल रहे थे। तलाश के बीच इंद्रवती का शव बाथरूम में फंदे पर लटका मिला। नजारा देख मोनू की चीख निकल गई, शोर सुनकर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी आ गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा है कि महिला ने आत्महत्या की है, कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### कॉलेज से घर लौटते समय गन्ने के खेत में ले गये खींचकर

# नाबालिग छात्रा से दो भाईयों ने किया दुष्कर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इंटर कॉलेज में कक्षा नौ की छात्रा शुक्रवार सुबह घर से कॉलेज के लिए निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। शनिवार सुबह घर पहुंची छात्रा ने परिजनों को जो आपबीती बताई, उससे परिवार ही नहीं बल्कि पूरा इलाका सन्न रह गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र

**■ दो संप्रदायों से जुड़ा है मामला, इलाके में तनाव, पुलिस अलर्ट**

के एक गांव से जुड़ा है। यहां रहने वाले एक किसान की 14 वर्षीय बेटी क्षेत्र में स्थित एक इंटर कालेज में कक्षा नौ की छात्रा है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार सुबह वह रोजाना की तरह कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी लेकिन वह शाम तक भी वापस नहीं लौटी। तलाश के बीच शनिवार सुबह छात्रा घर पहुंची और उसने परिजनों को जो आपबीती बताई उसे सुनकर परिजनों के होश उड़ गए। छात्रा ने बताया कि शुक्रवार दोपहर जब वह कालेज से निकल कर घर आ रही थी तो पास के गांव वाजिदपुर का रहने वाला युवक गौतम उसे जबरन गन्ने के खेत में ले गया। वहां दोनों लगभग तीन घंटे तक रहे। थोड़ी देर बाद गौतम का भाई जैकी वहां आ गया तथा उसने अपने छोटे भाई को वहां से भेज दिया। शाम तक जैकी ने उसे जबरन गन्ने के खेत में रखा तथा बाद में शाम होने पर पाकबड़ा स्थित एक प्लांट में ले गया। जहां उसने दुष्कर्म किया। मामला दो संप्रदाय से जुड़ा होने के चलते लोगों में आक्रोश बन गया। परिजन छात्रा को लेकर शनिवार दोपहर कोतवाली पहुंचे तथा तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी जैकी और गौतम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई, जांच की जा रही है। जल्दी ही आरो. पियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# गौकशी के दो आरोपी पुलिस ने पकड़े

## बजरंग दल के हंगामे के बाद पुलिस ने की कार्रवाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** अमरोहा-मंडी धनौरा मार्ग पर सड़क किनारे गोवंशीय पशुओं के अवशेष मिलने से मचे हंगामे के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनके कब्जे से कटान में इस्तेमाल होने वाले उपकरण भी बरामद किए गए हैं। मामले में एक मीट दुकानदार की संलिप्तता सामने आई है, जिसकी तलाश जारी है।

जानकारी के मुताबिक शनिवार रात नौगावां सादात थाना क्षेत्र में अमरोहा-मंडी धनौरा मार्ग पर एक कालेज के पास सड़क किनारे गोवंशीय पशुओं के अवशेष पड़े मिले थे। गोवंशीय पशुओं का वध करने के बाद अवशेष को यहां फेंका गया था। गोकशी की सूचना मिलने पर पहुंचे बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने मौके पर आकर जमकर हंगामा किया था। पुलिस ने बमुश्किल उन्हें समझा कर गुस्सा शांत करा दिया था। इस मामले में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस तभी से आरोपियों की सुरागकशी में जुटी हुई थी। साथ ही सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही थी, फुटेज से ही आरोपियों का सिरा मिलने पर पुलिस ने सोमवार को गांव सैदपुर इम्मा निवासी शौकीन व अब्दुल रहीम को गिरफ्तार किया, उनके पास से कटान इस्तेमाल होने वाले उपकरण भी बरामद हुए। पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया कि वह शहर के मोहल्ला पनवाड़ी के रहने वाले मोईन के साथ मिलकर क्षेत्र में घूमने वाले छुट्टा गोवंशीय पशुओं को पकड़ कर उनका वध करते थे। मोईन की शहर में मीट की दुकान है। मीट को वह अपनी दुकान पर बेच देता है। मुनाफे के रूप में वह दोनों के पैसे देता था। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। मोईन की दुकान का लाइसेंस निरस्त करने की रिपोर्ट भी भेजी जा रही है, उसे भी जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




■ हसनपुर। नगर में अतिक्रमण हटाती जेसीबी।

# अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुल्डोजर

## दुकानदारों की कर्मियों से हुई तीखी नोकझोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सोमवार को प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर अवैध अतिक्रमण हटवा दिया। इस दौरान दुक. ानदारों और कर्मियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। अधिकारियों ने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। हसनपुर नगर में संभल अड्डे से लेकर रहरा अड्डा के अलावा गजरौला अड्डा पर जगह-जगह दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर रखा है। जिसके चलते आने वाली महाशिवरात्रि पर भारी संख्या में शिव भक्त रास्ते से गुजरेंगे। शिव भक्तों को किसी प्रकार की सुविधा का सामना न करना पड़े। इसको लेकर प्रशासन सतर्क है। इसी को लेकर नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाने का कार्य लगातार किया जा रहा है। बीते दो दिन से शहर में अलाउंस कराकर दुकानदारों से अतिक्रमण को हटाए जाने की अपील की गई थी। सोमवार को एसडीएम हिमांशु उपाध्याय के नेतृत्व में नगर पालिका टीम ने जेसीबी चलाकर अतिक्रमण हटवाया। यह अभियान संभल अड्डा, रहरा अड्डा पर चलाया गया। इसके अलावा दुकानों के आगे से अवैध रूप से बनाये गये स्लैब, लोहे के जाल, टीन शेड, हटवाये गये। साथ ही सड़क किनारे फुटपाथ भी खाली करवाये गये। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान दुक. ानदारों तथा फुटपाथ पर ठेला लगाने वाले लोगों में हड़कंप मचा रहा। एसडीएम हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि शासन के आदेश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चल रहा है। जो लोग अतिक्रमण करेंगे उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान सीओ पंकज कुमार त्यागी, नायब तहसीलदार मनोज कुमार, ईओ विजयपाल सिंह, प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह, कस्बा इंचार्ज राम प्रकाश सिंह, दिनेश बाबू के अलावा नगरपालिका टीम तथा सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## एक नजर

### गन्ना लदे ट्राले से टकरायी कार, तीन घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** हाइवे पर कार आगे चल रहे गन्ना लदे ट्राले में घुस गयी। हादसे में तीन लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार जिला शाहजहांपुर के थाना सिड़ोली क्षेत्र के गांव सिमरिया निवासी फैजान, थाना सदर शाहजहांपुर क्षेत्र के कोम्बोह निवासी नाज, नासिम की पत्नी अर्शी (मुहल्ला चार खम्भा, थाना सदर शाहजहांपुर) तथा कामरान निवासी रिथाली, थाना लखीमपुर खीरी, कार में सवार होकर देर रात दिल्ली से अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में उनकी कार बुढ़नपुर फ्लाईओवर पर आगे चल रहे गन्ना लदे ट्राले में पीछे से जा घुसी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार में फंसे सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से जोया सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने कार चालक कामरान की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए अमरोहा जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अन्य घायलों का उपचार जोया सीएचसी में किया जा रहा है।

### रजिस्ट्री न होने की शिकायत सीएम से

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के पूर्व अध्यक्ष तथा रालोद के क्षेत्रीय महासचिव मुजाहिद चौधरी एडवोकेट ने उत्तर प्रदेश के सब रजिस्ट्री कार्यालयों में लेख पत्रों के निष्पादन व रजिस्ट्री के दौरान आधार वेरिफिकेशन की नई व्यवस्था के कारण हो रही दुश्वारियों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन प्रेषित कर बैनामों लेख पत्रों के सुगमता पूर्वक निष्पादन व रजिस्ट्री के लिए हाथों की उंगलियों व अंगूठे के अतिरिक्त चेहरे और आंखों को स्कैन करने की व्यवस्था लागू करने की मांग की है।

### कैंटर के चारो टायर खोलकर ले गये चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** कोतवाली नगर के मोहल्ला लालबाग हजीरा निवासी सारिक पुत्र अब्दुल खालिक ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर देकर बताया कि उनके पास एक टाटा अल्ट्रा 1518 टी ट्रक है। रविवार की रात उन्होंने अपना ट्रक संभल-हसनपुर रोड पर पार्क किया था। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने ट्रक के पिछले चारों टायर जैक लगाकर खोल लिए और रफूचक्कर हो गये।सुबह जब सारिक मौके पर पहुंचे तो वाहन की हालत देख उनके होश उड़ गये। ट्रक ईंटों और जैक के सहारे खड़ा मिला। पीड़ित ने तत्काल मामले की सूचना स्थानीय कोतवाली पुलिस को दी है। पीड़ित ने चोरों की शिनाख्त कर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने और टायर बरामद करवाने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है ताकि चोरों का सुराग लग सके।

### टैम्पो की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** टैम्पा ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गये। मुरादाबाद जिले के थाना पाकबड़ा क्षेत्र के छीपी वाला निवासी अब्दुल हन्नान और कैलसा रोड पाकबड़ा निवासी अब्दुल आरिफ रविवार शाम बाइक पर सवार होकर अमरोहा जा रहे थे। जब उनकी बाइक डियोड़ी गांव के पास पहुंची, तभी कैलसा की ओर से आ रहे एक टेंपो ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों की मदद से घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# तीन साल तक युवती की लूटता रहा अस्मत

## शादी का झांसा देकर फंसाया, रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** थाना क्षेत्र में महिला ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर पिछले तीन वर्षों से शारीरिक शोषण करने और बाद में मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के अनुसार वह अपनी बीमार बहन की देखभाल के लिए उसके गांव आई हुई थी। इसी दौरान गाँव का रहने वाला आरिफ पुत्र अमीन जो पेशे से ड्राइवर है। उसने पीड़िता की बहन के मोबाइल से उसका नंबर निकाल लिया। आरोप है कि आरिफ ने उसे शादी का झांसा दिया और पिछले 3 वर्षों से उसका शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़िता ने बताया कि उसे हाल ही में पता चला कि आरिफ का किसी अन्य स्थान पर भी प्रेम संबंध चल रहा है। जब उसने इस बारे में आरिफ से पूछताछ की तो आरोपी ने पीड़िता के साथ गाली-गलौज की और उसके साथ मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके पास आरोपी की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विकास सेहरावत ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी आरिफ के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।

# गांवों से जलभराव की समस्या दूर कराएं

## ब्लाक, नगर पंचायत व अस्पताल का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स ने वार्षिक निरीक्षण के तहत सोमवार को ब्लॉक कार्यालय थाना डिडौली एवं नगर पंचायत जोया कार्यालय का निरीक्षण किया।

थाना निरीक्षण के दौरान उन्होने परिसर की स्वच्छता व्यवस्था, अभिलेखों के रख-रखाव, मालखाना, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर सेल, अपराध रजिस्टर एवं सीसीटीवी कंट्रोल रूम की गहनता से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मिशन शक्ति केन्द्र के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता से जुड़े अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाने, साइबर सेल द्वारा साइबर अपराधों के प्रति त्वरित कार्रवाई करने तथा संबंधित कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये। ब्लॉक कार्यालय जोया के निरीक्षण के समय 15वें वित्त आयोग, टाइड और अनटाइड फंड द्वारा किये जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निर्देश दिये कि ऐसे गांव जहां जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती हैं। उनको चिन्हित कर कार्ययोजना बनाते हुए प्राथमिकता से समस्या का



समाधान कराये। गांवों में जल समिति को सक्रिय कराने के निर्देश दिए। स्थापना रजिस्टर, भ्रमण पंजिका और सर्विस बुक देखकर पूर्ण और अद्यतन रखने के निर्देश दिए। हैंडपंप के किये गये। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर शुभि गुप्ता, प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह, बीडीओ जोया सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मदरसा जामिया बरकातिया नुरूल उलूम में जश्ने दस्तारबंदी का आयोजन

# सुन्नतों पर अमल ही कामयाबी का रास्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर के मोहल्ला अहमद नगर रजा कॉलोनी उकसी रायपुर रोड, स्थित मदरसा जामिया बरकातिया नूरुल उलूम में रविवार रात मोहसिन-ए-कायनात कॉन्फ्रेंस व जश्न-ए-दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। आगाज हाफिज अब्दुल कादिर ने कुरआन पाक की तिलावत से किया। जबकि बारगाह रिसालत में नाते पाक आलम रजा निजामी ने पेश की।



मौलाना आसिफ रजा नईमी ने अपनी तकरीर में कहा कि हमें अपने बच्चों को तालीम के साथ ही तरबियत भी देनी चाहिए, क्योंकि जिन बच्चों के पास तालीम है और तरबियत नहीं है, वह बेकार है। हमें हर हाल में तालीम व तरबियत दोनों पर ध्यान देना चाहिए। मौलाना मुफ्ती इमरान हनफी ने कहा कि नबी-ए-करीम की उम्मत सबसे अहम है। इसका अल्लाह ने अलग मुकाम और रुतबा रखा है। मौलाना ने कहा कि नबी की उम्मत अपने सही रास्ते और जिम्मेदारी से भटक गई है, जिसके नतीजे में वह दिक्कत और परेशानियों में घिर गई है। कहा कि मुसलमानों को हालात पर गौर करते हुए संजीदगी से एक-एक कदम सोच समझकर रखना होगा। कहा कि अल्लाह के बताए सही रास्ते पर चलने और सुन्नतों पर अमल करने का यह बेहतर मौका है। वरना फिर समय निकलने पर पछताना पड़ेगा।

रामपुर से तशरीफ लाए हजरत अल्लामा व मौलाना मुकीमुर्रहमान ने दीन की रस्सी को मजबूती से थामने और मोबाइल से बचने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमें साइंस और टेक्नोलॉजी का फायदा उठाना तो चाहिए, लेकिन जिस तरह से हमारी कौम के बच्चे मोबाइल का बेजा और गलत इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे बहुत नुकसान हो रहा है। मोबाइल के बेजा इस्तेमाल से बच्चे चिड़चिड़े हो रहे हैं। उनमें अदब नाम की कोई चीज बाकी नहीं है। इसलिए हमें अपने बच्चों को मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल करने से रोकना चाहिए। आखिर में मुजफ्फरनगर से तशरीफ लाए फरीद हसनैन मियां ने मुल्क व मिल्लत की खुशहाली और तरक्की की दुआ कराई। इस मौके पर मदरसे के मोहतमिम हाफिजघ् व कारी अब्दुल कय्यूम लतीफी, मोहम्मद इरफान उल हकघ् लतीफी, यासिर अंसारी, निजाम पहलवान, नईम अहमद आदि मौजूद रहे।

# हाइवे पर पलटा गन्ना लदा ओवरलोड ट्रक

## मची अफरा तफरी, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर गन्ने से भरा एक ओवरलोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना का लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और यातायात बाधित हो गया।

यह हादसा बीती रात डिडौली कोतवाली क्षेत्र के जोया स्थित हाईवे किनारे मोहल्ला इकबाल नगर में हुआ। तेज रफ्तार से जा रहा गन्ने से लदा ट्रक अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण सड़क पर पलट गया। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि ट्रक पलटते ही लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। घटना से पहले ट्रक के पीछे चल रहे बाइक सवार युवकों ने यह वीडियो बनाया। वीडियो और स्थानीय लोगों के अनुसार, ट्रक में क्षमता से अधिक गन्ना लदा हुआ था, जिससे वाहन असंतुलित होकर पलट गया।हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया और आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को नियंत्रित कर राहत कार्य शुरू किया। पुलिस ने दूसरे ट्रक को बुलाकर सड़क से गन्ना हटवाया और यातायात को सुचारू कराया। फिलहाल, किसी बड़ी जनहानि की पुष्टि नहीं हुई है।

### किंग इलेविन ने सन राइज को तीन विकेट से रौंदा




**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** द आर्यन स्कूल जोया में आयोजित अंडर-12 स्व. श्री जसवंत सिंह (साहब) क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे मुकाबले में किंग इलेवन भारत बुक हाउस ने सनराइजर्स अल्फा हॉस्पिटल को तीन विकेट से शिकस्त दी। मैच में सनराइजर्स अल्फा हॉस्पिटल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवरों में 135 रन बनाए। टीम की ओर से मयंक सैनी ने 30 रन और विराज ने 19 रन बनाए। किंग इलेवन की ओर से सत्यम फतेह और रियाज अहमद ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए किंग इलेवन भारत बुक हाउस ने 29 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर मैच जीत लिया। रियाज अहमद ने 29 रन और निष्कर्ष पनेरा ने 24 रन की अहम पारी खेली। सनराइजर्स की ओर से सांवरिया सिंह और अहमद ने दो-दो विकेट हासिल किए। इस मुकाबले में किंग इलेवन भारत बुक हाउस के सत्यम को मैन ऑफ द मैच और मयंक सैनी को फाइटर ऑफ द मैच चुना गया।

# पुलिस अधीक्षक ने 'किलकारी' और 'संकल्प' का किया लोकार्पण

## थाना स्वार में बाल्य देखभाल कक्ष और आवासीय परिसर का उद्घाटन

शाह टाइम्स



**स्वार।** रामपुर पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को थाना स्वार में आवासीय परिसर "संकल्प" के जीर्णोद्धार और बाल्य देखभाल एवं मातृत्व कक्ष "किलकारी" का उद्घाटन किया। यह लोकार्पण अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर के साथ महिला अधिकारी व कर्मचारियों से फीता कटवाकर संपन्न कराया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी स्वार अतुल कुमार पांडे और क्षेत्राधिकारी टांडा भी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक रामपुर विद्या सागर मिश्र ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस परिवार, विशेषकर महिला अधिकारी, कर्मचारियों और उनके बच्चों की सुविधाओं के लिए ऐसी व्यवस्थाएं अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि आवासीय परिसर "संकल्प" के जीर्णोद्धार से पुलिस परिवारों को बेहतर, स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिलेगा। वहीं, बाल्य देखभाल एवं मातृत्व कक्ष "किलकारी" से महिला अधिकारी और कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में सुविधा होगी। यह पहल महिला सशक्तिकरण और परिवार-हितैषी पुलिस व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कोतवाली प्रभारी कुमार मलिक सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# पुलिस अधीक्षक रामपुर ने जनसुनवाई कर सुनीं फरियादियों की समस्याएं

शाह टाइम्स



**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक रामपुर द्वारा सोमवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसी क्रम में पुलिस लाइन में तैनात कांस्टेबल शहनवाज द्वारा UGC NET परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत पीएचडी (PhD) करने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) प्रदान किए जाने का अनुरोध प्रस्तुत किया गया। पुलिस अधीक्षक रामपुर ने शैक्षिक उन्नयन को प्रोत्साहित करते हुए कांस्टेबल शहनवाज को पीएचडी करने के लिए NOC प्रदान की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस कर्मियों का शैक्षणिक एवं बौद्धिक विकास विभाग की कार्यक्षमता को और अधिक सुदृढ़ करता है। इससे न केवल पुलिस व्यवस्था को मजबूती मिलती है, बल्कि समाज पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जनसुनवाई के दौरान की गई यह कार्रवाई पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं पुलिसझ्जनसंपर्क को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

# सड़क हादसे में एक गंभीर घायल

शाह टाइम्स

**शाहाबाद/रामपुर ।** सोमवार को हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल सीएचसी में भर्ती शाहबाद थाना क्षेत्र के मधुकर गांव निवासी संदेश शाहबाद के चंदौसी रोड पर बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को उपचार के लिए एंबुलेंस की सहायता से शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने घायल को प्राथमिक उपचार देकर घर वापस भेज दिया।

## बैंक के खसरे का प्रिंट ऑनलाइन देखने की व्यवस्था लागू, लेखपाल संघ ने की जनपदवासियों से अपील

शाह टाइम्स

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ जनपद शाखा रामपुर द्वारा बैंक के खसरे का प्रिंट ऑनलाइन वेबसाइट के माध्यम से देखने की व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी को अवगत कराया गया है। लेखपाल संघ ने आम नागरिकों एवं किसानों से अपील की है कि वे खसरे की जानकारी के लिए ऑनलाइन व्यवस्था का अधिक से अधिक उपयोग करें। संघ के जिलाध्यक्ष अमरीश कुमार एवं जिला मंत्री सुनील कुमार सक्सेना ने बताया कि शासन द्वारा वर्ष 1428 फसली से लेखपालों के पास खसरा रखने की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। इसके बावजूद किसान एवं अन्य लोग खसरा देखने के लिए लेखपालों के पास पहुंच रहे हैं, जिससे अनावश्यक भ्रम और असुविधा उत्पन्न हो रही है। लेखपाल संघ के अनुसार अब बैंक के खसरे का प्रिंट उत्तर प्रदेश राजस्व विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। नागरिक वेबसाइट पर जाकर खसरा देखें लिंक पर क्लिक कर जिला, तहसील एवं ग्राम का चयन करते हुए खसरा संख्या दर्ज कर ऑनलाइन विवरण देख सकते हैं। इस संबंध में संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष रूप किशोर पारदी, उपमंत्री तस्लीम अहमद, कोषाध्यक्ष अनूपपाल, ऑडिटर दीपक चौहान, संगठन मंत्री मोहम्मद जुल्फकार एवं मीडिया प्रभारी हिमांशु सक्सेना ने भी संयुक्त रूप से जनपदवासियों से अपील की है कि खसरे से संबंधित जानकारी के लिए ऑनलाइन माध्यम का ही प्रयोग करें, जिससे समय की बचत के साथ पारदर्शिता भी बनी रहे।

# डीएम की बड़ी कार्रवाई: माफिया से मुक्त 400 बीघा भूदान भूमि, गोवंश के लिए हरा चारा मिशन

शाह टाइम्स

**रामपुर।** प्रदेश सरकार की भू-माफिया पर जीरो टॉलरेंस नीति और गोवंश संरक्षण अभियान को रामपुर जिला प्रशासन ने एक साथ धरातल पर उतारते हुए नजीर पेश की है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की पहल पर शाहबाद तहसील में माफिया के कब्जे से मुक्त कराई गई 400 बीघा भूदान भूमि अब बेसहारा गोवंश के लिए जीवनदायिनी साबित होगी। प्रशासन ने इस भूमि पर गोशालाओं के लिए हरा चारा उगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शाहबाद क्षेत्र में नदी किनारे स्थित यह भूदान भूमि आचार्य विनोबा भावे के भूदान आंदोलन के दौरान गरीबों के लिए दान की गई थी। समय के साथ भूदान समिति के निष्क्रिय होने के बाद दबंगों और भू-माफियाओं ने इस सरकारी भूमि पर कब्जा जमा लिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। एसडीएम शाहबाद आशुतोष कुमार के नेतृत्व में लेखपाल, कानूनगो एवं चकबंदी विभाग की टीम द्वारा एक सप्ताह तक सघन अभियान चलाया गया। प्रशासन ने साक्ष्यों के आधार पर बिना किसी विरोध के पूरी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। मुक्त कराई गई भूमि की बाजार कीमत करीब 10 से 11 करोड़ रुपये आंकी गई है। जिलाधिकारी ने अन्य तहसीलों में भी इसी प्रकार की भूदान भूमि की समीक्षा के निर्देश दिए हैं। अतिक्रमण की पुनरावृत्ति रोकने और भूमि के स्थायी उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने इस जमीन को गोवंश संरक्षण से जोड़ने का निर्णय लिया है। खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र पाल सिंह चौहान ने बताया कि मुक्त कराई गई भूमि में से 40 बीघा में चरी चारे की बुवाई तत्काल शुरू कर दी गई है। मार्च-अप्रैल माह में यहां नेपियर घास लगाई जाएगी, जो पोषक तत्वों से भरपूर होती है। इस भूमि पर उगाया जाने वाला हरा चारा शाहबाद तहसील की चार गोशालाओं को नियमित रूप से उपलब्ध कराया जाएगा। इससे गोवंश को पौष्टिक आहार मिलेगा और चारे पर होने वाला सरकारी व्यय भी कम होगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आम नागरिक यदि कहीं अवैध कब्जा देखते हैं तो वे मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिस पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# द न्यू अर्बन को आपरेटिव बैंक में ग्राहक गोष्ठी का आयोजन

शाह टाइम्स




**स्वार।** शनिवार दि न्यू अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, रामपुर की शाखा स्वार में ग्राहक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बैंक से जुड़े अनेक ग्राहकों ने सहभागिता की। गोष्ठी में उपस्थित ग्राहकों ने बैंक द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं– आरटीजीएस/एनईएफटी, मोबाइल बैंकिंग, दैनिक धनलक्ष्मी बचत योजना, माइक्रो फाइनेंस तथा एटीएम सेवाओं– की सराहना की बैठक के प्रारंभ में शाखा प्रबंधक धीरेन्द्र किशोर जौहरी एवं बैंक प्रतिनिधि डॉ. टी.के. चौधरी ने बैंक मुख्यालय से पधारे अधिकारियों का स्वागत किया। गोष्ठी की अध्यक्षता बैंक सचिव मुख्य कार्यपालक अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने की। बैंक मुख्यालय से वरिष्ठ प्रबंधक पंकज भटनागर भी मौजूद रहे सचिव महोदय ने कहा कि अर्बन बैंक ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। साथ ही उन्होंने बैंक की आगामी योजनाओं की जानकारी भी दी। इस अवसर पर बैंक कर्मचारी शोभित किशोर सक्सेना, तुषार चंद्र, अजीत सिंह, फिरासत अली, ब्रजपाल सहित बैंक ग्राहक हामिद गोल्डन, बिलाल हुसैन, विश्वास कुमार, मोहम्मद रिजवान, अंकित शर्मा, जाकिर हुसैन, उसमान मियां, अकील अहमद, शादाब, वीर सिंह राणा, शहनवाज अहमद, विकास राणा, शमशेर अली, मुकिम-उर-रहमान एवं मोहम्मद सारिम आदि मौजूद रहे।

# हार्ट अटैक से महिला की मौत परिवार में शोक को लहर

शाह टाइम्स

**शाहबाद/रामपुर शहर ।** के मोहल्ला सादात निवासी व्यापारी फैजान मियां की माता का हृदय गति रुकने से देहांत हो गया, बताते चले 2 दिन पहले जिस घर में खुशी का माहौल था अचानक सोमवार सुबह घर की खुशियां मातम में बदल गई। नगर के व्यापारी फैजान मियां के मामा फिजाकत अली के बेटे इमरोज अली की शादी शनिवार को हुई थी, रविवार को वलीमे का कार्यक्रम था, सोमवार को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नगर के व्यापारी फैजान मियां की माता जलीसा बेगम भी पहुंची थी,कार्यक्रम तक जलीसा बेगम बिलकुल स्वस्थ थी और परिवार के लोगों के साथ हंसी खुशी से समय बिता रही थी। लगभग रात एक बजे जलीसा बेगम अपनी पुत्रवधू और अपनी बेटी तथा बेटे के साथ वापस घर लौटी परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि रात दो बजे उनकी हालत बिगड़ने लगी। इसी बीच उनके बेटे फैजान मियां ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद जाने के लिए गाड़ी का प्रबंध किया लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। अचानक हुई मौत से परिवार में कोहराम मच गया दो दिन पहले जिस घर में खुशियों का माहौल था वह अचानक गमगीन हो गया। मरहूमा जलीसा बेगम को सोमवार दोपहर में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

# आरबीएसके टीम की सतर्कता से नौ माह के शिशु का समय रहते उपचार शुरू

## डाक्टर सय्यद शाहनवाज और डाक्टर अंकुर ने कराया एनआर सी में भर्ती

शाह टाइम्स



**रामपुर।** विकास खंड मिलक के ग्राम रैठौंडा निवासी नौ माह आयु के शिशु वैभव मौर्य का राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत परीक्षण किया गया। शिशु के पिता का नाम मोरपाल मौर्य है। आरबीएसके टीम, ब्लॉक मिलक के चिकित्सक डॉ. सैयद शानावाज एवं डॉ. अंकुर द्वारा की गई जांच में पाया गया कि शिशु का वजन आयु के अनुसार झ2 एसडी (रऊ) श्रेणी में है, जो कुपोषण की ओर संकेत करता है। समय रहते स्थिति की पहचान होने पर आज दिनांक को शिशु को पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती कराया गया। पोषण पुनर्वास केंद्र में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख में शिशु को संतुलित पोषण, आवश्यक दवाइयाँ एवं समुचित देखभाल प्रदान की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित निगरानी की जा रही है ताकि शिशु शीघ्र स्वस्थ हो सके। आरबीएसके टीम की इस सक्रिय पहल से एक बार फिर यह सिद्ध हुआ है कि समय पर जांच एवं उपचार से कुपोषण जैसी गंभीर समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने शिशु के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

# मारपीट-दुष्कर्म मामले में दो वांछित गिरफ्तार: पुलिस ने की कार्रवाई, एक आरोपी फरार

शाह टाइम्स



**सैफनी/रामपुर ।** थाना क्षेत्र में मारपीट और दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना रविवार को हुई थी, जिसके बाद सोमवार को पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था।पीड़िता ने सोमवार को सैफनी थाने में दी गई तहरीर में बताया कि रविवार को वह रामपुर के जोहर हॉस्पिटल से दवा लेकर एक व्यक्ति के साथ किशनपुर मार्ग से अपने गांव लौट रही थी। इसी दौरान नहर के पास पहले से घात लगाए बैठे अभियुक्तों रनसिंह पुत्र करन सिंह, बबलू पुत्र करन सिंह और सुरेश पुत्र बाबूराम ने उन पर हमला कर दिया। अभियुक्त हथियारबंद थे, उनके पास तमंचे और लाठी-डंडे थे।आरोप है कि हमलावरों ने पीड़िता को जबरन खींचकर खेत में ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। जब पीड़िता ने विरोध किया, तो उन्होंने गाली-गलौच की, मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। इस मामले में थाना सैफनी में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था।सोमवार को सैफनी पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इस अभियोग में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में रनसिंह पुत्र करन सिंह और सुरेश कुमार पुत्र बाबूराम शामिल हैं, जो ग्राम बलुपुरा, थाना सैफनी, जिला रामपुर के निवासी हैं। उन्हें भूड़ा आश्रम गेट, सैफनी से पकड़ा गया।पुलिस ने बताया कि मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। शेष अभियुक्त की तलाश जारी है और आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी।

# हार्ट अटैक से महिला की मौत परिवार में शोक को लहर

शाह टाइम्स

**शाहबाद/रामपुर ।** शहर के मोहल्ला सादात निवासी व्यापारी फैजान मियां की माता का हृदय गति रुकने से देहांत हो गया, बताते चले 2 दिन पहले जिस घर में खुशी का माहौल था अचानक सोमवार सुबह घर की खुशियां मातम में बदल गई। नगर के व्यापारी फैजान मियां के मामा फिजाकत अली के बेटे इमरोज अली की शादी शनिवार को हुई थी, रविवार को वलीमे का कार्यक्रम था, रविवार को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नगर के व्यापारी फैजान मियां की माता जलीसा बेगम भी पहुंची थी,कार्यक्रम तक जलीसा बेगम बिलकुल स्वस्थ थी और परिवार के लोगों के साथ हंसी खुशी से समय बिता रही थी। लगभग रात एक बजे जलीसा बेगम अपनी पुत्रवधू और अपनी बेटी तथा बेटे के साथ वापस घर लौटी परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि रात दो बजे उनकी हालत बिगड़ने लगी। इसी बीच उनके बेटे फैजान मियां ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद जाने के लिए गाड़ी का प्रबंध किया लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। अचानक हुई मौत से परिवार में कोहराम मच गया दो दिन पहले जिस घर में खुशियों का माहौल था वह अचानक गमगीन हो गया। मरहूमा जलीसा बेगम को सोमवार दोपहर में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

# जुगाड़ु में गाय ले जाते युवक को गौ रक्षादल ने पकड़ा, पुलिस को दी तहरीर

शाह टाइम्स



**सैफनी/रामपुर ।** क्षेत्र में सोमवार को गाय को अवैध रूप से ले जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार एक जुगाड़ू वाहन से गाय को रामगंगा नदी की ओर ले जाया जा रहा था। जैसे ही यह जुगाड़ू छितौनी रोड स्थित दानियापुर तिराहे के पास पहुंचा, राष्ट्रीय गौरक्षा दल के जिला अध्यक्ष को इसकी सूचना मिली।सूचना मिलते ही जिलाध्यक्ष अपने कार्यकताओं के साथ मौके पर पहुंचे और जुगाड़ू वाहन को रुकवाकर चालक को अपने कब्जे में ले लिया। पूछताछ के दौरान चालक ने अपना नाम सतीश पुत्र मेहर सिंह निवासी चक कोहनुक, थाना मूंढापांडे, जनपद मुरादाबाद बताया। चालक ने बताया कि वह गोरे रंग की उक्त गाय को सागरपुर निवासी तौसीफ पुत्र यासीन कुरैशी द्वारा खरीदे जाने की बात कहते हुए उसे पहुंचाने जा रहा था।मामले की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय गौरक्षा दल के जिला अध्यक्ष ने तत्काल पशु चिकित्सक को बुलाकर गाय की जांच कराई। जांच में गाय गर्भवती नहीं पाई गई। इसके बाद जिलाध्यक्ष द्वारा पूरे मामले की लिखित तहरीर थाना सैफनी पुलिस को सौंप दी गई।राष्ट्रीय गौरक्षा दल की ओर से मांग की गई है कि इस मामले में शामिल सभी दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, दो क्लीनिक सील

शाह टाइम्स




**सैफनी/रामपुर।** सोमवार को स्वास्थ्य विभाग ने झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए इलाके में हड़कंप मचा दिया। नोडल अधिकारी देवेश चौधरी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान बिना डिग्री के संचालित हो रहे दो फर्जी चिकित्सा केंद्रों को सील कर दिया गया।जानकारी के अनुसार टीम ने इंतजार अली, खरसोल तथा आलम फैक्कर, सैफनी द्वारा संचालित क्लीनिकों की जांच की। जांच के दौरान दोनों क्लिनिकों पर आवश्यक पंजीकरण और वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल प्रभाव से दोनों क्लीनिकों को सील कर दिया।नोडल अधिकारी देवेश चौधरी ने बताया कि झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और आम जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि इलाज केवल पंजीकृत और योग्य चिकित्सकों से ही कराएं।इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के झोलाछाप डॉक्टरों में अफरा-तफरी का माहौल है।

# समस्याओं का समाधान न होने पर गरजे किसान, प्रदर्शन



शाह टाइम्स

**रामपुर।** विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर किसानों ने फिर हुंकार भरी। जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन किया। बाद में डीएम को ज्ञापन सौंपा। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के वरिष्ठ मंडल अध्यक्ष खलील अहमद के नेतृत्व में तमाम किसान अंबेडकर पार्क पर जुटें। यहां पर सभी ने पंचायत में अपनी समस्याएं रखीं। उन्होंने कहा कि अजीमनगर थाना क्षेत्र के ग्राम इगरता में एक मंदिर हैं। यहां पर प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं हैं। जिससे श्रद्धालुओं को काफी परेशानी होती है। लिहाजा मंदिर प्रांगण के साथ ही पथ-प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जाए। इसके अलावा कब्रस्तान की ओर जाने वाला रास्ता काफी बदहाल है। उसकी भी मरम्मत कराई। साथ ही वहां पर किसानों के लिए पानी की भी समुचित व्यवस्था की जाए। इसके बाद सभी कलेक्ट्रेट पहुंचे और नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। बाद में सीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। इस मौके पर श्रीपाल सिंह, मुराद अली, मुन्ने अली, खुर्शीद, रतनलाल, मदनलाल, धर्मसिंह और राजेश्वरी आदि मौजूद रहे।

# डिवाइडर में लगे पेड़ों को पानी दे रहे टोल कर्मी को ट्रक ने कुचला, मौके पर मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर सतुईया पट्टी गांव के पास सोमवार दोपहर मे एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ। राष्ट्रीय राजमार्ग पर डिवाइडर के बीच लगे पेड़ों में पानी लगा रहे टोल कर्मी को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर लगते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया।

मृतक परमानन्द गंगवार (50 वर्ष) पुत्र रोशन लाल गंगवार, गांव खिरका जगतपुर निवासी है। वह राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित टोल प्लाजा पर पांच साल से कार्यरत थे। सोमवार को वह टैंकर से डिवाइडर के बीच लगे पेड़ों में पानी लगा रहे थे, तभी मीरगंज की ओर से आ रहे ट्रक ने उन्हें कुचल दिया।

टक्कर इतनी भीषण थी कि परमानन्द गंगवार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हादसे से आक्रोशित परिजनों ने कुछ समय के लिए हाइवे जाम करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जाम नहीं लगने दिया।

हरिद्वार से झारखंड जा रहा था ट्रक चालक पुलिस ने ट्रक और शाहजहांपुर निवासी चालक प्रदीप को कब्जे में ले लिया है।मृतक अपने पीछे पत्नी जमुना देवी दो बेटी बंदना, मनु और एक बेटा आनंद को छोड़ गए हैं। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत, चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत के मामले में मृतक के भाई ने बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। यह मुकदमा फतेहगंज पश्चिमी थाने में दर्ज किया गया है।

मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव गूला निवासी संजू कुमार पुत्र नत्थू लाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका भाई भगवानदास बीते पांच फरवरी को गांव के ब्रज किशोर के साथ बाइक से बरेली जा रहा था। रास्ते में राधा कृष्ण मंदिर के सामने सड़क किनारे अजय पाल को खड़ा देख भगवानदास ने बाइक की गति धीमी कर दी।

इसी दौरान रुहेलखंड डिपो की रोडवेज बस के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए विपरीत दिशा से आकर बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में भगवानदास, ब्रज किशोर और अजय पाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को खिरका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने भगवानदास को मृत घोषित कर दिया। वहीं ब्रज किशोर और अजय पाल की हालत गंभीर होने पर उन्हें बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मृतक के भाई ने बताया कि अंतिम संस्कार और पारिवारिक कार्यों में व्यस्त होने के कारण वह समय पर मुकदमा दर्ज नहीं करा सका। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रोडवेज बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महाशिवरात्रि शोभायात्रा को लेकर प्रशासन सतर्क



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने शोभायात्रा के रूट और मंदिर परिसर का निरीक्षण किया।

मिर्जापुर चौराहा से शाही कस्बा स्थित सिद्धनाथ मंदिर तक निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर एसडीएम आलोक कुमार, सीओ अजय कुमार तथा एसओ शाही राजेश कुमार बैसला ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने शोभायात्रा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के निर्देश एसओ को दिए। वहीं आयोजकों से शोभायात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की अनुमानित संख्या, रूट व्यवस्था और अन्य तैयारियों की जानकारी ली गई।निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## मध्यांचल विद्युत वितरण निगम जोन-1 में कार्य संस्कृति पर गंभीर सवाल

■ **मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश पर जूनियर कर्मचारियों से दुर्व्यवहार का आरोपः सूत्र**

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**( जिया अब्बास जैदी, मोनू खान )**

**बरेली।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के जोन-1 में मुख्य अभियंता के चार्ज संभालने के बाद से ही विभागीय कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में रहती है, जोन के बिजली मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश के द्वारा अपने से जूनियर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ कथित रूप से अमर्यादित व्यवहार और मानसिक उत्पीड़न किए जाने की बातें एक बार फिर से सामने आने लगीं हैं।

विभागीय सूत्रों की मानें तो कार्यालयों और बैठकों के दौरान अनुशासन के नाम पर कठोर शब्दों का प्रयोग, अपमानजनक भाषा तथा मानसिक दबाव बनाए जाने की स्थिति लगातार बनी रहती है। बताया जा रहा है कि यह सब सीधे तौर पर जोन-1 के बिजली मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश के द्वारा किया जा रहा है, जिससे अधीनस्थ कर्मियों में भय और असहजता का माहौल व्याप्त है।

सूत्रों का कहना है कि अनुशासन बनाए रखना प्रशासनिक दायित्व है, लेकिन उसके नाम पर व्यक्तिगत अपमान, अपशब्दों का प्रयोग और मानसिक प्रताड़ना किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं हो सकती। जबकि इससे पहले अपने बर्ताव को लेकर ये बरेली के प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में भी सुर्खियों में भी रह चुके हैं, जिसमें एक महिला कर्मी के द्वारा इन पर उत्पीड़न का आरोप लगाया जा चुका है, हालांकि उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बता दिया था, फिलहाल तो विभाग के भीतर यह भावना गहराती जा रही है कि इस प्रकार की कार्यशैली से न केवल कर्मचारी मनोबल टूट रहा है, बल्कि कार्य क्षमता भी प्रभावित हो रही है। बताया जा रहा है कि विभाग में उत्पन्न इस आंतरिक तनाव का असर राजस्व वसूली, विद्युत आपूर्ति व्यवस्था तथा सुधार कार्यों पर भी पड़ने लगा है। कर्मचारी मानसिक दबाव के चलते कार्यों को पूरी दक्षता के साथ नहीं कर पा रहे हैं, जिसका प्रतिकूल प्रभाव अंततः आम उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, इस पूरे मामले को लेकर उच्च स्तर पर हस्तक्षेप की आवश्यकता महसूस की जा रही है, ताकि कार्यस्थल पर भयमुक्त, सम्मानजनक और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। अब यह देखना अहम होगा कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के शीर्ष अधिकारी इस गंभीर विषय पर क्या संज्ञान लेते हैं और जोन-1 में व्याप्त असंतोष को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

## लॉक संसाधन केंद्र मीरगंज में ग्राम प्रधानों व प्रधानाध्यापकों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** ब्लॉक संसाधन केंद्र चुरई दलपतपुर में ग्राम प्रधानों एवं प्रधानाध्यापकों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपजिलाधिकारी मीरगंज आलोक कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर एसडीएम आलोक कुमार ने कहा कि ग्राम प्रधानों और प्रधानाध्यापकों के बीच बेहतर समन्वय से परिषदीय विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने शासन की शैक्षिक योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया तथा विकास कार्यों में ग्राम प्रधानों की सक्रिय सहभागिता की अपेक्षा जताई।

खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार ने विकासखंड मीरगंज के ग्राम प्रधानों द्वारा ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों में कराए गए अवस्थापना विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग मिलने की आशा व्यक्त की। उन्होंने विद्यार्थियों को विद्याज्ञान, जवाहर नवोदय विद्यालय सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने पर बल दिया तथा सर्व शिक्षा अभियान और राष्ट्रीय शिक्षा नीति की प्रमुख बिंद. ुओं की जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान पूनम देवी, सचिन मुरारी शर्मा, राजेश कुमार एवं अरविंद कुमार गंगवार ने शारदा योजना, डीबीटी, आउट ऑफ स्कूल बच्चों, आंगनबाड़ी तथा अन्य शैक्षिक योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं सहायक पंचायत अधिकारी वीरपाल ने विभागीय योजनाओं के संबंध में ग्राम प्रधानों को अवगत कराया।कार्यक्रम का संचालन सचिन मुरारी शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए तथा ग्राम प्रधानों को बैज लगाकर सम्मानित किया।उन्मुखीकरण कार्यक्रम को सफल बनाने में नोडल संकुल शिक्षक अमित कुमार, तेज बहादुर, घनश्याम शर्मा, सर्वेश कुमार, रमेश चंद्र मौर्य, प्रमोद गंगवार, शैलेंद्र कुमार सिंह, राजेश कुमार मिश्रा, संजीव कुमार, विजय कुमार आर्य, धन सिंह, देवेंद्र सिंह सहित अन्य शिक्षकों व कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

## पुलिस ने स्मैक तस्करी में दो को भेजा जेल, दो वांछित तलाश जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** सोमवार को पुलिस ने 70 ग्राम स्मैक में गिरफ्तार करके दोनो स्मैक तस्करों को जेल भेज दिया।उन्होंने जिन दो सगे भाई गुलाम साबिर और गुलाम जाबिर से स्मैक खरीदी थी।उनको पुलिस ने वांछित कर दिया।

पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात को एएनए रोड से मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने स्मैक की सौदा कर रहे थाना सीबीगंज के सर्वोदय नगर निवासी दिनेश गुप्ता और कस्बा के मोहल्ला अंसारी निवासी सलमान को गिरफ्तार करके सोमवार को एनडीपीएस कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेज दिया।दोनो के पास 70 ग्राम स्मैक बरामद की गई है।जबकि पुलिस टीम को देखकर भागे स्मैक बेचने वाले कस्बा के मोहल्ला सराय निवासी दोनो सगे भाई गुलाम साबिर,गुलाम जाबिर को पुलिस ने वांछित किया है।

थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया कि आरोपी दिनेश गुप्ता उत्तराखंड हरिद्वार से पिछले महीने स्मैक तस्करी में जेल जा चुका है, जबकि आरोपी सलमान स्थानीय थाना और भमोरा से कई बार जेल जा चुका है।इसके अलावा फरार गुलाम जाबिर पिछले दो सालों में उत्तराखंड के हरिद्वार,स्थानीय थाना से स्मैक तस्करी,आर्म्स एक्ट में चार बार जेल जा चुका है।लेकिन उसके भाई गुलाम साबिर पहली बार वांछित किया गया है।बताया दोनो की तलाश के लिए कई जगह दबिश दी गई है।दोनो घर से फरार है।जल्द गिरफ्तारी करके जेल भेजा दिया जाएगा। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई पंकज कुमार, एसआई प्रदीप कुमार, हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार, हेड कांस्टेबल भूपेन्द्र सिंह, कांस्टेबल लवी कुमार शामिल रहे।

## :-देवरनियां पुलिस का सख्त एक्शन-:

# अवैध तमंचे के साथ शातिर दबोचा

■ **थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में बड़ी कामयाबी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के अन्तर्गत थाना देवरनियां पुलिस ने एक बार फिर अपनी सक्रियता और सतर्कता का परिचय देते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक शातिर अभियुक्त को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने का कार्य किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के स्पष्ट निर्देशों के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्रा के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी अरूण कुमार के प्रभावी पर्यवेक्षण में रविवार को थाना देवरनियां पुलिस द्वारा रात्रिकालीन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान मुखबिर से प्राप्त सटीक सूचना के आधार पर बाजार गुनाह हट्टू से ग्राम खाता की ओर जाने वाले मार्ग पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवक की पहचान अफजल पुत्र नसीर अहमद, निवासी ग्राम रहपुरा गनीमत, थाना देवरनियां, जनपद बरेली के रूप में हुई। युवक के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर



तथा एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। पुलिस ने युवक को ग्राम गुनाह हट्टू के पास रात करीब 10:15 बजे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त अफजल ने स्वीकार किया कि वह पढ़ा-लिखा नहीं है और अपने शौक पूरे करने तथा स्वयं की सुरक्षा के नाम पर अवैध तमंचा रखता था। उसने यह भी बताया कि वह किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में था, लेकिन समय रहते पुलिस की सक्रियता से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में थाना देवरनियां में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए युवक को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस पूरी कार्रवाई में उप निरीक्षक जितेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल हरेंद्र सिंह तथा कांस्टेबल रोहित कुमार की भूमिका सराहनीय रही। टीम ने सतर्कता और सूझबूझ के साथ कार्रवाई कर एक संभावित अपराध को समय रहते विफल कर दिया।

### थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी की सख्ती का दिखा असर

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी के कार्यभार संभालने के बाद से देवरनियां क्षेत्र में अपराधियों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। उनके नेतृत्व में पुलिस द्वारा नियमित गश्त, चेकिंग अभियान और त्वरित कार्रवाई से अपराध पर प्रभावी नियंत्रण देखने को मिल रहा है। अवैध हथियारों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान अपराधियों के लिए चेतावनी बन चुका है।

### कानून व्यवस्था को मिली मजबूती

थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में देवरनियां पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। आम नागरिकों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी सखघ्त कार्यवाही से क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल बना रहेगा।

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई नगर पालिका

■ **चेयरमैन पति ने रोड का किया निरीक्षण, जताई नाराजगी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पांच करोड़ की लागत से बन रहे कस्बे के मुख्य मार्ग के निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर भाजपा नेता द्वारा इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जाने के बाद नगर पालिका परिषद में हड़कंप मच गया।

सोमवार को पालिका अध्यक्ष पति भाजपा नेता नीरेंद्र सिंह राठौर ने कुछ सभासदों और अपने समर्थकों के साथ स्थल का निरीक्षण किया, और मार्ग में लगाई गई घटिया सामिग्री को अपने सामने ही हटवाया। साथ ही निर्माण कार्य में लगे कर्मियों को जमकर फटकार लगाते हुए मानक के अनुसार कार्य करने की चेतावनी दी। विधायक डॉक्टर एमपी आर्य और नगर पालि. का परिषद की अध्यक्षा प्रेमलता राठौर के अथक प्रयासों से सरकार ने कस्बे के मुख्य मार्ग को स्वीकृत कर निर्माण कार्य के लिए पांच करोड़ रुपए आवंटित किया गया। धन आवंटित होने के बाद दो दिन पहले इसका निर्माण कार्य शुरू किया गया था। एक अर्से बाद हो रहे इस मार्ग के निर्माण कार्य में घटिया सामिग्री का इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगाते हुए कस्बे के प्रमुख व्यापारी और भाजपा नेता विनोद गुप्ता ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। वीडियो वायरल होने के बाद जहां पालिका अध्यक्ष की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे थे, वहीं नगर पालिका परिषद में भी खलबली मच गई थी, जिसके चलते सोमवार को नगर पालिका परिषद अध्यक्षा प्रेमलता राठौर के पति नीरेंद्र सिंह राठौर अपने कुछ सभासदों और अपने समर्थकों के साथ निर्माण स्थल पर जा धमके, और अपनी कड़ी नाराजगी जताते हुए कर्मियों की जमकर फटकार लगाई। साथ ही अपने सामने ही निर्माण कार्य में लगाई गई घटिया सामिग्री को हटवाया, साथ ही आगे मानक के अनुसार कार्य करने की चेतावनी दी।



इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पति नीरेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि निर्माण कर्मियों को मानक के अनुसार कार्य करने को कहा गया है, निर्माण कार्य में किसी तरह का कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उनके साथ सभासद रिजवान कैप्टन, अजय गंगवार, उपेन्द्र गंग. वार एड, रामसिंह राठौर आदि शामिल रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## एक नजर

### जुआं खेल रहे पांच अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पुलिस ने जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से नगदी व ताश के पत्ते बरामद किये हैं। पकड़े गए जुआ. रियों को गिरफ्तार कर थाने लाने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बीते रविवार को पुलिस ने शेरगढ़ अड्डे से 100 मीटर दूर कच्चे रास्ते के अंदर जुआं खेल रहे पांच जुआरियों को पकड़ा है। पुलिस ने मौके से 7980/- रुपया तथा 2410/- रुपया अभियुक्तों के कब्जे से कुल 10390/- रुपया व 52 पत्ते ताश के बरामद किये हैं। पकड़े गए अभियुक्तों एवरन सिंह पुत्र जमुना प्रसाद, होरी लाल उर्फ झम्मन लाल पुत्र तुलाराम निवासी ग्राम आदलपुर, उमेश पुत्र चमन प्रकाश निवासी ग्राम इटौआ धुरा, राजेन्द्र पुत्र डालचंद्र गंगवार निवासी ग्राम इटौआ धुरा व अमरपाल पुत्र कल्लू सिंह निवासी ग्राम आदलपुर थाना बहेड़ी जनपद बरेली के खिलाफ धारा 13 जी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### छात्र के खाते से उड़ाए 25 हजार रुपये साइबर क्राइम में दर्ज कराई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के एक युवक के खाते से साइबर ठगों ने 25 हजार रुपए उड़ा लिए। खाते से 25 हजार रुपए कटने का जैसे ही उसके मोबाइल पर मैसेज आया तो फौरन ही उसने इसकी शिकायत सायबर क्राइम को दर्ज कराई।

नगर की इस्लाम नगर बस्ती के पूर्व सभासद मो0 हसन अंसारी के पुत्र मोव फैजान का खाता नगर की यूनियन बैंक में है। 8 फरवरी को शाम 8 बजकर 6 मिनट पर उसके मोबाइल पर 10 हजार रुपए निकालने का मैसेज आया, चन्द सेकेंड के बाद 10 हजार रुपए निकाले जाने का दूसरा मैसेज आ गया, इसके साथ ही 5 हजार रुपए निकाले जाने का एक मैसेज फिर आ गया। छात्र के खाते से 25 हजार रुपये निकाले जाने से उसके घर में खलबली मच गई और तत्काल ही छात्र के पिता पूर्व सभासद मो0 हसन अंसारी ने इसकी शिकायत साइबर क्राइम को ऑनलाइन दर्ज कराई। सोमवार से पूर्व सभासद ने इसकी जानकारी बैंक जाकर शाखा प्रबंधक को दी, इसके साथ ही पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर इसकी जानकारी दी गई।

### एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों ने की सफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर में व्यापक सफाई अभियान चलाया और पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस दौरान स्वयंसेवकों ने लोगों को स्वच्छता और हरित वातावरण के प्रति जागरूक भी किया।शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एस. के. सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और पौधारोपण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अधिक से अधिक पौधे लगाकर ही पर्यावरण का संरक्षण किया जा सकता है। उन्होंने भावी पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के लिए पौधों के संरक्षण पर विशेष जोर दिया।कार्यक्रम अधिकारी बिजेंद्र प्रधान ने कहा कि एनएसएस शिविरों के माध्यम से स्वयंसेवकों में श्रमदान और समाजसेवा की भावना विकसित होती है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग बनाते हैं।कार्यक्रम में वीरेंद्र शर्मा, प्रो. विजय बहादुर बिष्ट, पारुल जैन, रेखा रानी बंसल सहित अन्य शिक्षक व एनएसएस स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### अनुबिस डिग्री कॉलेज में युवाओं को कौशल विकास के लिए किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** अनुबिस डिग्री कॉलेज में एनएसएस के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नागेश्वर प्रसाद शुक्ल ने किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा वर्ग समाज में फैली कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के साथ-साथ स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करें।छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रीति मेहरोत्रा ने छात्राओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी और स्वच्छ व स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। वहीं छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी ताराचंद ने छात्रों से कौशल विकास से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की, जिससे उन्हें भविष्य में रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें।कार्यक्रम में शिक्षकगण, कर्मचारी, प्रशासनिक अधिकारी गयाराम सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### अवैध तमंचे व कारतूस के साथ युवक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहेड़ी।** पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। अवैध तमंचा व कारतूस कब्जे में लेकर पुलिस पकड़े गए युवक को थाने ले आई, और मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया।

दिनांक 08.02.2026 को समय करीब 03.58 बजे शमशान भूमि से थोड़ा आगे दाहिनी तरफ को जाने वाली चकरोड कस्बा बहेड़ी से वारिस पुत्र खतीक निवासी मोहल्ला इस्लामनगर कस्बा व थाना बहेड़ी जिला बरेली उम्र करीब 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक के पास से पुलिस ने एक अदद तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया है। पकड़े गए युवक के खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उसे जेल भेजा दिया।

### सेंथल में चला बुलडोजर, तोड़ी गई स्वीमिंग पूल की विवादित दीवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** सेंथल नगर पंचायत द्वारा बनाये गये नगर की सुन्दरता के लिए स्वीमिंग पूल की दीवार का एक हिस्सा नहर के किनारे की जमीन बना था, जो कि नहर लम्बे समय से सूखी है, उसमें पानी नहीं बहता था, इसलिए स्वीमिंग पूल निर्माण के समय किसी ने ध्यान भी नहीं दिया, व समाज और सिंचाई विभाग की ओर से आपत्ति लगायी गयीं।

बता दें कि वर्ष 2016 में सेंथल हाफिजगंज मुख्य मार्गदर्शन किनारे नगर पंचायत की ओर से स्वीमिंग पूल का निर्माण कराया गया था। निर्माण के कुछ समय बाद से नगर के ही कुछ लोगों द्वारा आपत्ति दर्ज करायी जाने लगी, और कहा जाने लगा कि नहर की जमीन पर अतिक्रमण कर पूल की दीवार बनायीं गयीं है। सिंचाई विभाग की ओर से आपत्ति के बाद जाँच करायी गयीं, जिसमें जाँच के बाद 28 मार्च 2017 को सहायक अभियंता ने नगर पंचायत सेंथल को कब्जा हटाने का नोटिस भेज दिया, लेकिन यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया। पिछले कुछ समय में यह मुद्दा कई बार उठा व ठंडा गया याचिकाकर्ता ने हार न मानते हुए लगातार विरोध जारी रखा। जिस वजह से आज सेंथल में भारी पुलिस बल व तहसीलदार व इत्यादि अधिकारियों की देखरेख में स्वीमिंग पूल की विवादित दीवार को ढहा दिया गया।

### रमजान व शिवरात्रि को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** रमजान और शिवरात्रि के मद्दे नजर यहां थाना हाफिजगंज में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर थाना प्रभारी प्रवीन सिंह सोलंकी ने कहा कि त्यौहार आपसी भाईचारे का संदेश देते हैं और त्यौहार मनाने का आनंद भी तभी आता है जब सब लोग मिलकर मनाते हैं।


पूरे थाना क्षेत्र के लोगों के बीच थाना अध्यक्ष श्री सोलंकी ने हिदायत भी दी, कहा लीग से हटकर चलने वालों पर कानून अपना शिकंजा कसने से भी नहीं चूकेगा। जिलापंचायत सदस्य मुन्ने अंसारी लियाकती ने एकता पर बल देते हुए कहा कि जब तक हम एकता के बंधन में रहते हैं तब पूर्णरूप से सुरक्षित हैं जहां एकता बंधन ढीला पड़ा हम कमजोर होने लगते हैं। बैठक में चौकी इंचार्ज रिठौरा सत्यवीर गिरी,प्रधान खुर्शीद अहमद,ताराचंद,मोहम्मद उमर,प्रधान कलीम आजाद,मोहम्मद नूर,एवं मस्जिदों के इमाम भी मौजूद रहे।

# पाकिस्तान-भारत के बीच विश्व कप मैच पर आखिरी फैसला प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ लेंगे



● **आईसीसी ने बांग्लादेश की मांगों पर पॉजिटिव जवाब दिया और बीसीबी की शिकायतों को दूर करने के लिए फॉर्मूला तैयार किया**

**इस्लामाबाद, वार्ता।** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस बात पर आखिरी फैसला लेंगे कि पाकिस्तान पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 में भारत के मैच का बॉयकॉट जारी रखेगा या नहीं। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी आज दिन में बाद में प्रधानमंत्री शहबाज से मिलकर उन्हें इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के डेलीगेशन के साथ अपनी हालिया बातचीत के बारे में जानकारी देंगे। जियो न्यूज ने सोमवार को बताया कि पाकिस्तान ने बांग्लादेश के साथ एकजुटता दिखाते हुए अपने कट्टर विरोधी भारत के साथ नहीं खेलने के अपने फैसले की घोषणा की है, जिसे सुरक्षा चिताओं के कारण टीम को भारत भेजने से इनकार करने के बाद टूर्नामेंट से हटा दिया गया था। एक दिन पहले,पीसीबी,आईसीसी और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के बीच पांच घंटे से ज्यादा समय तक बातचीत चली, जिसमें नकवी, बीसीबी प्रेसिडेंट अमीनुल इस्लाम बुलबुल और आईसीसी के डिप्टी चेयरमैन इमरान ख्वाजा शामिल हुए थे। जियो न्यूज के मुताबिक, मीटिग के दौरान आईसीसी ने बांग्लादेश की मांगों पर पॉजटिव जवाब दिया और बीसीबी की शिकायतों को दूर करने के लिए एक फॉर्मूला तैयार किया गया। आईसीसी और बीसीबी के बीच प्रपोजल का लेन-देन हुआ, जबकि पीसीबी ने बातचीत के दौरान कोऑर्डिनेट करने में अहम भूमिका निभाई। आईसीसी के डिप्टी चीफ ख्वाजा प्रपोजल को फाइनल मंजूरी देने के लिए काउंसिल के हेडक्वार्टर लौट आए हैं, जबकि बुलबुल ढाका में अधिकारियों को जानकारी देने के लिए बांग्लादेश वापस चले गए हैं। एक बार प्रपोज्ड फॉर्मूला फाइनल हो जाने के बाद, आईसीसी और बीसीबी के अधिकारी सोमवार को बाद में फिर से मिलेंगे ताकि अगला कदम तय किया जा सके। बांग्लादेश और भारतीय क्रिकेट बोर्ड के बीच तनाव तब बढ़ गया जब बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देशों के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से हटा दिया गया, जिससे ढाका में कड़ी प्रतिक्रिया हुई। इसके बाद, बीसीबी ने आईसीसी से बांग्लादेश के मैच भारत से बाहर कराने की रिक्वेस्ट की, लेकिन रिक्वेस्ट खारिज कर दी गई। बाद में आईसीसी ने टूर्नामेंट में बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया, यह कहते हुए कि 7 फरवरी को वर्ल्ड कप शुरू होने के इतने करीब शेड्यूल में बदलाव करना प्रैक्टिकल नहीं है। पीसीबी ने इस फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया दी।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### केएल राहुल के शतक से कर्नाटक सेमीफाइनल में

**मुंबई, वार्ता।** केएल राहुल (130) और आर स्मरण (नाबाद 83) की शानदार पारियों की बदौलत कर्नाटक ने सोमवार को मुंबई पर चार विकेट से जीत दर्ज कर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बना ली। यहां कर्नाटक ने कल के दो विकेट पर 113 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में कर्नाटक का तीसरा विकेट करुण नायर (13) के रूप में गिरा। उन्हें शार्दुल ठाकुर ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए आर स्मरण ने केएल राहुल के साथ चौथे विकेट के लिए 147 रन जोड़कर अपनी टीम की जीत की नींव रखी। इसी दौरान केएल राहुल ने अपना शतक पूरा किया। 58वें ओवर में तुषार ने केएल राहुल को आउट कर पवेलियन भेज दिया।

### जमाल व उनकी टीम ने जीता प्रो. एम

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रोफेशनल जमाल हुसैन और उनकी टीम ने कुतुब गोल्फ कोर्स में डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप का प्रो-एम इवेंट जीता। जमाल की टीम में एमेच्योर डा. अनिल कोहली, नीतू अंबानी, निशांत कालिया और राजीव कपूर शामिल थे और उन्होंने 48-5 का स्कोर बनाया। प्रोफेशनल रोहित बैसोया और उनकी टीम जिसमें एमेच्योर कर्नल अनुज चतुर्वेदी, कर्नल आई एस कोहली और जीवेश नागरथ शामिल थे, 48-8 के स्कोर के साथ प्रो-एम में रनर-अप रहे। होल नंबर 6 पर पिन के सबसे करीब पहुंचने का मुकाबला डी पी सिंह ने जीता, जिन्होंने इसे पिन से दो फीट और दो इंच के अंदर उतारा। होल नंबर 10 सुनील बेनीवाल ने जीता, जिन्होंने इसे पिन से चार फीट के अंदर लैंड किया। नीरज ठाकुर ने होल नंबर 13 पर पिन के सबसे करीब पहुंचकर जीत हासिल की, क्योंकि उनका शॉट पिन से चार फीट और पांच इंच के अंदर लैंड हुआ।

# पहले ही मैच में चोटिल हुए इटली के कप्तान वेन मैडसन

**कोलकाता, वार्ता।** इटली के पहले टी-20 विश्व कप अभियान की शुरुआत बेहद दुर्भाग्यपूर्ण अंदाज में हुई है। स्कॉटलैंड के खलिाफ ईडन गार्डन्स में उनके पहले मैच के चौथे ही ओवर में टीम के कप्तान वेन मैडसन के कंधे पर गंभीर चोट आई। मैडसन मिडविकेट पर फील्डिंग कर रहे थे।

जॉर्ज मंसी के पुल शॉट को रोकने की कोशिश में उन्हें यह चोट लग गई। वह बाईं ओर डाइव करते हुए गेंद को रोकना चाह रहे थे, लेकिन वह प्रैक्टिस पिच पर गिर गए। इसके तुरंत बाद उन्होंने मेडिकल मदद मांगी। थोड़ी देर बाद वह अपने बाएं हाथ को तौलिए से सहारा देते हुए मैदान से बाहर चले गए। 42 साल के मैडसेन इटली के सबसे अनुभवी



क्रिकेटर हैं। वह अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं और उन्हें तुरंत एक्स रे के लिए ले जाया गया। आमतौर पर अगर कंधा डिस्लोकेट होता है तो उससे उबरने में सात से 21 दिन लग सकते हैं, जबकि गंभीर मामलों में इसमें तीन से चार महीने तक का वक्त भी लग सकता है।

# नीदरलैंड्स का मुकाबला नामीबिया से

● **पाकिस्तान का सामना आज कोलंबो में यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका से होगा**

**नई दिल्ली/कोलंबो, वार्ता।** पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 मंगलवार को दो ग्रुप ए लीग मैचों के साथ जारी रहेगा। नीदरलैंड्स का मुकाबला सुबह नई दिल्ली में नामीबिया से होगा, जिसके बाद पाकिस्तान का मुक. ाबला शाम को कोलंबो में यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका से होगा।

नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में, नीदरलैंड्स टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करना चाहेगा, जब वे नामीबिया से भिड़ेंगे। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह 11:00 बजे शुरू होगा। डच टीम को अपने शुरुआती गेम में पाकिस्तान से करीबी हार का सामना करना पड़ा था, जहां 148 रन का बचाव करते हुए डिसिप्लिन्ड बॉलिग परफॉर्मेंस के बावजूद फील्डिंग की चूक महंगी साबित हुई थी। कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स, जिन्होंने उस मैच में 37 रन बनाकर टॉप स्कोर किया था, एक बार फिर नीदरलैंड्स की बैटिग में अहम भूमिका निभाएंगे। ओपनर माइकल लेविट उनके मुख्य अटैकिग ऑप्शन बने हुए हैं, जिन्होंने अपने पिछले सात टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 282 रन बनाए हैं और नामीबिया के खिलाफ हाल ही में हुए मैच में यादगार 135 रन बनाए थे। आर्यन दत्त और पॉल वैन मीकेरेन की लीडरशिप वाली बॉलिग यूनिट ने पहले गेम में उम्मीद जगाई थी और बैटिग-फ्रेंडली सरफेस पर उनका फिर से टेस्ट होगा। नामीबिया ने हाल के महीनों में अपने पिछले नौ में से सात मैच जीतकर, लगातार अच्छे नतीजों के बाद अपना वर्ल्ड कप कैंपेन शुरू किया है। स्कॉटलैंड के खिलाफ वार्म-अप गेम में 88 रन बनाने वाले जान फाइलिक और कप्तान गेरहार्ड इरास्मस टीम की रीढ़ हैं। रूबेन ट्रम्पेलमैन और जेजे स्मिट एक ऐसे बॉलिग अटैक को लीड करते हैं जो हाल के मैचों में असरदार रहा है। हालांकि नामीबिया कॉन्फिडेंस के साथ आ रही है, लेकिन हाल के हेड-टू-हेड नतीजों के आधार पर नीदरलैंड्स का पलड़ा थोड़ा भारी है। दिन में बाद में, पाकिस्तान का सामना कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड में यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका से होगा, मैच लोकल टाइम के हिसाब से शाम 7:00 बजे शुरू होगा। पाकिस्तान ने अपने कैंपेन की शुरुआत नीदरलैंड्स पर तीन विकेट से रोमांचक जीत के साथ की, जिसमें फहीम के आखिरी पलों में किए गए प्रहारों की मदद से टीम को जीत मिली।

# सारा बनी अबू धाबी ओपन की रानी

● **सारा बेजलेक ने एकातेरिना को 7-6(5), 6-1 से हराकर अबू धाबी ओपन का खिताब जीता**

**अबू धाबी, वार्ता।** चेकिया की 20 साल की खिलाड़ी सारा बेजलेक ने एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 7-6 (5), 6-1 से हराकर अबू धाबी ओपन का खिताब जीत लिया।

जीत के बाद बेजलेक ने कहा कि मैं आपको बता सकती हूं कि सारा प्रेशर मुझ पर से निकल गया।मैं बस खुश थी - मेरे दिमाग में कुछ नहीं था। मैं बस उस पल का मजा ले रही थी। क्वालिफायर की आठ दिनों के लाइफ-चेंजिंग बवंडर में यह सातवीं जीत थी। पहले सेट के टाईब्रेक में 4-2 से पीछे होने के बाद, बेजलेक ने आखिरी छह में से पांच पॉइंट जीते और दूसरे सेट को एकतरफा अंदाज में जीतकर यह डब्ल्यूटीए 500 टाइटल अपने नाम कर लिया। बेजलेक डब्ल्यूटीए टूर पर अपनी छाप छोड़ने वाली टैलेंटेड चेक महिलाओं की लंबी लाइन में एक और हैं। शुरू में, उनकी रैंकिंग नंबर 101 थी - सोमवार को, वह नंबर 52 पर पहुंच जायेंगी, जो हमवतन बारबोरा क्रेजसिकोवा से एक स्थान आगे है, जो दो बार की ग्रैंड स्लैम सिगल्स चैंपियन हैं। 49 स्थानों की उस छलांग के बारे में बेजलेक ने कहा कि ओह, इसका बहुत मतलब है। लेकिन मुझे पता है कि इसके पीछे वह सारी मेहनत है जो मैंने और टीम ने पिछले कुछ हफ्तों, महीनों, सालों से की है।

# स्कॉटलैंड ने इटली को हराया

**कोलकाता, वार्ता।** जॉर्ज मंसी (84) और ब्रैंडन मक्मलेन (नाबाद 41) की शानदार पारियों के बाद माइकल लीस्क (नाबाद 22 रन और चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत स्कॉटलैंड ने सोमवार को टी-20 विश्वकप में इटली को 73 रनों से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में जस्टिन मोस्का (शून्य) का विकेट गंवा दिया।

इसके बाद एंथनी मोस्का और जे जे स्मट्स की जोड़ी ने दूसरे विकेट के लिए 31 रन जोड़े। चौथे ओवर में ब्रैडली करी ने जे जे स्मट्स 11 गेंदों में 22 रन को आउटकर पवेलियन भेज दिया। एंथनी मोस्का (13) रन बनाकर आउट हुये। संकट के समय हैरी मनेंटी और बेंजमिन मनेंटी की जोड़ी ने पारी को संभाला। 13वें ओवर में माइकल लीस्क ने हैरी मनेंटी 25 गेंदों में 37 रन को



● **जॉर्ज मंसी ने 84 और ब्रैंडन मक्मलेन की 41 रनों की शानदार पारियों की बदौलत स्कॉटलैंड ने इटली को 73 रनों से हराया**

आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में ऑलिवर डेविडसन ने बेंजमिन मनेंटी को आउट कर पवेलियन भेज दिया। बेंजमिन मनेंटी ने 31 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 52 रन बनाये। इसके बाद स्कॉटलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे इटली के बल्लेबाज नहीं टिक सके और उनकी पूरी टीम 16-4 ओवर में 134 रन पर सिमट गई। स्कॉटलैंड के लिए माइकल लीस्क ने चार विकेट लिए। मार्क वॉट को दो विकेट मिले। ब्रैडली करी, ब्रैड व्हील और ऑलिवर डेविडसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर इटली ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की जॉर्ज मंसी और माइकल जोंस की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 126 रन जोड़े। 14वें ओवर में ग्रांट स्टुअर्ट ने जॉर्ज मंसी को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा।

# राज्यसभा-लोकसभा ने विश्व कप विजेता अंडर-19 टीम को बधाई दी

● **राधाकृष्णन ने टीम की उपलब्धि को उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय अंडर-19 टीम ने भारत का मान बढ़ाया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** राजयसभा और लोकसभा ने सोमवार को अंडर-19 विश्वकप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम की सराहना की और उसे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। यहां राजयसभा में सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सभापति सीपी राधाकृष्णन ने टीम की उपलब्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम ने जिम्बावvे के हरारे में इंग्लैंड को बड़े अंतर से हराकर देश का मान बढ़ाया है।

यह रिकॉर्ड छठी जीत हमारे युवाओं की प्रतिभा और प्रतिबद्धता को दिखाती है। सफलता का श्रेय पूरी टीम को जाता है, खासकर युवा प्रतिभा वैभव सूर्यवंशी की विशेष सराहना करनी होगी जिन्होंने 175 रन बनाये जो अंडर-19 विश्वकप फाइनल में सबसे अधिक है। उन्होंने इस जीत के लिए टीम के सभी सदस्यों, कोच और पूरे सपोर्ट स्टाफ का बधाई देते हुए उनके उजजवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को बताया कि छह फरवरी को अंडर-19 भारतीय क्रिकेट टीम ने विश्व कप जीता है।

## कॉम्प्लान ने युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को ब्रांड एंबेसडर बनाया

**नई दिल्ली, वार्ता।** जाइडस वेलनेस के न्यूट्रिशनल ड्रिक ब्रांड, कॉम्प्लान ने भारतीय क्रिकेट के होनहार और सबसे कम उम्र के शतकवीर वैभव सूर्यवंशी को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। बच्चों की न्यूट्रिशन कैटेगरी में ब्रांड की अहमियत को मजबूत करने के लिए एक स्ट्रेटेजिक कदम के तौर पर, इस अपॉइंटमेंट को कॉम्प्लान के नए नेशनल कैंपेन, 'थोड़ा प्लान, थोड़ा कॉम्प्लान' के लॉन्च के साथ सपोर्ट किया गया है।

कॉम्प्लान के इस लंबे समय से चले आ रहे विश्वास को दिखाते हुए कि बच्चों को अपने सपनों को पूरा करने और उन्हें पूरा करने के लिए मजबूत बनाया जाना चाहिए, यह कैंपेन इस विश्वास पर बना है कि रोजाना की प्लानिग, मांओं के लगातार सपोर्ट और सही न्यूट्रिशन पार्टनर से बड़े सपने पूरे होते हैं। वैभव सूर्यवंशी का सफर इसी विश्वास से काफी मिलता-जुलता है। उनका शुरुआती डिसिप्लिन, कड़ी तैयारी और लगातार फोकस दिखाता है कि कैसे स्ट्रक्चर्ड रूटीन, लगातार कोशिश और मांओं के



लगातार गाइडेंस से, जिसे पूरे न्यूट्रिशन का सपोर्ट मिलता है, एम्बिशन को आकार मिलता है। जाइडस वेलनेस के सीईओ, तरुण अरोड़ा ने कहा कि कॉम्प्लान में, हमारा मकसद हमेशा से ही संभावनाओं को बढ़ावा देना रहा है। जैसे-जैसे बच्चों के न्यूट्रिशन से उम्मीदें बढ़ रही हैं, हम भरोसेमंद, साइंस पर आधारित समाधानों और तैयारी और अनुशासन पर जोर देने वाले मूल्यों के जरिए परिवारों को सपोर्ट करने पर ध्यान दे रहे हैं। वैभव का सफर इसी सोच को दिखाता है।

# हर्षित की सफल सर्जरी हुई



**बेंगलुरु, वार्ता।** तेज गेंदबाज हर्षित राणा, जो चोट के कारण पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर हो गए थे, ने रविवार को भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए राहत की खबर दी, जब उन्होंने बताया कि उनकी सर्जरी सफल रही है। हर्षित ने सोशल मीडिया पर हॉस्पिटल से एक फोटो शेयर की, मुस्कुराते हुए और फैंस को अपनी हालत के बारे में अपडेट करते हुए। युवा पेसर ने कहा कि उनका फोकस अब दो मिशन पर है - जल्दी ठीक होना और टीम इंडिया में वापसी। उनके पॉजटिव अपडेट ने भारतीय कैंप की चिताओं को कम कर दिया है, टीम मैनेजमेंट को उम्मीद है कि वह कॉम्पिटिटिव क्रिकेट में जल्द वापसी करेंगे। भारत के सबसे होनहार तेज गेंदबाजों में से एक माने जाने वाले हर्षित पिछले दो सालों से नेशनल सेटअप में रेगुलर रहे हैं और उन्हें भविष्य का स्टार माना जाता है। हालांकि, मेगा इवेंट शुरू होने से ठीक एक दिन पहले उनके घुटने में चोट लग गई, जिससे वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए। यह चोट टी-20 वर्ल्ड कप से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ प्रैक्टिस मैच के दौरान लगी थी। बॉलिग करते समय, हर्षित को घुटने में तकलीफ हुई, जो तेजी से बिगड़ गई। वह सिर्फ एक ओवर ही कर पाए और मैदान छोड़ने से पहले रन-अप के दौरान दो बार जूझते रहे, उनके घुटने में साफ दर्द था। बाद में मेडिकल जांच से यह कन्फर्म हो गया कि वह टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। उनके हटने के बाद, अनुभवी तेज गें. दबाज मोहम्मद सिराज को भारतीय टीम में उनकी जगह शामिल किया गया। सिराज ने तुरंत असर डाला, यूनाइटेड स्टेट्स के खलिाफ शुरुआती मैच में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने तीन विकेट लिए और भारत की 29 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई।

# सुपर-8 में जगह पक्की करने उतरेंगा न्यूजीलैंड

● **न्यूजीलैंड टी-20 विश्व कप के अपने दूसरे मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात से भिड़ेगी**

**चेन्नई, वार्ता।** अपने पहले मैच में अफगानिस्तान से 2024 की हार का बदला लेने के बाद, न्यूजीलैंड कल यहां वर्ल्ड कप टी 20 मुकाबले में अपने दूसरे मैच में यूनाइटेड अरब अमीरात (यूएई) से भिड़ेगी, जिससे वह इस ग्रुप ऑफ डेथ में सुपर 8 में अपनी जगह पक्की करने की कोशिश करेगी। दो दिनों के मुकाबलों के नतीजों को देखते हुए, जिसमें कम रैंक वाली टीमों ने पसंदीदा टीमों को कड़ी टक्कर दी, इस इवेंट में एक नया घोड़ा उभर सकता है क्योंकि ब्लैक कैप्स को कल एक और कड़ी विरोधी टीम का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि इसे असमान टीमों के बीच का मुक. ाबला माना जा सकता है, लेकिन कीवी टीम चेपॉक स्टेडियम में अपनी विरोधी टीम यूएई से निश्चित रूप से सावधान रहेगी।



जैसा कि सभी कप्तानों ने माना, इस टूर्नामेंट में किसी भी टीम को हल्के में नहीं लिया जा सकता क्योंकि कोई भी टीम उलटफेर करने की काबिलियत रखती है, यह मंत्र सभी पर लागू होता है। इस अहम मैच में, कीवी टीम, जिसने अपने कैंपेन की शुरुआत जीत के साथ की थी, अपने मौके मजबूत करने के लिए बेताब होगी, जिसके लिए टॉप ऑर्डर को अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। वे एक बार फिर टिम सीफर्ट से टॉप ऑर्डर में धमाकेदार प्रदर्शन करने की उम्मीद करेंगे, साथ ही फिन एलन और रचिन रवींद्र भी, जो उसी जगह पर अफगानों के खिलाफ गोल्डन डक पर आउट हो गए थे। पेसरों और स्पिनरों से भरी टीम में काफी दम है और वे साफ तौर पर फेवरेट के तौर पर शुरुआत करेंगे, लेकिन मैदान पर उनका प्रदर्शन सबसे ज्यादा मायने रखता है। कीवी टीम शायद उसी टीम को बनाए रखेगी जिसने अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराया था और सुपर 8 में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को पूरा करेगी। दूसरी ओर, यूएई एक उभरती हुई टीम है, जिसने इस टूर्नामेंट से पहले फुल मेंबर देशों के खिलाफ हाल ही में कुछ सफलता हासिल की है। वर्ल्ड कप स्टेज पर तीसरी बार वापस आकर, वे 2022 में नामीबिया को हराकर, इस कॉम्पिटिशन में अपनी पिछली अकेली जीत में और इजाफा करने की उम्मीद करेंगे। मुहम्मद वसीम ने उस दिन फिफ्टी बनाई थी और टीम के शानदार बैटर के तौर पर देश की उम्मीदें उन पर टिकी होंगी। उन्होंने पिछले मई में बांग्लादेश पर सरप्राइज सीरीज जीत में शानदार प्रदर्शन किया था, जबकि हैदर अली ने बॉल से शानदार प्रदर्शन किया था। जुनैद सिद्दीकी 2022 स्क्वॉड के सिर्फ तीन बचे हुए खिलाड़ियों में से एक हैं, और यूएई को उम्मीद होगी कि वे अपने ग्रुप राइवल्स की तुलना में अनुभव की इस कमी को दूर कर सकें।

# शूट-ऑफ में मनु से फिसला स्वर्ण, 24 मी. पिस्टल में ईशा को कांस्य

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2026 में 25 मीटर महिला पिस्टल के रोमांचक फाइनल में भारत की मनु भाकर स्वर्ण पदक से बेहद करीब रहकर चूक गईं। डा. कर्णी सिंह शूटिग रेंज में खेले गए इस फाइनल में वियतनाम की थुई त्रांग गुयेन ने दो शूट-ऑफ के बाद स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

वहीं, ईशा सिंह ने इस चैंपियनशिप में अपना दूसरा व्यक्तिगत पदक जीतते हुए कांस्य हासिल किया। जूनियर वर्ग में नाम्या कपूर ने एक और बेहद रोमांचक शूट-ऑफ में स्वर्ण पदक जीता, जबकि इसी स्पर्धा में अंजलि भगवत ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही भारत के कुल पदकों की संख्या 60 तक पहुंच गई है, जिसमें 37 स्वर्ण, 13 रजत और 10 कांस्य पदक शामिल हैं। फाइनल में ईशा सिंह ने पहली सीरीज में परफेक्ट पांच शॉट लगाकर शानदार शुरुआत की, जबकि मनु भाकर और थुई त्रांग ने चार-चार शॉट लगाए। तीनों निशानेबाजों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और हर सीरीज के बाद पदक की स्थिति बदलती रही। भारतीय निशानेबाज लगातार वियतनामी खिलाड़ी पर दबाव बनाए हुए थे, लेकिन छठी सीरीज में गुयेन के परफेक्ट पांच शॉट्स ने उन्हें दो अंकों की बढ़त दिला दी। सातवीं सीरीज में गुयेन के एक शॉट लगाने का फायदा मनु और ईशा ने उठाते हुए अंतर कम कर दिया। आठवीं सीरीज के बाद 30 अंकों के साथ बढ़त पर चल रहीं ईशा सिंह नौवीं सीरीज में सभी शॉट चूक गईं।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# संसद में तमाशा

इस समय संसद का बजट सत्र चल रहा है और मुद्दों की भी कमी नहीं है। तमाम तरह का तमाशा हो रहा है, लेकिन अगर नहीं हो रही है, तो चर्चा नहीं हो रही है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं कि उन्हें सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है। नौवें दिन की स्थिति भी अन्य दिन की तरह ही देखने में आई। केवल 13 मिनट ही लोकसभा चल पाई। दो बार लोकसभा को चलाने की कोशिश की गई, लेकिन यह कोशिश सफल नहीं हो सकी और संसद को सोमवार दो बजे मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। यूं तो संसद में तमाशा होना आम बात होकर रह गई है, लेकिन यह देखकर बेहद पीड़ा होती है कि जहां लोकसभा के भीतर एक स्वस्थ चर्चा होनी चाहिए थी, उसकी जगह अब शोर-शराबा लेता दिखाई दे रहा है और यह प्रवृत्ति समय के साथ-साथ बढ़ती जा रही है। सबसे अजब बात तो यह है कि अब लोकसभा में शब्दों और पदों की भी कोई मर्यादा नहीं रह गई है और छिन्न-भिन्न होती दिखाई दे रही है। हमारे माननीयों को समझना चाहिए कि राजनीति में विचारधारा में मतभेद एक आम बात है लेकिन यह व्यक्तिगत नहीं होने चाहिएं। विपक्ष अगर यह चाहता है कि चीन को लेकर पूर्व सेनाध्यक्ष एमएम नरवणे की किताब पर चर्चा होनी चाहिए, तो वह कहां गलत है। ठीक हाल ही में अमेरिका से एक डील हुई है, जिसका सरकार भी जोर-शोर से प्रचार कर रही है। उस पर चर्चा क्यों नहीं होनी चाहिए। यह देखना भी दिलचस्प रहा कि जब पीएम मोदी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपना संबोधन देना था, तो वह संसद नहीं आए। विपक्ष जहां यह कह रहा है कि वह डर की वजह से नहीं आए, तो वहीं लोकसभा स्पीकर ओम बिडला अजीब ही तर्क देते दिखाई दिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसलिए नहीं आए क्योंकि उन पर सदन में हमला हो सकता था। विशेषकर उन्होंने महिला सांसदों का जिक्र किया। सोमवार को 11 कांग्रेसी महिला सांसदों ने लोकसभा स्पीकर को इस संबंध में पत्र भी लिखा। जिसमें उन्होंने कहा कि इस तरह के आरोप लगाकर ओम बिडला ने महिलाओं का अपमान किया है। उन्होंने पत्र में कहा है कि उनका विरोध शांतिपूर्ण, दृढ़ और पूरी तरह लोकतांत्रिक मानदंडों के भीतर था। उनकी सत्यनिष्ठा पर सवाल उठाना हर उस महिला पर गंभीर हमला है जो साहस के साथ जीवन में अपनी पहचान बनाती है। उन्होंने लोकसभा स्पीकर से स्वतंत्र रूप से कार्य करने और लोकसभा की गरिमा बहाल करने का आग्रह किया। सूत्र तो यह भी बताते हैं कि विपक्ष बिडला की टिप्पणी से इतना आहत है कि उनके विरुद्ध महाभियोग ला सकता है। नि:संदेह ऐसी स्थिति किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए आदर्श स्थिति नहीं कही जा सकती। सभी को ध्यान रखना चाहिए कि लोकतंत्र में नैतिकता व मर्यादा बेहद महत्वपूर्ण स्थान रखती है।

## शैडो प्रधानमंत्री होता है विपक्ष का नेता



लोकसभा में विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया जा रहा है, जबकि सत्तापक्ष के सदस्य कुछ भी बोलने के लिए स्वतंत्र है चाहे अपमानजनक टिप्पणी ही क्यों न हो, संसद की नियमावली के अनुसार विपक्ष का नेता शैडो प्रधानमंत्री होता है, लेकिन उन्हें इस सत्र में सदन के अंदर कुछ भी बोलने की अनुमति नहीं दी जाती है, सरकार के लोग कुछ भी कह सकते हैं, सत्तापक्ष के लोग अपमान. जनक टिप्पणी कर सकते हैं, किसी पर हमला कर सकते हैं, लेकिन हमारे गठबधन के दलों के नेताओं को भी अपनी बात नहीं रखने दी जाती है, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वयं कांग्रेस की महिला सांसदों के पर गंभीर आरोप लगाया है, इससे साफ पता चलता है कि विपक्ष के लिए सदन में कोई जगह नहीं है, विपक्ष के नेता हो या विपक्ष के किसी अन्य दल के नेता हो, उन्हें नहीं बोलने दिया जाता है।

**-केसी वेणुगोपाल, संगठन महासचिव, कांग्रेस**

# उत्तर प्रदेश के ब्राह्मणों और मुसलमानों को अपने पक्ष में करने की कवायद





**एम हसन**

बहुजन समाज पार्टी द्धबीएसपीऋ ने उत्तर प्रदेश में अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने के लिए पुरजोर प्रयास शुरू कर दिए हैं। पिछले 20 वर्षों में लगातार चुनावी हार झेलने के बाद, पार्टी नेतृत्व इस बात पर दृढ़ हो गया है कि दलित-ब्राह्मण-मुस्लिम-ओबीसी के व्यापक गठबंधन के बिना 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करना मुश्किल होगा। इसलिए, बीएसपी प्रमुख मायावती 2007 के उस फॉर्मूले को दोहराने की कोशिश कर रही हैं, जिसने पहली बार पार्टी को अपने दम पर सत्ता में पहुंचाया था।

इसी को ध्यान में रखते हुए, अगले साल के चुनावी माहौल को देखते हुए, जिला, विधानसभा क्षेत्रों और अन्य पदाधिकारियों सहित लगभग 3000 पार्टी नेता आज लखनऊ में नेतृत्व से निर्देश लेने के लिए एकत्रित हुए। बीएसपी मुख्यालय में दिन भर चली बैठक के दौरान मायावती ने जमीनी स्तर के नेताओं को तुरंत तैयारियां शुरू करने का निर्देश दिया। मतदाता सूचियों में एसआईआर में काफी बदलावों को देखते हुए, पार्टी ने स्थानीय समितियों का पुनर्गठन करने का निर्णय लिया है।

मायावती ने नेटफ्लिक्स फिल्म घुसखोर पंडित के शीर्षक पर अपनी त्वरित और तीखी प्रतिक्रिया में ब्राह्मण कार्ड का भरपूर इस्तेमाल किया। मायावती, जो आमतौर पर ऐसे मुद्दों पर प्रतिक्रिया देने से बचती हैं, ने शीर्षक की निंदा की और निर्देशक एवं निर्माता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। हालांकि उत्तर प्रदेश भाजपा सरकार ने भी निर्देशक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तुरंत कार्रवाई की, लेकिन इस मुद्दे पर मायावती का लहजा बेहद स्पष्ट था। आज के सम्मेलन में मायावती के उत्तराधिकारी आकाश आनंद भी चर्चा का केंद्र थे।

हालांकि, ऐसे समय में जब पार्टी वापसी के लिए अंतिम प्रयास कर रही है, मायावती के इस ब्राह्मण-मुस्लिम कार्ड पर सबकी नजर रहेगी। जहां एक ओर 2007 के ब्राह्मण नेता सतीश चंद्र मिश्रा पार्टी में हैं, वहीं तत्कालीन मुस्लिम नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी पिछले महीने कांग्रेस छोड़ने के बाद किसी और बेहतर अवसर की तलाश में हैं। फिलहाल बसपा के पास उत्तर प्रदेश का कोई ऐसा मुस्लिम चेहरा नहीं है जो उन्हें वापस पार्टी में ला सके। हालांकि उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण समुदाय के भाजपा से असंतुष्ट होने की खबरें आ रही हैं, लेकिन क्या वे सचमुच भगवा ब्रिगेड से अलग हो जाएंगे, यह एक विवादास्पद सवाल है। 2007 में राजनीतिक परिस्थितियां बिलकुल अलग थीं, जब यह लामबंदी कारगर साबित हुई थी।

इसी प्रकार, मुस्लिम समुदाय का सपा से बसपा की ओर जाना तभी संभव होगा जब समुदाय को यह आश्वासन दिया जाए कि ब्राह्मी-दलित समुदाय बसपा के पक्ष में एकजुट हो जाएगा। पिछले 12 वर्षों में समुदाय राजनीतिक रूप से हाशिए पर रहा है और सबसे बढ़कर सम्मान और सुरक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है। समुदाय में यह प्रबल भावना है कि ए मुद्दे अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, जिन पर किसी भी राजनीतिक दल को ध्यान देना चाहिए जो उनका समर्थन चाहता है।

दलित नेता कांशी राम के मार्गदर्शन में मायावती ने राजनीतिक परिदृश्य में उभरकर 2007 में उत्तर प्रदेश की पहली दलित मुख्यमंत्री का पद अपने दम पर हासिल किया था और उनके सहयोगियों ने उन्हें 2009 के लोकसभा चुनाव में एक मजबूत प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवार के रूप में पेश किया था। अब लगभग दो दशक बाद पार्टी की किस्मत में भारी गिरावट आई है। कांशी राम ने सभी समुदायों को मिलाकर एक मजबूत दलित जनाधार बनाया था, लेकिन वर्षों से यह आधार खोता चला गया है। 2007-2012 के बसपा शासनकाल के दौरान यह गिरावट स्पष्ट रूप से देखी गई, जब ष्जाटवष समुदाय पर विशेष राजनी. तिक बल दिया गया, जिससे अन्य समुदाय उनसे अलग हो गए। दलितों का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण वर्ग, पासी, इस मुद्दे पर काफी मुखर हो गया था। बसपा के 2007 के कार्यकाल के बाद पार्टी छोड़ने पर मजबूर हुए प्रतिद्वंद्वियों द्वारा कांशी राम की कमाई, मायावती ने गवई (मायावती ने कांशी राम की कमाई बर्बाद कर दी) का नारा अक्सर दो. हराया जाता था।

2009 के आम चुनाव में पार्टी का राष्ट्रीय वोट शेयर 6।2 प्रतिशत था, जो 2014 में घटकर 4।2 प्रतिशत (कोई सीट नहीं मिली), 2019 में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में उत्तर प्रदेश की दस सीटों पर जीत के साथ 3।7 प्रतिशत और 2024 में 2.04 प्रतिशत रह गया। 2019 को छोड़कर, पिछले तीन लोकसभा चुनावों में बसपा का किसी अन्य पार्टी के साथ कोई गठबंधन नहीं था। वर्तमान में दलित संगठन के लिए कोई स्पष्ट राष्ट्रीय पहचान न होने के कारण, अगर बसपा को अपने गृह राज्य उत्तर प्रदेश में टिके रहना है तो उसे भाजपा के 41.37 प्रतिशत और सपा के 33.59 प्रतिशत वोट शेयर से मुकाबला करना होगा। उत्तर प्रदेश में 2024 के लोकसभा चुनाव में, जब बसपा ने सभी 80 सीटों पर चुनाव लड़ा था, तो उसका वोट शेयर लगभग 9।24 प्रतिशत था। बसपा की किसी भी सीट पर जीत के विपरीत, नवगठित प्रतिद्वंद्वी दलित संगठन आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश से नगीना लोकसभा सीट पर कब्जा कर लिया। चूंकि शेखर बसपा के वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए कुशल प्रयास कर रहे हैं, इसलिए मायावती ने विशेष रूप से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए खंडित दलित वोटों को पुन: प्राप्त करने के लिए एक कार्य योजना तैयार की है।

> मुस्लिम समुदाय का सपा से बसपा की ओर जाना तभी संभव होगा जब समुदाय को यह आश्वासन दिया जाए कि ब्राह्मण-दलित समुदाय बसपा के पक्ष में एकजुट हो जाएगा। पिछले 12 वर्षों में यह समुदाय राजनीतिक रूप से हाशिए पर रहा है और सबसे बढ़कर इसने ष्सम्मान और सुरक्षाष के लिए संघर्ष किया है।

अब बसपा के लिए 2027 के चुनाव करो या मरो की लड़ाई हैं और जमीनी स्तर के नेताओं से आज जीत के लिए काम करने को कहा गया। चूंकि उत्तर प्रदेश में सत्ता हासिल करने के लिए कम से कम तीन या उससे अधिक प्रभावशाली जातियों का गठबंधन जरूरी है, इसलिए बसपा अब दलित-पिछड़ा और मुस्लिम समुदायों के गठबंधन के लिए बेताब है। हालांकि, बसपा अब सभी दलित समुदायों की एकीकृत आवाज नहीं रह गई है और उसे अन्य समुदायों के साथ काम करने से पहले उन्हें एक मंच पर लाना होगा। उत्तर प्रदेश में सत्ता में आने के लिए कम से कम 30 प्रतिशत से अधिक वोट शेयर जरूरी है, बसपा के लिए इस आंकड़े तक पहुंचना 12 प्रतिशत (2022 के नतीजों में) से काफी मुश्किल लग रहा है। भगवा ब्रिगेड को टक्कर देने के इस बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए उसे मजबूत स्थिति में मौजूद सपा को दूसरे पायदान से हटाना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# और अधिक गर्म होती धरती, लंबे होते पक्षियों के पैर

**इसे जानने के लिए डीकिन विवि. की वैकासिक पारिस्थितिकीविद एलेक्जेंड्रा मैकक्वीन ने प्राकृतिक आवासों में पक्षियों की ऊष्मीय तस्वीरें लीं। ऊष्मा (अवरक्त) कैमरे की मदद से उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई वुड डक, बनफ्शी कीचमुर्गी और बेमिसाल परी-पिद्दी सहित कई पक्षी प्रजातियों की तस्वीरें लीं। तुलना के लिए उन्होंने हवा की गति, तापमान, आद्रता और सौर विकिरण भी मापा ताकि पक्षियों के शरीर की बाहरी सतह के तापमान की गणना कर सकें।**



पक्षियों के रोएंदार पंख उनके शरीर की ऊष्मा बिखरने नहीं देते और उन्हें गर्म बनाए रखते हैं। दूसरी ओर, चोंच उन्हें ठंडा रखती है, जब शरीर बहुत अधिक गर्म हो जाता है तो चोंच से ही ऊष्मा बाहर निकालती है, लेकिन जब ज्यादा संवेदी ताप नियंत्रक की जरूरत होती है, तो वे अपनी टांगों से काम लेते हैं। ऑस्ट्रेलिया में चौदह पक्षी प्रजातियों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि पक्षी अपने पैरों में रक्त प्रवाह को कम-ज्यादा करके शरीर की गर्मी को कम-ज्यादा बिखेर सकते हैं। पक्षियों के शीतलक यानी उनकी चोंच और पैर में बेशुमार रक्तवाहिकाएं होती हैं और ए कुचालक पंखों से ढंकी नहीं होती हैं। इससे उन्हें गर्मी बढ़ने पर शरीर का तापमान कम करने में मदद मिलती है। इसलिए तोतों और उष्णकटिबंधीय जलवायु में रहने वाले अन्य पक्षियों की चोंच बड़ी और टांगें लंबी होती हैं, लेकिन पक्षियों में ताप नियंत्रण से जुड़ी अधिकतर जानकारी प्रयोगशाला अध्ययनों पर आधारित थीं। सवाल था कि क्या प्राकृतिक परिस्थिति में यही बात लागू होती है? इसे जानने के लिए डीकिन विश्वविद्यालय की वैकासिक पारिस्थितिकीविद एलेक्जेंड्रा मैकक्वीन ने प्राकृतिक आवासों में पक्षियों की ऊष्मीय तस्वीरें लीं। ऊष्मा (अवरक्त) कैमरे की मदद से उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई वुड डक, बनफ्शी कीचमुर्गी Porphyrio porphyrio और बेमिसाल परी-पिद्दी Malurus cyaneus सहित कई पक्षी प्रजातियों की तस्वीरें लीं। तुलना के लिए उन्होंने हवा की गति, तापमान, आर्द्रता और सौर विकिरण भी मापा ताकि पक्षियों के शरीर की बाहरी सतह के तापमान की गणना कर सकें। गर्मियों में, जब बाहर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक होता है तो पक्षी शरीर की अतिरिक्त गर्मी को निकालने के लिए अपनी चोंच और टांगों दोनों का उपयोग करते हैं। सर्दियों में, जब बाहर का तापमान कम होता है, कभी-कभी 2.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, तो पक्षियों की चोंच तो गर्मी छोड़ती रहती है, लेकिन उनकी टांगें ऊष्मा बिखेरना बंद कर देती हैं। उनके पैर ठंडे थे यानी उन्होंने पैरों में रक्त प्रवाह रोक (या बहुत कम कर) दिया था ताकि ऊष्मा का ह्रास कम रहे। बायोलॉजी लैटर्स में प्रकाशित यह निष्कर्ष ठीक ही लगते हैं, क्योंकि पक्षियों का अपनी चोंच की रक्त वाहिकाओं पर नियंत्रण कम होता है, क्योंकि चोंच उनके मस्तिष्क के करीब होती है जहां निरंतर रक्त प्रवाह जरूरी है। बहरहाल इस अध्ययन से यह समझने में मदद मिलती है कि ठंडी जलवायु में रहने वाले पक्षियों की चोंच छोटी क्यों होती है। साथ ही अनुमान है कि जैसे-जैसे वैश्विक तापमान बढ़ता जाएगा और पृथ्वी गर्म होती जाएगी तो संभव है कि वर्ष में बहुत अलग-अलग तापमान झेल रही पक्षी प्रजातियों की टांगें लंबी होती जाएंगी, जिनके रक्त प्रवाह और ऊष्मा के संतुलन पर पक्षी का अधिक नियंत्रण होता है। फिलहाल उम्मीद है कि इस तरह के और भी अध्ययनों से यह बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी कि दुनिया भर के पक्षी जलवायु परिवर्तन से कैसे निपटेंगे।

# शहरी विकास : पुरातन और आधुनिकता में संघर्ष



**विनीत नारायण**



काशी के मणिकर्णिका घाट को लेकर उपजे विवाद ने एक बार फिर इस प्रश्न को देश के सामने खड़ा कर दिया है कि हमारी प्राचीन धरोहरों को हानि पहुंचाए बिना शहरों का आधुनिकरण कैसे किया जाए? यह प्रश्न भारत के धार्मिक नगरों में चल रहे शहरी विकास कार्यों के संदर्भ में और भी ज्वलंत हो गया है।

धर्मनगरियों व ऐतिहासिक भवनों का जीर्णोद्धार या सौन्दईकरण एक बहुत ही जटिल प्रक्रिया है। जटिल इसलिए कि चुनौतियां अनंत है। लोगों की धार्मिक भावनाएं, पुरोहित समाज के पैतृक अधिकार, वहां आने वाले आम आदमी से अति धनी लोगों तक की अपेक्षाओं को पूरा करना, सीमित स्थान और संसाधनों के बीच व्यापक व्यवस्थाएं करना, इन नगरों की कानून व्यवस्था और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को सुनिश्चति करना। इस सबके लिए जिस अनुभव, कलात्मक अभिरूचि व आध्यात्मिक चेतना की आवश्यक्ता होती है, प्राय: उसका प्रशासनिक व्यवस्था में अभाव होता है। सड़क, खड़जे, नालियां, फ्लाई ओवर जैसी आधारभूत संरचनाओं के निर्माण का अनुभव रखने वाला प्रशासन तंत्र इन नगरों के जीर्णोद्धार और सौन्दईकरण में वो बात नहीं ला सकता, जो इन्हें विश्वस्तरीय तीर्थस्थल बना दे। कारण यह है कि सड़क, खड़जे की मानसिकता से टैंडर निकालने वाले, डीपीआर बनाने वाले और ठेके देने वाले, इस दायरे के बाहर सोच ही नहीं पाते। अगर सोच पाते होते तो आज तक इन शहरों में कुछ कर दिखाते। पिछले इतने दशकों में इन धर्मनगरियों में विकास प्राधिकरणों ने क्या एक भी इमारत ऐसी बनाई है, जिसे देखा-दिखाया जा सके? क्या इन प्राधिकरणों ने शहरों की वास्तुकला को आगे बढ़ाया है या इन पुरातन शहरों में दियासलाई के डिब्बों जैसे भवन खड़े कर दिए हैं। नतीजतन ये सांस्कृतिक स्थल अपनी पहचान तेजी से खोते जा रहे हैं।

माना कि विकास की प्रक्रिया को रोका नहीं जा सकता। बढ़ती आबादी की मांग को भी पूरा करना होता है। मकान, दुकान, बाजार भी बनाने होते हैं, पर पुरातन नगरों की आत्मा को मारकर नहीं। अंदर से भवन कितना ही आधुनिक क्यों न हो, बाहर से उसका स्वरूप, उस शहर की वास्तुकला की पहचान को प्रदर्शित करने वाला होना चाहिए। भूटान एक ऐसा देश है, जहां एक भी भवन भूटान की बौद्ध संस्कृति के विप. रीत नहीं बनाया जा सकता। चाहे होटल, दफ्तर या दुकान कुछ भी हो। सबके खिड़की, दरवाजे और छज्जे बुद्ध विहारों के सांस्कृतिक स्वरूप को दर्शाते हैं। इससे न सिर्फ कलात्मकता बनीं रहती है, बल्कि ए और भी ज्यादा आकर्षक लगते हैं। दुनिया के तमाम पर्यटन वाले नगर, इस बात का विशेष ध्यान रखते हैं। जबकि भारत में आज भी पुराने ढर्रे से सोचा और किया जा रहा है। फिर कैसे सुधरेगा इन पुरातन नगरों का स्वरूप? विकास की प्रक्रिया में जहां एक तरफ रचनात्मक सोच और कलात्मक दृष्टि का अभाव स्पष्ट दिखाई देता है वहीं भ्रष्टाचार भी अन्य क्षेत्रों की तरह स्थिति को बिगाड़ने में बड़ी भूमिका निभाता है। शहरी विकास की प्रक्रिया में दो तरह का भ्रष्टाचार होता है, 'करप्शन ऑफ डिजाईन' व 'करप्शन ऑफ इम्पलीमेंटेशन'। यानि नक्शे बनाने में भ्रष्टाचार और निर्माण करने में भ्रष्टाचार। निर्माण का भ्रष्टाचार तो भारतव्यापी है। बिना कमीशन लिए कोई सरकारी आदमी कागज बढ़ाना नहीं चाहता। पर डिजाईन का भ्रष्टाचार तो और भी गंभीर है। यानि तीर्थस्थलों के विकास की योजनाऐं बनाने में ही अगर सही समझ और अनुभवी लोगों की मदद नहीं ली जाएगी और उद्देश्य अवैध धन कमाना होगा, तो योजनाऐं ही नाहक महत्वाकांक्षी बनाई जाएंगी। गलत लोगों से नक्शे बनावाए जाएंगे और सत्ता के मद में डंडे के जोर पर योजनाऐं लागू करवाई जाएंगी। नतीजतन धर्मक्षेत्रों का विनाश होगा, विकास नहीं। पिछले तीन दशकों में, इस तरह कितना व्यापक विनाश धर्मक्षेत्रों का किया गया है कि उसके दर्जनों उदाहरण दिए जा सकते हैं। फिर भी अनुभव से कुछ सीखा नहीं जा रहा। सारे निर्णय पुराने ढर्रे पर ही लिए जा रहे हैं, तो कैसे सजेंगी हमारी धर्मनगरियां? पिछले 24 वर्षों से मैं ब्रज में धरोहरों के जीर्णोद्धार और संरक्षण में जुटा हूं और इसी चिंता में घुलता जा रहा हूं। शोर मचाओ तो लोगों को बुरा लगता है और चुप होकर बैठो तो दम घुटता है कि अपनी आंखों के सामने, अपनी धार्मिक विरासत का विनाश कैसे हो जाने दें? जब से केंद्र में भाजपा की सरकार आई है, तब से धर्मक्षेत्रों का विकास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भी उद्देश्य रहा है, इसलिए संघ नेतृत्व को चाहिए कि धर्मक्षेत्रों के विकास पर स्पष्ट नीति निधार्रित करने के लिए अनुभवी और चुने हुए लोगों की राष्ट्रीय और क्षेत्रीय गोष्ठी बुलाए और उनकी राय लेकर नीति निर्धारण में सकारात्मक योगदान करे। पर इस विषय को राजनीति से अलग रखा जाए। क्योंकि धरोहर किसी एक दल के सत्ता में रहने या न रहने से अपना स्वरूप नहीं बदलती। उनका अस्तित्व सदियों से है और सदियों तक रहेगा। इसलिए धरोहरों के संरक्षण में जुटे लोगों और विशेषज्ञों के प्रति राग द्वेष की भावना से अलग हटकर केवल धरोहरों के हित में ही निर्णय लिए जाएं। नीतियों में क्रांतिकारी परिवर्तन किए बिना, वांछित सुधार आना असंभव है। फिर तो वही होगा कि 'चौबे जी गए छब्बे बनने और दूबे बनके लौटे'। पर इसमें भी एक खतरा है। क्योंकि जब कभी सरकारी स्तर पर ऐसा विचार-विमर्श करना होना होता है, तो निहित स्वार्थ सार्थक विचारों को दबवाने के लिए या उनका विरोध करवाने के लिए, सत्ता के दलालनुमा लोगों को विशेषज्ञ या समाजसेवी बताकर इन बैठकों में बुला लेते हैं और सही बात को आगे नहीं बढ़ने देते।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एपस्टीन फाइल्स: 10 देशों में इस्तीफे, 80 ताकतवर लोगों की जांच

## अमेरिका से यूरोप तक असर, राजनेताओं-अरबपतियों और शाही परिवारों तक फैली जांच

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े सीक्रेट दस्तावेज सामने आते ही दुनिया भर में हड़कंप मच गया है। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने करीब 30 लाख पेज के डॉक्यूमेंट्स 30 जनवरी को जारी किए हैं। इसके बाद 10 देशों में 15 से ज्यादा बड़े अधिकारियों को पद छोड़ना पड़ा है। 80 से ज्यादा ताकतवर लोगों पर जांच चल रही है।

इन फाइलों में नेता, राजदूत, अरबपति और शाही परिवारों के नाम शामिल हैं। ईमेल, फ्लाइट लॉग और संपर्क रिकॉर्ड में 700 से 1000 असरदार लोगों का जिक्र है। कई मामलों में नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के आरोप भी हैं। दस्तावेजों में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और हिलेरी क्लिंटन जैसे हाई-प्रोफाइल नाम अलग-अलग संदर्भों में सामने आए हैं। एपस्टीन खुलासे के बाद सबसे ज्यादा हड़कंप यूरोप में है। करीब 10 देशों में इस्तीफों का दौर शुरू हो गया है। सबसे ज्यादा ब्रिटेन में 3 अधिकारियों को पद छोड़ना पड़ा। पूर्व राजदूत पीटर मैंडेलसन, सलाहकार एडम पेरी और पीएम कीर स्टार्मर के चीफ ऑफ स्टाफ मॉर्गन मैकस्वीनी ने इस्तीफा दिया। स्लोवाकिया में पूर्व विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मीरोस्लाव लाइचाक ने 300 से अधिक ईमेल और आपत्तिजनक चौट सामने आने पर इस्तीफा दिया। स्वीडन की सीनियर डिप्लोमेट जोआना रुबिनस्टीन ने पद छोड़ा। नॉर्वे की राजदूत मोना जूल, अमेरिका में लेबर मिनिस्टर एलेक्स एकोस्टा और एमआईटी लैब प्रमुख जोइची इतो ने इस्तीफा दिया। एपस्टीन फाइल्स कई देशों की सरकारों के लिए कूटनीतिक और राजनीतिक शर्मिंदगी का कारण बन गईं। ब्रिटिश पीएम स्टार्मर को माफी मांगनी पड़ी, जबकि प्रिंस एंड्रयू के खिलाफ ब्रिटिश पुलिस ने नई फाइलों के आधार पर 'फ्रेश रिव्यू' शुरू किया। नॉर्वे में राजदूत मोना जुएल को निलंबित किया गया और पूर्व पीएम थोरबजॉर्न जगलैंड के खिलाफ भ्रष्टाचार जांच शुरू हुई। सीनियर डिप्लोमेट तेर्झे रोड-लार्सन पर भी जांच चल रही है। फ्रांस में पूर्व मंत्री जैक लैंग को आधिकारिक समन जारी हुआ। पोलैंड, लातविया और तुर्की ने मानव तस्करी के साथ आधिकारिक साठगांठ की जांच के लिए स्पेशल टीमें बनाईं। जस्टिस डिपार्टमेंट की तरफ से जारी तस्वीर में प्रिंस एंड्रयू एक महिला के ऊपर घुटनों के बल झुके हुए दिखते हैं। कुछ बड़े नाम सामने आने के बाद उन्हें और उनके परिवारों को सार्वजनिक रूप से माफी या अफसोस जताना पड़ा। नॉर्वे की क्राउन प्रिंसेस मेटे-मारिट के ईमेल और संवाद सामने आने पर राजशाही स्तर की संस्थागत समीक्षा हुई और उन्होंने सार्वजनिक माफी मांगी। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने एपस्टीन से मुलाकातों और संवाद पर अफसोस जताया तथा फाउंडेशन के बोर्ड से इस्तीफा दिया। इजरायल के पूर्व पीएम एहुद बराक का नाम न्यूयॉर्क में एपस्टीन के अपार्टमेंट में ठहरने और बैठकों के रिकॉर्ड में आया, जिसके बाद उन्हें सफाई देनी पड़ी।



■ एपस्टीन खुलासे के बाद सबसे ज्यादा हड़कंप यूरोप में है, करीब 10 देशों में इस्तीफों का दौर शुरू हो गया है

### एपस्टीन फाइल्स में जुकरबर्ग-मस्क की तस्वीर

**लंदन।** एपस्टीन फाइल्स में टेस्ला के मालिक इलॉन मस्क और मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग की तस्वीर सामने आई है। इस तस्वीर में सिलिकॉन वैली के बड़े टेक दिग्गज साथ में डिनर करते नजर आ रहे हैं। इसमें पेपाल के को-फाउंडर पीटर थील और एमआईटी मीडिया लैब के पूर्व डायरेक्टर जोई इतो भी दिख रहे हैं। यह फोटो साल 2015 की बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह वही डिनर पार्टी है, जिसे यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन ने 'वाइल्ड डिनर' कहा था। एपस्टीन ने यह तस्वीर अगस्त 2015 में खुद को ईमेल की थी और इसे फ्रेम कराकर अपने न्यूयॉर्क स्थित अपार्टमेंट में लगा रखा था। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने 30 जनवरी को एपस्टीन फाइल्स के 30 लाख दस्तावेज सार्वजनिक किए थे, जिसके बाद से इस मामले में लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। जस्टिस डिपार्टमेंट की फाइलों के मुताबिक, 2 अगस्त 2015 को एपस्टीन ने अपने दोस्त पीटर एटिया को ईमेल भेजकर लिखा था कि उस रात एलन मस्क, पीटर थील और मार्क जुकरबर्ग के साथ डिनर है।

### पुतिन से नजदीकी बढ़ाना चाहता था यौन अपराधी एपस्टीन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका जस्टिस डिपार्टमेंट (डीओजे) के नए दस्तावेजों से खुलासा हुआ है कि यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीब जाने की कोशिश कर रहा था। एपस्टीन ने कई मौकों पर पुतिन और उनके करीबी अधिकारियों तक पहुंच बनाने के प्रयास किए। एपस्टीन 2018 में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के जरिए पुतिन तक अपनी बात पहुंचाना चाहता था। उसने इसके लिए नॉर्वे के पूर्व पीएम थॉर्बजॉर्न यागलैंड से संपर्क किया था। जून 2018 के एक ईमेल में एपस्टीन ने नॉर्वे के पूर्व पीएम थोर्ब्योर्न यागलैंड से कहा था कि वह पुतिन को यह सुझाव दें कि रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव उससे बातचीत करें। दस्तावेजों के मुताबिक, एपस्टीन खुद को एक ऐसे प्रभावशाली व्यक्ति के तौर पर पेश कर रहा था, जो अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और निवेश जैसे मुद्दों पर रूस की मदद कर सकता है।

### एपस्टीन से संपर्क के खुलासा: जॉर्डन में नॉर्वे की राजदूत ने दिया इस्तीफा

**ओस्लो।** नॉर्वे की जॉर्डन में राजदूत तथा इराक के लिए भी मान्यता प्राप्त मोना जूल ने अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के साथ संपर्कों से जुड़े खुलासों के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। नॉर्वे के विदेश मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ आइडे ने जूल के इस्तीफे को 'सही और आवश्यक' बताते हुए कहा कि दोषसिद्ध यौन अपराधी के साथ उनका संपर्क 'गंभीर निर्णयात्मक चूक' को दर्शाता है और इससे इस पद के लिए आवश्यक भरोसे के स्तर को बहाल करना कठिन हो गया था। मंत्रालय के अनुसार, जूल को पिछले सप्ताह उनके कार्य दायित्वों से मुक्त कर दिया गया था, जबकि मंत्रालय उनके एप्स्टीन से संबंधों और संपर्कों की समीक्षा कर रहा था। मंत्रालय ने कहा कि जूल के इस्तीफे के बाद भी आंतरिक जांच जारी रहेगी, जिसमें सेवा के दौरान और सेवा से बाहर राज्य कर्मचारियों एवं अधिकारियों पर लागू नियमों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### थाईलैंड: अनुतिन चर्नविराकुल ने किया चुनाव जीतने का ऐलान

**बैंकॉक।** थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री और भुमजैथाई पार्टी के नेता अनुतिन चर्नविराकुल ने कहा है कि उनकी पार्टी ने थाईलैंड के संसदीय चुनाव जीत लिये हैं। चर्नविराकुल ने रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुए कहा कि यह पूरे देश की जीत है। चुनाव आयोग द्वारा 87 प्रतिशत बैलेट गिने जाने तक भुमजैथाई पार्टी ने बहुमत हासिल कर ली। पीपल्स पार्टी दूसरे स्थान पर रही जबकि फ्यू थाई पार्टी तीसरे स्थान पर रही।

### उत्तरी नाइजीरिया में सड़क दुर्घटना में 30 लोगों की मौत

**अबूजा।** उत्तरी नाइजीरिया में बड़े पैमाने पर हुए सड़क हादसे में कम से कम 30 लोगों की मौ हो गई। यह जानकारी डेली पोस्ट अखबार ने रविवार को स्थानीय अधिकारियों के हवाले से दी। रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना देश के दूसरे सबसे बड़े राज्य कानो में घटी। कई लोग घायल हो गए। अखबार ने दुर्घटना का कारण लापरवाही से वाहन चलाना बताया है। खबरों के अनुसार, राज्य के राज्यपाल अल्हाजी यूसुफ ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

### तुर्की में एक टन से ज्यादा नशीले पदार्थ जब्त, 144 तस्कर गिरफ्तार

**इस्तांबुल।** तुर्की के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने सोमवार को घोषणा की कि तुर्की पुलिस ने पिछले 10 दिनों में देश भर में चलाये गये अभियानों में 1.24 टन नशीले पदार्थ जब्त किए हैं और नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले 144 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। येरलिकाया ने एक्स पर एक बयान में कहा कि इन छापों के दौरान पुलिस ने 18.3 लाख नशे की गोलियां भी जब्त कीं।

# ट्रेड डील में भारत को मिली बड़ी राहत

## भारत को 25 प्रतिशत पेनल्टी टैरिफ वापस करेगा अमेरिका

**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील में भारत को एक बड़ी राहत मिली है। अमेरिकी प्रशासन ने न सिर्फ टैरिफ दर को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया है, बल्कि रूस से तेल इम्पोर्ट के कारण पेनल्टी के रूप में लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ को वापस करने का भी फैसला लिया है।

इस फैसले से भारतीय कारोबारियों को 40 हजार करोड़ की राहत मिलने की उम्मीद है। व्हाइट हाउस से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार 27 अगस्त 2025 से लेकर 6 फरवरी 2026 के बीच अमेरिका द्वारा किए गए जिन इम्पोर्ट पर यह पेनल्टी लगी थी, उनका रिफंड दिया जाएगा। यह रिफंड अमेरिका के कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन कानून के तहत जारी किया जाएगा। भारतीय निर्यातकों को कितना रिफंड मिलेगा, ये अभी तय नहीं है। क्योंकि रिफंड की राशि अमेरिकी इम्पोर्टर को दी जाएगी, फिर वे भारतीय एक्सपोर्टर के साथ बातचीत करके इस राशि का बंटवारा करेंगे। भारत से अमेरिकी निर्यात का 60 प्रतिशत हिस्सा टैरिफ दायरे में। इस हिसाब से देखें तो अब तक अमेरिका ने भारत से आयात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाकर करीब 4 अरब डॉलर (40 हजार करोड़ रुपए) अतिरिक्त वसूले हैं। यही राशि रिफंड होगी, जिसमें भारतीय कारोबारियों को भी हिस्सा मिलेगा। ट्रेड डील को लेकर अंतरिम समझौते के ढांचे के अनुसार भारत रूस से तेल का आयात दोबारा शुरू न करे, इस पर निगरानी रखने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने तीन मंत्रियों की एक टास्क फोर्स का गठन किया है। इसमें वाणिज्य मंत्री, विदेश मंत्री और वित्त मंत्री शामिल हैं। इस समिति को लगता है कि भारत ने रूस से तेल का इम्पोर्ट दोबारा शुरू कर दिया है, तो वह राष्ट्रपति ट्रम्प को दोबारा 25 प्रतिशत पेनल्टी लगाने और अन्य कार्रवाई करने के लिए सिफारिश कर सकती है। ट्रेड डील को लेकर भारत सरकार ने कहा है कि यह समझौता भारतीय अर्थव्यवस्था को नई गति और नई ऊंचाइयां देने वाला साबित होगा। भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचाने वाला कोई भी उत्पाद ट्रेड डील में शामिल नहीं है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया है कि अमेरिका को किन चीजों पर टैरिफ छूट नहीं दी है और किन चीजों को भारत में एंट्री नहीं दी गई है। बिना छिलके वाले अनाज और आटा, आलू, प्याज, मटर, बीन्स, खीरा, मशरूम, संतरा, अंगूर, नीबू और मिश्रित डिब्बाबंद सब्जियां भारत में प्रवेश नहीं करेंगी। अमेरिका से ट्रेड डील पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि यह लेन-देन का मामला है। अगर मैं कुछ भी नहीं दूंगा, तो अपने किसानों के लिए अमेरिका में बाजार कैसे खोलूंगा? अमेरिकी बाजार खुलने से हमारे किसानों की आय बढ़ेगी। अगर कोई कहता है कि दो पन्नों के संयुक्त बयान में सुरक्षा नहीं है, तो वो गुमराह कर रहा है। अभी कई बातों पर स्पष्टता बाकी है। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने एनडीटीवी से बातचीत में भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील होने की पुष्टि की। उन्होंने कहा: कुछ तकनीकी कागजों पर अगले कुछ दिनों में दस्तखत होंगे, लेकिन डील लगभग तय है। गोर ने कहा: यह टैरिफ समझौता प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच कई सालों से चली आ रही मजबूत दोस्ती का नतीजा है। यह टैरिफ दूसरे देशों की तुलना में बहुत कम है।



■ देश के कारोबारियों को 40 हजार करोड़ की राहत मिलेगी रूसी तेल खरीद पर पेनल्टी लगाई थी


### जापान के सत्तारूढ़ एलडीपी की आम चुनाव में एकतरफा जीत

**टोक्यो।** जापान में रविवार को हुए आम चुनाव में सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) और जापान इनोवेशन पार्टी (जेआईपी) के गठबंधन ने निचले सदन में दो-तिहाई से अधिक बहुमत हासिल कर लिया है। सरकारी प्रसारक एनएचके ने सोमवार तड़के यह जानकारी दी। एनएचके के अनुसार, सत्तारूढ़ गठबंधन ने कुल 352 सीटें जीतीं, जो निचले सदन में पारित लेकिन उच्च सदन (हाउस ऑफ काउंसिलर्स) द्वारा खारिज किसी विधेयक को पुन: पारित कराने के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत से अधिक है। एलडीपी के पास चुनाव से पहले 198 सीटें थीं। पार्टी ने अपने दम पर ही 465 सदस्ईय निचले सदन में दो-तिहाई बहुमत प्राप्त कर लिया और कुल 316 सीटें जीतीं। वहीं, जूनियर सहयोगी जेआईपी के लिए परिणाम अपेक्षाकृत कमजोर रहे। पार्टी ने निचले सदन में अपनी पूर्व 34 सीटों के मुकाबले केवल दो सीटों की बढ़ोतरी की है। एनएचके के मुताबिक, एलडीपी के अकेले बहुमत में होने से गठबंधन में जेआईपी का प्रभाव कम होने की संभावना है।

### ईरान की अमेरिका के साथ बातचीत प्रगति पर: पेजेशकियान

**तेहरान।** ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने रविवार को अपने देश और अमेरिका के बीच हाल ही में हुई परमाणु वार्ता को प्रगति पर कहा। उन्होंने ये टिप्पणियां एक्स पर एक पोस्ट में कीं जिसमें उन्होंने शुक्रवार को ओमान की राजधानी मस्कट में ईरानी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों के बीच हुई अप्रत्यक्ष वार्ता पर प्रकाश डाला।

पेजेशकियान ने कहा कि ये चर्चाएं पश्चिम एशिया क्षेत्र में मित्रवत सरकारों द्वारा किए गए अनुवर्ती प्रयासों के परिणामस्वरूप हुईं, और इस बात पर बल दिया कि ईरान की हमेशा से ही संवाद द्वारा मुद्दों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने की चुनी हुई रणनीति रही है। इसी बीच, तेहरान में एक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची, जिन्होंने शुक्रवार की वार्ता में देश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया, ने कहा कि कोई हमें यह नहीं बता सकता कि हमारे पास क्या होना चाहिए और क्या नहीं होना चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि ईरान का परमाणु हथियार बनाने का कोई इरादा नहीं है, साथ ही उन्होंने किसी भी प्रकार की दादागिरी को दृढ़ता से खारिज कर दिया। अराघची ने कहा कि अगर वे ईरानी लोगों से बल प्रयोग की भाषा में बात करेंगे तो हम भी उन्हें उसी भाषा में जवाब देंगे। हालांकि, अगर वे हमसे सम्मान की भाषा में बात करेंगे तो उन्हें भी उसी भाषा में जवाब दिया जाएगा। शुक्रवार को हुई वार्ता अमेरिका और ईरान के बीच क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के बीच हुई, जिसमें मध्य पूर्व में हाल ही में अमेरिका द्वारा सैन्य जमावड़ा और ईरान द्वारा तैयारियों में तेजी शामिल हैं।



■ अगर वे हमसे सम्मान की भाषा में बात करेंगे, तो उन्हें भी उसी भाषा में जवाब दिया जाएगा



नई दिल्ली। डीटीए तमिल स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी के मिलने के बाद स्कूल के बाहर खड़े छात्र।

### हांगकांग के पूर्व मीडिया दिग्गज जिम्मी लाई को 20 साल की सजा

**बीजिंग।** हांगकांग के पूर्व मीडिया दिग्गज जिम्मी लाई को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून का उल्लंघन करने के आरोप में 20 साल जेल की सजा सुनाई गई है। यह जानकारी स्थानीय प्रसारक आरटीएचके ने सोमवार को दी। दिसम्बर 2025 में, हांगकांग उच्च न्यायालय ने लाई को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के उल्लंघन के तीनों मामलों में दोषी करार दिया था। प्रसारक ने कहा कि लाई को दी गई सजा 2020 के राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के उल्लंघन के लिए अब तक की सबसे कठोर सजा है। लाई को अगस्त 2020 में विदेशी ताकतों के साथ मिलीभगत एवं धोखाधड़ी करने के आरोपों में हिरासत में लिया गया था।

# भारत ने सेशेल्स को दिया 17 करोड़ 50 लाख डॉलर का पैकेज

## दोनों देशों ने राजधानी नई दिल्ली में साझेदारी बढ़ाने के लिए संयुक्त विजन जारी किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत और सेशेल्स ने साझेदारी को अगले चरण तक ले जाने के लिए एक संयुक्त विजन जारी किया जा रहा है और भारत ने सेशेल्स की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उसके लिए 17 करोड़ 50 लाख डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की है।

मोदी ने भारत की यात्रा पर आए सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के साथ व्यापक वार्ता के बाद सोमवार को यहां संयुक्त वक्तव्य में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि विकास साझेदारी भारत-सेशेल्स संबंधों की मजबूत नींव रही है। हमारे सभी प्रयास सेशेल्स की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं पर आधारित रहे हैं। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए आज हम 17 करोड़ 50 लाख डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पैकेज आवास, ई मोबिलिटी, व्यावसायिक प्रशिक्षण, स्वास्थ्य, रक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में ठोस परियोजनाओं मैं सहयोग करेगा। मोदी ने कहा कि भारत और सेशेल्स की साझेदारी एक नए चरण में प्रवेश कर रही है। सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए आज हम 'भारत-सेशेल्स संयुक्त विजन' जारी करने जा रहे हैं जो आने वाले वर्षों में परस्पर सहयोग का रोड़मैप बनेगा। उन्होंने कहा कि भारत और सेशेल्स के संबंध केवल राजनयिक संपर्क तक सीमित नहीं है। हिंद महासागर की लहरें सदियों से हमारे लोगों को जोड़ती आई हैं। इसके तटों पर दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ा, संस्कृतियां मिलीं और विश्वास की परंपराएं मजबूत होती गईं। उन्होंने कहा कि भारत और सेशेल्स न केवल भूगोल से, बल्कि इतिहास, विश्वास और भविष्य के लिए एक साझा दृष्टिकोण से भी जुड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा नाता कल, आज, और आने वाले कल का है। एक समुद्री पड़ोसी और विश्वसनीय साझेदार के रूप में सेशेल्स भारत के महासागर विजन का अभिन्न अंग है। हमारा सहयोग जल, थल और नभ को समाहित करता है। आज की चर्चाओं में हमने इस साझेदारी को और अधिक सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। अपने आर्थिक सहयोग को और सुदृढ़ बनाने के लिए नए अवसरों की तलाश जारी रखने पर हम सहमत हैं। स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने के साथ साथ हम फिन टैक और डिजिटल समाधान के क्षेत्र में भी आगे बढ़ेंगे।




■ हमारे सभी प्रयास सेशेल्स की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं पर आधारित रहे हैं: सरकार

# यूरेनियम इनरिचमेंट बंद नहीं करेंगे: ईरान

## कहा: डराकर हमसे कुछ नहीं करवाया जा सकता है, अमेरिका की नीयत पर भरोसा नहीं

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका के दबाव को सख्ती से खारिज करते हुए कहा है कि वो अपना यूरेनियम संवर्धन (यूरेनियम इनरिचमेंट) प्रोग्राम किसी भी हाल में नहीं छोड़ेगा, चाहे उसे सैन्य धमकियां मिलें या नए प्रतिबंध लगाए जाएं।

तेहरान में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान को डराकर उसकी परमाणु नीति नहीं बदली जा सकती और अमेरिका की मंशा पर हमें भरोसा नहीं है। यह बयान ऐसे समय आया है जब कई सालों बाद ईरान और अमेरिका के बीच ओमान में बातचीत फिर से शुरू हुई है। ईरान चाहता है कि उस पर लगे कड़े आर्थिक प्रतिबंध हटें, जबकि अमेरिका ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर रोक चाहता है। अराघची ने साफ कहा कि यूरेनियम संवर्धन ईरान के लिए किसी भी हालत में समझौते का मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी देश को यह अधिकार नहीं है कि वह ईरान को बताए कि उसे क्या करना चाहिए, भले ही युद्ध की धमकी क्यों न दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य तैनाती, जैसे कि यूएसएस अब्राहम लिंकन एयरक्राफ्ट कैरियर की मौजूदगी, ईरान को डराने में नाकाम रहेगी। ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका पर भरोसा करना मुश्किल है और यह साफ नहीं है कि वाशिंगटन सच में डिप्लोमेटिक हल चाहता भी है या नहीं। उन्होंने दोहराया कि ईरान ऐसा कोई समझौता नहीं करेगा जो उसकी आजादी और सम्मान के खिलाफ हो। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर प्रतिबंधों में राहत मिलती है तो ईरान भरोसा बढ़ाने वाले कुछ कदमों पर विचार कर सकता है, लेकिन यह सब आपसी सम्मान पर निर्भर करेगा। पश्चिमी देश और इजराइल लंबे समय से आरोप लगाते रहे हैं कि ईरान परमाणु हथियार बनाना चाहता है, लेकिन ईरान इस बात से इनकार करता है। अराघची ने कहा कि ईरान किसी परमाणु बम की तलाश में नहीं है और उसकी असली ताकत बड़ी शक्तियों को 'न' कहने की क्षमता है। इस बीच अमेरिका, ईरान के आसपास लगातार अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन कर रहा है। ईरान के साथ अमेरिकी वार्ताकार स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सलाहकार जारेड कुशनर ने कुछ समय पहले यूएसएस अब्राहम लिंकन एयरक्राफ्ट कैरियर का दौरा किया था। अमेरिकी सेना ने कहा कि यह तैनाती सुरक्षा के लिए है और ट्रम्प की 'शांति के लिए ताकत' की नीति का हिस्सा है। ईरान और अमेरिका के बीच ओमान में न्यूक्लियर मुद्दे पर 6 फरवरी को बातचीत हुई थी। ट्रम्प ने इसे 'बहुत अच्छा' बताया था, जबकि ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियन ने इसे शांति के लिए 'एक कदम आगे' कहा था।



■ ईरान चाहता है कि उस पर लगे कड़े आर्थिक प्रतिबंध हटें जबकि अमेरिका ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर रोक चाहता है

